बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 9 मई 2024
वर्ष-2, अंक-258, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार



राफा पर कब्जे के बाद में बमबारी, 20 की मौत 18
दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज 2

## एक नजर

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पित माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी नंदे मरकाम केएएमएस सदस्यकेशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्यकुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं।

### गुजरात में भूकंप के झटके, 3.7 रही तीव्रता

**अहमदाबाद।** गुजरात में गिर सोमनाथ जिले के तलाला में बुधवार दोपहर 3 .7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने बताया कि उसके शीघ्र बाद 3 .4 तीव्रता का भी भूकंप आया। आईएसआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 3 :14 बजे 3 .7 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में तलाला से करीब 13 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। 3 :18 बजे फिर 3 .4 तीव्रता का झटका लगा जिसका केंद्र तलाला से करीब 12 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। जिला प्रशासन ने बताया कि भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं। आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा। इसकी अनुशंसाएं एक अप्रैल, 2026 से शुरू होकर अगले पांच साल के लिए लागू होंगी।

# एआई एक्सप्रेस की 90 उड़ानें रद

## 200 से अधिक चालक बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर चले गए

नई दिल्ली/कोच्चि, एजेंसी



- देश के अनेक हवाई अड्डों पर फंसे रहे सैकड़ों यात्री
- कंपनी ने कहा-अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण 200 से अधिक नाराज चालक बीमार होने की सूचना देकर अचानक छुट्टी पर चले गए।

इस कारण एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस को मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद करनी पड़ी हैं। उड़ाने रद होने से देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे गए। केरल के कुछ हवाई अड्डों पर यात्रियों ने उड़ान रद होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे।

कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। कंपनी ने उड़ानें रद होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। उधर, चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी

### सरकार ने कहा-तुरंत निकालें समाधान

उड़ानें रद होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद होने पर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण चालक दल के सदस्य बड़ी संख्या में एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं।

## उत्तराखंड में जंगल की आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# इंद्रदेव के भरोसे न रहें, त्वरित समाधान करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार ने बताया : वन्यजीव क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत हिस्से में आग
- पिछले साल नवंबर से अब तक राज्य में 398 घटनाएं, सभी मानव निर्मित
- मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज 62 लोगों को किया गया चिन्हित

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में जंगल की आग को लेकर राज्य सरकार से कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या इंद्र देवता पर निर्भर रहना इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इसके लिए शीघ्र निवारक उपाय करने होंगे। पीठ राज्य में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया और कहा कि आग की घटना से राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और वे सभी मानव निर्मित हैं। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सरकार की ओर से उठाए कदमों से अवगत कराने के अलावा पीठ को बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को चिन्हित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

## कांग्रेस नेता के बोल-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं और दक्षिण के अफ्रीकी

# सैम पित्रोदा की टिप्पणियों से देश में फिर खड़ा हुआ विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने टिप्पणियों को गलत बताते हुए खुद को किया अलग



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में कहा कि हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसे भाजपा ने चुनावी मुद्दा बना लिया। पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुनः वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था।

### पित्रोदा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेश के लोगों से करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### पित्रोदा की टिप्पणी अस्वीकार्य : कांग्रेस

पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### कांग्रेस देश को बांटना चाहती है : भाजपा

भाजपा ने पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, विपक्षी पार्टी का मुखौटा उतरता जा रहा है। पार्टी ने दावा किया कि पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों ने देश को नस्ल, धर्म और जाति के आधार पर बांटने की कांग्रेस की कोशिश को उजागर किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-आज मैं गुस्से में हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को विपक्षी दल पर निशाना साधा। तेलंगाना में प्रचार करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आज गुस्से में हूं। अगर कोई मुझे गाली देता है तो मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मुझे गुस्सा आ गया है। मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी?

# ईवीएम का बटन ऐसे दबाना कि इटली में लगे झटका : शाह

## खीरी में बोले- गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर पर लग जाएगा `बाबरी ताला`

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ तिर्वा/ लखीमपुर खीरी



- जनसभा में कहा, हिंदुस्तान से पाकिस्तान का काम करते हैं राहुल बाबा

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में आयोजित जनसभा में इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों को लेकर शाह ने कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता।

उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईवीएम का इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे। कहा कि अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली। राहुल अब रायबरेली से भी हारने वाले हैं, हारने के बाद इटली जाएं तो कांग्रेस का भला हो जाए। यह भी कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। यदि एक भी सीट यहां से इंडी गठबंधन जीती तो पटाखे पाकिस्तान में जलेंगे। भाषण के दौरान उन्होंने राम मंदिर मोदी सरकार में बनाए जाने तथा कांग्रेस, सपा व बसपा द्वारा अटकाए जाने की बात कहकर भीड़ से समर्थन भी लिया। तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

वहीं लखीमपुर खीरी में गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए उन्हें हिंदू विरोधी बताया। कहा कि इनके पास न नेता है, न कोई नीति है और न ही नीयत है। आप यदि भटके और लोकसभा चुनाव के बाद अगर धोखे से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। गृह मंत्री ने बुधवार को खीरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 190 सीट लेकर सबसे आगे चल रही है। शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है। उन राज्यों में अगर भाजपा सत्ता में आई तो मुसलमानों से आरक्षण को छीनकर दोबारा पिछड़ा वर्ग समाज को दिया जाएगा। शाह ने कहा कि श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल यादव, राहुल गांधी, प्रियंका को आमंत्रित किया गया था, लेकिन मुस्लिम वोट बैंक के कारण नहीं गए।

# ईवीएम में छेड़छाड़ को रुपये मांगे, सेना का जवान गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- शिवसेना (यूबीटी) नेता से मांगे थे ढाई करोड़ रुपये

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे। आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ।

# अल्पमत में हरियाणा सरकार, बहुमत साबित करें सैनी : दुष्यंत चौटाला

हिसार, एजेंसी

- जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा
- तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से उपजा संकट

हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं और मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा में बहुमत साबित करें या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को 'कमजोर शासक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। जजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही समर्थन वापस ले लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

### भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा : सैनी

हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापिस लेने पर अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। सैनी बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में इस आशय की बात कही।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को आदेश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।

# झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में ईडी की छापेमारी

रांची, एजेंसी

- मंत्री से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त किया था। ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि संजीव लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं के नाम सामने आए हैं।

# इस्लाम मानने वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

### महत्वपूर्ण टिप्पणी

- कोर्ट ने कहा, रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी हैं विधि का समान स्रोत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति व हिन्दू लड़की की लिव-इन रिलेशन में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि इस्लाम को मानले वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं है, विशेषतः जब वह शादीशुदा हो और उसकी पत्नी या पति जीवित हो। न्यायालय ने कहा कि रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी विधि का समान स्रोत हैं और संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लड़की को उसके माता-पिता के पास पहुंचाने का आदेश पुलिस को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने उक्त व्यक्ति व युवती की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, बावजूद इसके युवती के भाई द्वारा मामले में अपहरण का आरोप लगाते हुए, बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिका में इस तथ्य का उल्लेख किया गया है कि याची शादाब खान पहले से शादीशुदा है व उसकी पाँच साल की एक बेटी है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उसने छह माह पहले अपनी पहली बीवी को तीन तलाक दे दिया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्तमान याचिका के पहले भी एक याचिका इन्हीं याचियों की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज हो जाने के कारण वापस ले लिया गया था।


# गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

- प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं वॉलेट

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा।

# एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/लंदन, एजेंसी



- बाजार में उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह
- कंपनी ने टीकों से लोगों में दुर्लभ दुष्प्रभाव की बात कही थी
- इन टीकों को भारत में कोविशील्ड के नाम से बेचा गया था

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा था।

यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है।

### तीन अरब से अधिक टीकों की आपूर्ति की थी

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई। कंपनी ने कहा कि हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 11 | 471 |

## मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।

### पूरन और आयुष ने पांचवें विकेट के लिए की 99 रनों की साझेदारी, नटराजन को मिले तीन विकेट

# हैदराबाद ने लखनऊ को 165 पर रोका

**हैदराबाद, एजेंसी**

आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही। उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बना,। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

### सनवीर ने लपका गजब का कैच

लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी के पांचवें ओवर में हैदराबाद टीम के सनवीर सिंह ने स्टोइनिस का अद्भुत कैच लपका। भुवनेश्वर के इस ओवर में सनवीर ने शानदार डाइव लगाकर ऑस्ट्रेलिया के बैटर को पवेलियन भेजा।

**लखनऊ 165/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, शहबाज 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-3

**केएल राहुल**
29 रन
33 गेंद





डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

## लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



**धर्मशाला, एजेंसी**

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

## जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरू होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

## एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

## कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

## फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।




## टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

**डबलिन, एजेंसी**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी-एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



## विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**पेरिस, एजेंसी**

महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह



ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### कल झींझक आएंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**मंगलपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 10 मई को झींझक कस्बे में चुनावी सभा कर जनता को संबोधित करेंगे। जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए सपाइयों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### पत्नी से विवाद पर जान देने का किया प्रयास

**रसूलाबाद।** पत्नी से बहस के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति में सुधार आया। थाना क्षेत्र के धुसरामऊ निवासी आजाद (26) ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने जब जाना तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

### महिला ने फंदा डालकर आत्महत्या की कोशिश की

**मंगलपुर।** क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी कमलेश की पत्नी संजू देवी ने परिजनों से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। फंदे से लटकता देख परिजनों ने उसे नीचे उतारा तो उसने अपने सिर में ईट मार ली, जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर पहुंचाया, जहां भर्ती कर लिया गया है।

# विवाहिता को जिंदा जलाने में पति और सास को आजीवन कारावास

## भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हांसेमऊ गांव में 6 सितंबर 2019 को हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- मायके से रुपये नहीं लाने पर मिट्टी का तेल डाल जलाया था
- एडीजे (प्रथम) ने पति पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचार:** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हांसेमऊ गांव में करीब साढ़े चार साल पहले मायके से रुपये न लाने पर विवाहिता को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाने के मामले में अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया है। अपर जिला जज (प्रथम) चंद्रशेखर ने हत्या में आरोपी पति व सास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी के मुताबिक घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रठगांव निवासी सीताराम ने भोगनीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसने अपनी बेटी गुड़िया की शादी आठ साल पहले भोगनीपुर क्षेत्र के हांसेमऊ गांव निवासी सुनील संखवार के साथ की थी। सुनील शराब का आदी है और आए दिन लड़ाई-झगड़ा कर पुत्री गुड़िया पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था। बेटी के मना करने पर उसे मारता-पीटता था।

एफआईआर के अनुसार 6 सितंबर 2019 की शाम पति सुनील, ससुर रामशंकर, सास सावित्री, चचिया ससुर उमाशंकर और रामचंद्र ने बेटी गुड़िया से मारपीट की और मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया। इसके बाद घर से भाग गए। जानकारी मिलने पर वह हांसेमऊ गांव पहुंचा और गंभीर अवस्था में गुड़िया को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए पति सुनील और सास सावित्री के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने पर उनके नाम हटा दिए गए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज (प्रथम) की अदालत में चल रही थी। बुधवार को एडीजे चंद्रशेखर ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति सुनील और सास सावित्री को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषी सुनील पर 10 हजार रुपये और सास सावित्री पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

### विधवा बहन की जलाकर हत्या करने में भाई को उम्रकैद

**कानपुर देहात।** डेरापुर क्षेत्र के कांधी गांव में करीब आठ साल पहले मकान के बंटवारे के विवाद में बहन के साथ मारपीट कर जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में बुधवार को जिला जज ने आरोपी भाई को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के कांधी गांव की रहने वाली शिमला देवी की शादी औरैया के धर्मेंद्र से हुई थी। पति से विवाद होने के बाद वह अपने मायके कांधी में करीब 15 साल से रह रही थी। यहां मकान के बंटवारे को लेकर विवाद में 11 जनवरी 2016 को उसके भाई मनोज कुमार ने उसके साथ मारपीट करने के बाद जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी। मां चंदा देवी ने दूसरे बेटे राजमंगल से तहरीर लिखवाकर डेरापुर थाने में अपने बेटे मनोज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में विवेचना करते हुए आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उसके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए थे। मामले की सुनवाई जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी मनोज कुमार को दोषी सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास का भी आदेश किया गया है।



हरिशंकर।



होमगार्ड की मौत पर रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

# आगरा में चुनाव ड्यूटी कर लौट रहे होमगार्ड की रास्ते में थम गईं सांसें

संवाददाता, सिकंदरा

- सिकंदरा कस्बे में बस से उतरने के बाद बिगड़ी तबियत
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम के बाद साफ होगी मौत की वजह

**अमृत विचार।** तीसरे चरण की चुनाव ड्यूटी कर लौट रहे होमगार्ड की सिकंदरा कस्बे में अचानक तबियत बिगड़ गई। राहगीरों ने उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अमराहट थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी हरिशंकर (55) होमगार्ड थे। वह तीन दिन पूर्व आगरा में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी पर गए थे। बुधवार की सुबह आगरा से वापस लौट रहे थे। सिकंदरा कस्बे पहुंचने पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। राहगीर उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल में ले गए, जहां भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया गया, लेकिन कुछ देर बाद ही हरिशंकर की मौत हो गई।

मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी रामसखी बदहवाश हो गई। पुत्र अवधेश, बेटी, गुड्डी देवी, संतोषी, प्रीति देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम से मौत की वजह साफ होगी। परिजनों की तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में दवाओं का टोटा

संवाददाता, राजपुर



अनवां के वेलनेस सेंटर पर लटका ताला। अमृत विचार

- जिम्मेदारों की अनदेखी से इलाज के लिए दौड़ते मरीज

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य अधिकारियों की अनदेखी के चलते गांवों में खोले गए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। बीहड़ पटटी के आरोग्य मंदिरों में ताले लटक रहे हैं। जबकि कई जगहों पर दवाओं का टोटा बना हुआ है। ऐसे में मरीजों को भीषण गर्मी में इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को गांव में ही स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से सेंटर में तैनात सीएचओ सेंटर में नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को गांव स्तर पर इलाज की सुविधा मुहैया नहीं हो पा रही है। मंगलवार को राजपुर ब्लाक क्षेत्र के अनवां स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पूरे दिन ताला लटकता रहा। गांव के विनोद, लल्लू सिंह, मुकेश सिंह, अजय सिंह, जय सिंह आदि ने बताया कि आरोग्य मंदिर में अक्सर तालाबंदी रहती है और मरीजों को इलाज के लिए राजपुर या सिकंदरा के सरकारी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

इधर अफसरिया के आरोग्य मंदिर में दवाइयों का टोटा है। मरीजों के लिए खून जांच की सुविधा तक नहीं है। इसके अलावा सेंटर में मरीजों के लिए ओआरएस का घोल नहीं रखा गया है। सीएचओ पुष्पा ने बताया कि सेंटर में ओआरएस उपलब्ध है। सेंटर में मरीज आने पर ओआरएस घोल पिलाया जाता है।

इधर, अमरौधा ब्लॉक के कमलपुर आरोग्य मंदिर में दो महीने से ताला लटक रहा है। यहां तैनात सीएचओ अंकुर कटियार बगैर सूचना के नहीं पहुंचे हैं। जिससे मरीजों को इलाज के लिए दस किलोमीटर दूर राजपुर जाना पड़ता है। राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अनवां सेंटर में तालाबंदी की जानकारी मिली है। सीएचओ से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

# उधारी मांगने पर हुई थी बुजुर्ग महिला की हत्या

संवाददाता, सिकंदरा

- फिरोजपुर गांव में रविवार को हुई थी हत्या, पुलिस ने एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** फिरोजपुर गांव में वृद्ध महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक उधारी मांगने पर बुजुर्ग महिला की हत्या की गई।

बीते रविवार को फिरोजपुर गांव की रामदेवी की हत्या कर दी गई थी। मृतका के बेटे जयवीर ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया था कि गांव के विनय कटियार और सीपू ने मां की हत्या की है। उसी मामले में बुधवार को पुलिस ने फिरोजपुर मोड़ से विनय कटियार को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी फरार है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बांस के डंडे को भी बरामद किया है। आरोपी विनय कटियार ने बताया कि उसने रामकली की दुकान से बीड़ी के बंडल के साथ दूसरा सामान उधार लिया था, जिसका एक हजार रुपये कर्जा हो गया था। रविवार की रात वह सामान लेने गया तो महिला ने उधारी मांगी। गुस्से में आकर डंडे से तीन-चार बार वार कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर गई। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि आरोपी विनय कटियार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप



किसानों को मतदान के बारे में जागरूक करतीं प्रधानाचार्या। अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव में किसान जरूर करें मतदान

**कानुपर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र के अन्नदाताओं, आपका एक- एक वोट अखण्ड भारत की रचना में अति महत्वपूर्ण है। आप सभी लोग मतदान का प्रयोग करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और भारत के भाग्य विधाता बनें। यह बात स्वीप कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय खेम निवादा रसूलाबाद की प्रधानाध्यापक अर्चना मिश्रा ने मतदान के महा त्यौहार में अन्नदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए कही । उन्होंने चिलचिलाती धूप में काम कर रहे किसानों के बीच जाकर उन्हें समझाया कि मतदान क्यों आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के रूप में जाना जाता है। इसके अन्तर्गत मतदाता शिक्षा मतदाता जागरुकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए व स्वीप का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए वे हर दिन कुछ नया कुछ अलग अंदाज में प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया किसानों से बताया कि हमारा आपका वोट आपका भविष्य है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को फसल की कटाई एवं कृषि यंत्रों , कृषि के तरीके में बदलाव आदि की भी जानकारी दी।



जेडी पब्लिक स्कूल में बच्चों को आग से बचने के उपाय बताते अग्निशमन कर्मी।

### बच्चों को बताए आग से बचाव के उपाय

**रसूलाबाद।** अग्निशमन केंद्र के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी व दमकल कर्मियों ने कुरंगना, नैला कटरा, उसरी और सिसाही के विद्यालयों में बच्चों को आग से बचने के उपाय बताए। गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव के साथ ही बच्चों को अग्निशमन उपकरणों को चलाने के तरीके भी बताए। कुरंगाना के राधा-कृष्ण पब्लिक स्कूल व जेडी पब्लिक स्कूल नैला कटरा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी हरिओम पचौरी व सहयोगी कर्मचारी शिवकिशोर, प्रभात कुमार आदि के साथ बच्चों को आग लगने पर बचाव के तरीके, रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाने के लिए पानी के स्थान पर गीले बोरे का प्रयोग करना बताया। इसके साथ ही आदमी से बचाव के लिए रखे गए अग्निशमन उपकरणों को चलाने का तरीका भी बच्चों को बताया। अग्नि शमन केंद्र प्रभारी हरिओम पचौरी ने उसरी के बीएलआरडी पब्लिक स्कूल व एमडी पब्लिक स्कूल रामपुर सिसाही में बच्चों को बताया कि आग लगने पर वे भयभीत न हों। स्वयं बचाव के साथ तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन कर्मियों को दें। रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने पर कभी भी उसे पानी से बुझाने का प्रयास न करें। जहां तक संभव हो गीले बोरे को उस पर डालें। इस मौके पर विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किया रक्तदान

**पुखरायां।** विश्व रेडक्रास दिवस पर सीएचसी में रक्तदान कैंप लगाया गया, जिसका उद्घाटन सीएमओ ने फीता काटकर किया। कैंप के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी एके सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने से दूसरे का जीवन बचाया जा सकता है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। हम सब का कर्तव्य है कि वर्ष में दो बार अवश्य खून का दान करें। इससे खून भी जल्दी बनता है और शरीर में ताजगी भी आती है। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ आदित्य सचान, अरुण कुमार, रामगोपाल, संदीप सहित निरंकारी मिशन के अरुण कुमार, रामगोपाल आदि लोगों ने खून का दान किया।



रक्तदान करते लोग।

### सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गये, जहां इलाज किया गया। मंगलपुर थाना क्षेत्र के जरौली गांव निवासी अजय प्रताप (31) बुधवार की दोपहर बाइक से घर वापस घर जा रहा था, तभी निभू गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में अजय प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# सगे भाई का हत्यारोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में आपसी बंटवारे को लेकर मंगलवार की शाम को भाई ने भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। उसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिफ्तार कर जेल भेजा है।

जिनई गढ़ेवा गांव में मंगलवार को जमीन के विवाद में रमाशंकर को उसके सगे भाई उमाशंकर ने चाकू घोंपकर घायल कर दिया था। शोरशराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़े थे, लेकिन मौके का फायदा उठाकर आरोपी उमाशंकर फरार हो गया था। पड़ोस के लोग रमाशंकर को घायल अवस्था में लेकर रूरा सीएचसी आए थे, जहां ईएमओ प्रतीक पांडेय ने मृत घोषित कर दिया था। भाई गिरजाशंकर ने अपने ही भाई उमाशंकर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में लगी थी। बुधवार को इंस्पेक्टर एसएन सिंह, दरोगा अतेंद्र कुमार, सिपाही विवेक ने मुखबिर की सूचना पर मुरलीपुर रिंद नदी के पास उमाशंकर को दबोच लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

### दिल कटने से हुई थी मौत

- रमाशंकर के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें चाकू उसके सीने से होते हुए दिल में जा घुसा था, जिससे दिल फट गया था। डॉक्टर ने मौत का कारण दिल का फटने और अधिक खून बहना बताया है।

# नदी पर खुद बनाया लकड़ी का पुल

संवाददाता, रसूलाबाद



बंदराहा गांव के पास पांडु नदी पर बनाया गया लकड़ी का पुल। अमृत विचार

- हर चुनाव में पक्का पुल बनाने का मिलता रहा आश्वासन

**अमृत विचार:** लकोठिया ग्राम पंचायत के मजरा बंदराहा के ग्रामीणों ने पांडु नदी पार करने के लिए खुद ही लकड़ी का पुल बना लिया। इस पुल के लिए उन्होंने 70 साल इंतजार किया। नेताओं से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन पक्के पुल का निर्माण नहीं हुआ। ग्रामीणों से स्वयं धन जुटाकर लकड़ी का पुल बनाया, जिससे लोग नदी पार करते हैं।

कानपुर देहात और कन्नौज जिले की सीमा पर स्थित बंदराहा गांव की आबादी 1500 है, लेकिन यहां प्राइमरी स्कूल तक नहीं है। सबसे नजदीकी प्राइमरी स्कूल तीन किलोमीटर दूर कन्नौज के सिमरिया में है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए पांडु नदी को नाव से पार करना पड़ता है। गांव के जय सिंह कहते हैं कि स्कूल तक जाने के लिए या तो बच्चों को नाव से नदी पार करनी होती है या फिर 10 किलोमीटर घूमकर पहुंचना पड़ता है।

पुल न होने से बारिश के समय में बच्चों को स्कूल भेजना बंद करना पड़ता था। दरअसल, बारिश के समय नदी उफान पर रहती है। कई बार नदी पार करते समय बच्चों की गिरकर मौत हो चुकी है। शिवपाल का कहना है कि नदी पर पुल की मांग को लेकर लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते रहे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। स्थानीय नेता चुनाव के समय तो बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन बाद में सब गायब हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने वर्ष 2018 में एक बड़ा अभियान चलाया और गांव के रहने वालों से पुल बनाने के लिए चंदा जुटाया। धीरे-धीरे ग्रामीणों ने लकड़ी का यह पुल बनाया है।

# गेहूं की कटाई मांगी तो युवक को पीटा

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र के बिरहुन गांव निवासी एक युवक को गेहूं कटाई के पैसे मांगने पर ताऊ ने मारपीट कर घायल कर दिया। युवक ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिरहुन गांव निवासी सूरज ने बताया कि उसने गांव के एक ट्रैक्टर स्वामी से अपने गेहूं की फसल कटवाई थी। इसी बीच रिश्ते में लगने वाले ताऊ प्रभु ने भी ट्रैक्टर स्वामी से अपनी फसल कटवा ली। हिसाब करने के दौरान जब उसने गेहूं कटाई के पैसे मांगे तो वह गालीगलौज करने लगे और विरोध करने पर ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि युवक की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को ले जाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पड़ोसी रिस्तेदार युवक पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके साथ ही आरोपी के बहन-बहनोई पर भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है ।

किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी अंसार का साला अनवर उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला कर ले गया। काफी खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला तो वह अंसार के घर शिकायत करने गया, जिससे नाराज अंसार व उसकी पत्नी ने गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गई और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि फिरोजाबाद निवासी एक युवक समेत तीन लोगों के विरुद्ध किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**अनदेखी** — संदलपुर ब्लाक की कई ग्राम पंचायतों में शिकायत के बाद भी दुरुस्त नहीं हुए हैंडपंप

# गर्मी में खराब पड़े हैंडपंप, प्यास से सूख रहा हलक

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान से गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। ऐसे में गांवों में लगे इंडियामार्का हैंडपंप खराब होने से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। शिकायत के बावजूद अधिकारी मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

संदलपुर ब्लाक क्षेत्र में कुल 57 ग्राम पंचायतें हैं। जहां लाखों की आबादी रहती है। जल जीवन मिशन के तहत कई गांवों में पानी की टंकिया भी बनाई जा रही है। लेकिन इसका लाभ अभी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। अधिकांश आबादी हैंडपंप या निजी स्रोतों के पेयजल पर निर्भर है। ब्लॉक क्षेत्र में लगभग छह से सात हजार इंडियामार्का हैंड पंप लगे हैं। इनमे से सैकड़ों खराब पड़े हैं। अधिकारियों का कहना है कि लोगों की शिकायत पर ज्यादातर हैंडपंप की मरम्मत कराई जा रही है। जबकि हकीकत में हर गांव में करीब एक से दो हैंडपंप स्थायी खराबी के कारण ठूंठ खड़े रहते हैं।



मोहम्मदपुर सुल्तानपुर गांव में जमीन के अंदर धंसा खराब हैंडपंप। अमृत विचार

लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में हैंडपंप खराब होने के कारण पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। सबसे अधिक समस्या मवेशियों को पानी पिलाने को लेकर होती है। पशुपालक गांवों में इक्का-दुक्का ठीक हैंडपंपों से घंटों पानी भरकर मवेशियों को पिलाते हैं। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश हैंडपंप रिबोर कराने के लायक है। कुछ हैंडपपों के चबूतरे भी नहीं बनाए गए हैं। इस बावत खंड विकास अधिकारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि खराब हैंडपंपों के बावत सभी सचिवों से जानकारी की जाएगी। सभी ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैंडपंपों की सूची मंगा कर जल्द हैंडपंपों को रिबोर व मरम्मत कराया जाएगा।


### कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं शिकायत

**कानपुर देहात।** पानी टंकियों या फिर हैंडपंपों की खराबी को लेकर जिला स्तर पर माती विकास भवन व ब्लाक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां पर शिकायत दर्ज कराकर समस्या का समाधान कराया जा सकता है। नोडल अधिकारी जल निगम के सहायक अभियंता अखंड प्रताप गहलोत ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8853712736 या 8218600219 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। वहीं ब्लाक स्तर पर अकबरपुर विकासखंड में मोबाइल नंबर 9415251214 या 9454465012, सरवनखेड़ा ब्लाक में 7007420318 या 8454465014, मैथा ब्लाक में 7081513617 या 8707434481 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसी तरह मलासा ब्लाक में 7376208360 या 8707730635, अमरौधा ब्लाक में 6393317123 या 9454465016 पर कॉल की जा सकती है। राजपुर ब्लाक में 7307355915 या 9454465018, संदलपुर ब्लाक के लिए 7355453514 या 9454465019, डेरापुर ब्लाक के लिए 8115961396 या 9454465012, झींझक ब्लाक के लिए 9721521911 या 9454465010 और रसूलाबाद विकासखंड के लिए 9205245377 या 9454465009 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### अकबरपुर सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में सीएम ने की जनसभा

# 'अकबरपुर' बोलने में संकोच लगता गुलामी का निशान मिटाएंगे: योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न देते सतीश महाना, राकेश सचान, देवेंद्र सिंह भोले आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में जनसभा करने पतारा (घाटमपुर) पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर नाम ऐसा है कि बार-बार बोलने में संकोच होता है। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त करना है और विरासत का सम्मान करना है। विकास की मुख्य धारा के साथ इस सीट को जोड़ना है। गुलामी के इन निशानों को समाप्त करने का जो सिलसिला शुरू हुआ है, उसमें हम भी एक वोट देकर सहभागी बन सकते हैं। अकबरपुर से गुलामी के निशान को खत्म कर देंगे। हम सर्वे करा रहे हैं कि यहां चीनी मिल लगाई जा सके। सर्वे की रिपोर्ट आते ही कार्यवाही की जाएगी। एक तरफ रामभक्त और दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। आज देश में आवाज गूंज रही है, जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा के मंच पर बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटमपुर मां कुष्मांडा देवी की भूमि है। कानपुर की धरती पौराणिक और ऐतिहासिक है। यह केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। यह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। रामभक्त भारत को आत्मनिर्भर बनाने में लगे हैं तो रामद्रोही सबको आपस में लड़ाने में जुटे हैं। भारत के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में पिछड़ा-दलितों का अधिकार ये लोग मुसलमानों को दे देते थे। सच्चर कमेटी का जिक्र करते हुये कहा कि पिछड़ी जाति के आरक्षण में छह प्रतिशत की कटौती की गई। रिपोर्ट में कांग्रेस ने साजिश करते हुए मुसलमानों की जातियों को एससी-एसटी में शामिल किया था। देश के अलग-अलग भागों में आतंकवाद-अलगावाद फैलाने का काम किया। बीजेपी और एनडीए ने धार्मिक आधार पर आरक्षण का हमेशा विरोध किया है। 400 पार के नारे के जादू के आगे विपक्ष चारों खाने चित हो गया। जनसभा में अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, स्वप्निल वरुण, मनोज सिंह, अरुणा कोरी, देवेश कोरी, कानपुर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, उपेंद्र पासवान, रामप्रकाश कुशवाहा, रमेश यादव आदि नेता रहे।

- **बोले, घाटमपुर में चीनी मिल की संभावनाएं तलाश रहे सर्वे किया जा रहा**


मुख्यमंत्री की जनसभा में पतारा में उमड़ी भारी भीड़। अमृत विचार

#### श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई भाजपा में शामिल

- **कानपुर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई प्रमोद जायसवाल ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। योगी आदित्यनाथ की जनसभा के मंच पर प्रमोद को केंद्रीय मंत्री राकेश सचान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा और दिनेश राय ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान अकबरपुर लोकसभा से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले मंच पर रहे। प्रमोद जायसवाल ने कहा कि मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आप भारी से भारी संख्या में वोट देकर देवेंद्र सिंह भोले को जिताइये। प्रमोद जायसवाल इससे पहले आर्य नगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

#### धूप हो बरसात हो, चाहे आंधी आए, वोट जरूर डालें

- सीएम योगी ने कहा कि धूप हो, बरसात हो, चाहे आंधी आए, वोट जरूर डालें। वोटिंग परसेंट बढ़ना जरूरी है। भाजपा नेताओं से कहा कि आप सभी घर-घर जाइए लोगों को बताइये कि कमल पर वोट पड़ा तो यह मोदी जी के खाते में जायेगा। इससे वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ी भी बदलेगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। 13 मई को पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी लगाया।

#### माफिया के घर पढ़ने जाते हैं फातिहा

- मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त पूर्व सीएम कल्याण सिंह के निधन और प्रयागराज में राजू पाल की हत्या हुई तो विपक्षियों के पास संवेदना के लिये शब्द नहीं थे। उमेश पाल के हत्यारों को हमारी सरकार ने मिट्टी में मिला दिया। लेकिन इनका चरित्र देखिये, यह माफिया के घर फातिहा पढ़ने गये थे। इनकी संवेदना रामद्रोहियों के प्रति है। अब माफिया को ठिकाने लगाने का काम हो रहा है। माफिया माफी मांग रहे हैं कि साहब माफ कर दो। जितना भी बड़ा माफिया हो हम राम नाम सत्य की यात्रा भी निकाल रहे हैं।

#### कानपुर में बनीं तोपें सीमा पर गरजेंगी

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम एक नया भारत बना रहे हैं। देश की सीमा सुरक्षित की गई हैं। विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। सपा सरकार में जहां कभी तमंचे बिकते थे। वहां डिफेंस कॉरिडोर बन गया है। यहां अब तोपे बनेंगी। कानपुर में बनी तोप जब देश कर सीमा पर गरजेगी तो कानपुर के साथ देश का नाम भी रोशन होगा।

#### भारत माता की जय नहीं तो यहां रहने का अधिकार नहीं

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंच से कहा कि एक नारा है भारत माता की जय का नारा। इसे लगाना होगा। जो यह नारा नहीं लगा सकता उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं है। 13 तारीख को ज्यादा से ज्यादा वोट डलाने हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पनकी गैस प्लांट के पास फ्लाईओवर पर हुआ हादसा**

**अमृत विचार।** देर रात घर से लखनऊ जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और भाग निकला। इसमें एक युवक की जान चली गई और दोनों दोस्त घायल हो गए।


शिवम कुमार याज्ञिक।

रूरा मल्लू कोतवाली जालौन के रहने वाले दिनेश कुमार याज्ञिक ने पुलिस को बताया कि उनका 18 वर्षीय इकलौता पुत्र शिवम कुमार याज्ञिक वहीं के रहने वाले अपने दोस्त अभय प्रताप और राहुल के साथ लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला था। तीनों हाईवे से जा रहे थे, तभी रात करीब ढाई बजे के आसपास पनकी प्लांट फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक शिवम चला रहा था। टक्कर से शिवम की मौत हो गई। दोनों दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन का पता किया जा रहा है।

## वीआईपी रोड पर धंसा डॉट नाला, जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


वीआईपी रोड पर धंसे डॉट नाले की मरम्मत करता मजदूर। अमृत विचार

- **बैरीकेडिंग की वजह से लग रहा बार-बार जाम**

**अमृत विचार।** वीआईपी रोड पर सोमवार देर रात धंसे डॉट नाले को सही होने में अभी तीन दिन लगेगा। बुधवार को नगर निगम ने नाले को साफ कराने के लिये खोदाई शुरू कर दी। मुख्य सड़क पर बैरीकेडिंग की वजह से दिन में गाड़ियों की रफ्तार कम रही। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार गुरुवार से डॉट नाले की सफाई होगी। इसके साथ ही स्लैब पड़ना भी शुरू किया जायेगा। नाला कमजोर है इसलिये जेसीबी से खोदाई नहीं कराई जा सकती। मैनुअल काम करने में समय लग रहा है।

वीआईपी रोड पर सोमवार देर रात सीवर चैंबर धंस गया। मंगलवार को सीवर चैंबर को सही करने की शुरुआत हुई तो पता चला नीचे से गया अंग्रेजों के जमाने का डॉट नाला धंसा है। जिसके बाद बैरीकेडिंग से धंसे क्षेत्र को बंद कर दिया गया। नगर निगम और जलकल के कर्मचारियों ने बुधवार को नाले को बनाने और साफ करने के लिये खोदाई कार्य शुरू किया। इस दौरान काम करा रहे नगर निगम कर्मचारियों ने कहा कि केबिल लाइनें डालने की वजह से नाले को कमजोर कर दिया गया है। इसकी वजह से ही नाला धंसा है। उन्होंने कहा कि नाले को पूरी तरह से सही करने में अभी तीन दिन लगेगा। गुरुवार से सफाई कार्य के बाद स्लैब की ढलाई शुरू कर दी जायेगी।

नाला धंसने की वजह से चोक हो गया है। इसकी वजह से करीब 200 घरों से निकलने वाला पानी सुचारू नहीं नाले में नहीं जा पा रहा है। नगर निगम अधिशाषी अभियंता ने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिये हैं कि सात दिन के अंदर डॉट नालों की सफाई की जाये। कहा कि नाला सफाई का कार्य मानव बल से किया जा रहा है लेकिन डॉट नालों की अंदर की सफाई नहीं की जा रही है। जबकि बकेट मशीन से नालों की सफाई के निर्देश जारी किये गये हैं। अगर निश्चित समय में नालों की सफाई नहीं की जाती तो भुगतान नहीं किया जायेगा।

## जाम लगाने में 200 ग्रामीणों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डंपर चालक को महाराजपुर पुलिस ने एक सप्ताह बाद गिरफ्तार किया**

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में बाइक सवार दंपति को कुचलने वाले डंपर चालक को पुलिस ने एक सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस पर खनन का आरोप लगाकर पांच घंटे जाम लगाने वाले 10 नामजद समेत 200 अज्ञात ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

30 अप्रैल की सुबह छतमरा तिलसहरी मार्ग पर खनन में लगे डंपर ने बाइक सवार तिलसहरी गांव निवासी 55 वर्षीय मुंशीलाल निषाद उनकी पत्नी 52 वर्षीय नन्हकी व छोटे बेटे श्रीराम को टक्कर मार दी थी। हादसे में दंपति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर अवैध खनन का आरोप लगाकर रोड जाम दिया था। पुलिस के काफी समझाने पर पांच घंटे बाद शव उठने दिए थे। पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद सजेती के बरी महतैन निवासी डंपर चालक सुशील कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। महाराजपुर थाने में तैनात दरोगा भुपेंद्र कुमार की तहरीर पर रोड जाम कर हंगामा करने वाले तिलसहरी गांव निवासी शिव बालक उर्फ बउवा कुशवाहा, प्रदीप उर्फ दीपू साहू, पंकज गुप्ता, अखिलेश, मोहम्मद मोसीन, संदीप निषाद, अनुज सिंह, रिषभ, छोटू पांडेय, जूही निवासी रामशंकर व 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ डंपर में तोड़फोड़ कर आग के हवाले करने का प्रयास, यातायात बधित करने, धारा 144 का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पुलिस कर्मियों से गाली गलौज व धमकी, माहौल खराब करने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली।


रमईपुर-भाऊपुर सड़क पर जारी पैचवर्क। अमृत विचार

## रमईपुर-भाऊपुर रोड की मरम्मत शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **गिट्टी, मिट्टी के ओवरलोड ट्रकों के कारण जर्जर हुई थी सड़क**
- **तीन माह में टूट गई थी 51.90 करोड़ से बनी सड़क**

**अमृत विचार।** गिट्टी, मिट्टी के ओवरलोड वाहनों के आवागमन के कारण जगह-जगह पर जर्जर हुई रमईपुर से भाऊपुर सड़क पर पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। समस्या को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के चलते उद्यमियों को आवागमन में सहूलियत देने के लिए रमईपुर से कैंधा, सचेंडी, धरमंगदपुर, भाऊपुर तक 23.45 किलोमीटर लंबे मार्ग को 51.90 करोड़ की लागत से जनवरी माह में चौड़ा किया गया था, लेकिन यह सड़क तीन माह में ही बुरी तरह से जर्जर हो गई थी। जर्जर सड़क का प्रमुख कारण था सचेंडी मंधना में चल रहा रिंग रोड निर्माण। कानपुर नगर, देहात व उन्नाव से होकर गुजरने वाली रिंग रोड में पैकेज एक 23.325 किलोमीटर लंबे मंधना से सचेंडी तक अंडरपास व पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके लिए इसी मार्ग से गिट्टी, मौरंग व गिट्टी लदे ओवरलोड वाहनों का आवागमन हो रहा है। जिसके चलते यह सड़क सचेंडी से भाऊपुर के मध्य जगह-जगह पर बुरी तरह धंस गई थी।


जनवरी में 52 करोड़ से बनी सड़क टूट गई

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा।

भारी वाहनों के कारण गड्ढे बड़े हो रहे थे, जिनसे निकली बजरी पूरी सड़क में फैली हुई थी। 29 अप्रैल को अमृत विचार अखबार में समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसकों संज्ञान में लेकर बुधवार को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने सड़क पर पैचवर्क का कार्य शुरू कराया। अधिशासी अभियंता राकेश यादव ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के कारण मार्ग कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस पर पैचवर्क का कार्य करा दिया गया है।

## संदिग्ध दशा में श्रमिक की मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां विमानपुरी के रहने वाले 20 वर्षीय राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बड़े भाई हिमांशु ने बताया कि दीपू पिपरगवां के रहने वाले ठेकेदार मलखान के पास काम करता था। छह दिन पूर्व ठेकेदार कहीं काम कराने के लिए उसे ले गया था। उसे चार दिन पहले कांशीराम अस्पताल के सामने एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराकर भाग गया। वहां उसने दम तोड़ दिया। भाइयों ने कहा कि जरूर उसके साथ कोई घटना हुई है, जो ठेकेदार शुरू से छिपाता रहा। भाई की पैर की अंगुली कटी हैं, पसली और पीठ में चोट मिली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। – **खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी– बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता– मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी– सेक्टर एम–1,–210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी–ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी–ग्राम–आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन–देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय–विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। – **रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी– ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजू पुत्र पप्पू निवासी – गणेशपुर चिनहट लखनऊ** का हूँ। मेरे पिता के पैसों से एक भूखण्ड खसरा सं0 140 स्थित ग्राम गणेशपुर रहमानपुरी चिनहट में क्रय किया गया था जिसमें मेरेव मेरे 2 छोटे भाई–बहन भी साथ रहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल वाद सं0 – 1656/2 सिविल जज सी0डि0 में विचाराधीन है। अतः उक्त सम्पत्ति कय विकय की जाएगी तो नियम विरुद्ध होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा जिसका मौजा नकहा नं0–1, आराजी नं0– 368 और खाता नं0–1699 जो दिनांक 19/12/1997 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3627, पृष्ठ संख्या 200 से 202 तक दस्तावेज क्रमांक 5041 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर गोरखपुर के यहां रजिस्ट्री हुआ था, जो वास्तव में दिनांक 30/04/2024 को कहीं खो गया है। **–बादामी देवी पत्नी रामसरन सिंह, निवासी–ग्राम गोधवल, पोस्ट– पिपरपाती, थाना –श्यामदेउरवा, जिला– महराजगंज**

**पढ़ो-आगे बढ़ो** | 4 दिवसीय मैटेरियल एडवांटेज कैंप में 37 बच्चे हुए शामिल

## स्कूली छात्रों ने आईआईटी में समझा विज्ञान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **विज्ञान के चमत्कारों से परिचित कराया, विशेषज्ञों से की बातचीत**

**अमृत विचार।** शहर के 37 स्कूली बच्चों ने चार दिन तक आईआईटी में रहकर विज्ञान का महत्व समझा। स्कूली छात्रों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। विशेषज्ञों से बातचीत भी की। बच्चों ने किसी भी शोध को करने से पहले की जाने वाली तैयारी और उसकी व्यवस्थाओं के बारे में समझा।

आईआईटी कानपुर के मेटेरियल एडवांटेज@ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी कानपुर कार्यक्रम के तहत बच्चों ने संस्थान में चार दिन का कैंप किया। यह कार्यक्रम संस्थान में मैटेरियल्स साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के तहत हुआ।




स्टूडेंट टेक्निकल चैप्टर, और एडवांस्ड सेंटर फॉर मटेरियल्स साइंस का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान मैटेरियल एडवांटेज@ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी कानपुर के संस्थापक आयोजक और संकाय समन्वयक प्रोफेसर कांतेश बलानी, पी शिवेन, पूजा रानी और धनंजय उमराव का भी सहयोग रहा। प्रोफेसर बलानी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों के बीच विज्ञान और इंजीनियरिंग में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। इससे साइंस में रुचि बढ़ेगी।

#### बच्चों को दिए गए टिप्स

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को 'सामग्री' से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एएसएम इंटरनेशनल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. नवीन मंजूरन ने वर्चुअली शामिल होकर बच्चों को टिप्स दिए। उन्होंने इंजीनियरिंग में मैटेरियल्स के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के एमएसई विभाग के प्रोफेसर कल्लोल मंडल, आईएनएई कानपुर के अध्यक्ष प्रोफेसर योगेश जोशी, एसीएमएस के प्रमुख प्रोफेसर अनीश उपाध्याय ने बात रखी। प्रोफेसर कल्लोल मंडल ने 'हमारे चारों ओर संक्षारण' विषय पर चर्चा की। धनंजय उमराव, डॉ. आशुतोष तिवारी, प्रदीप पटेल, विनय त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी और हर्ष द्विवेदी ने 'इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी फॉर बिगिनर्स' और वर्चुअल रियलिटी पर वर्चुअल लैब के समानांतर सत्र का प्रदर्शन किया। आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर कौशिक चट्टोपाध्याय प्रोफेसर नीरज चावाके, ,श्रुति दुबे और पी. शिवेन पी. बाजपेयी और अजय पी. सिंह ने विचार रखे।

## यूपी कैटेट में आवेदन की तारीख बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) की ऑनलाइन आवेदन भरने की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले इस परीक्षा के लिए आवेदन 7 मई तक किया जा सकता था, अब इसे बढ़ाकर 17 मई कर दिया गया है। परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क 18 मई तक जमा कराया जा सकेगा।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर के कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट के ऑनलाइन आवेदन अब 17 मई 2024 तक किए जा सकेंगे। प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालय तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, सीएसए कानपुर, आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदनों को बढ़ाया गया है। छात्र आवेदन शुल्क 18 मई 2024 तक जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी http://upcatet .org या www.svpuat.edu.in पर उपलब्ध है।

# बस चुनाव लड़ना है: न कोई मुद्दा, न कोई वादे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- लोकसभा चुनाव के प्रचार में चारों तरफ जाति और पार्टी बंदी का शोर
- लोगों का कहना है कि चुनाव में जिले के विकास का मुद्दा होना चाहिए

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में फिलवक्त न तो कोई मुद्दा दिख रहा है और न ही कोई लहर। चारों तरफ जाति और पार्टीबंदी का शोर सुनाई पड़ रहा है। चुनाव में प्रत्याशियों के वादे इरादे अब तक खुलकर सामने नहीं आए हैं।

प्रत्याशियों ने अपने लिए क्विक रिस्पांस टीमों का गठन भी कर लिया है ताकि जरूरत पड़ने पर मतदाताओं को समझा कर अपने पाले में किया जा सके। इन टीमों में जातिगत आंकड़ों का विशेष ख्याल रखा गया है। चुनावी अखाड़े में उम्मीदवार जीत के लिए जातीय समीकरणों को साध कर सियासी दंगल जीतने की तैयारी में हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि जिस तरह देश के आम चुनावों में पहले विकास मुद्दा बनकर सामने आता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में फिलहाल विकास अपनी जगह बनाने के लिए तड़प रहा है। उम्मीदवार सिर्फ जातीय आंकड़ों को अपने पाले में करने की जुगत में लगे हैं। चुनाव में विकास मुद्दा क्यों नहीं बन रहा है, इससे बुद्धिजीवी अचम्भित हैं। लोगों का कहना है कि चुनाव में जिले के विकास के मुद्दा होने चाहिए। यही कारण है कि गांव पहुंचने पर प्रत्याशियों से जनता विकास का हिसाब मांग रही है।

### क्विक एक्शन टीमों का गठन किया

लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए प्रत्याशियों ने क्षेत्रों में क्विक एक्शन टीमों का गठन कर लिया है। टीमों के सदस्य एक इशारे पर चुनावी गणित में भिड़ जाते हैं और अपने प्रत्याशी के लिए समर्थकों की फौज में इजाफा करने की कोशिश करते हैं। यह भी आंकलन किया जाता है कि क्षेत्र में कहां अधिक मेहनत करने की जरूरत है? टीम में उम्मीदवारों के सबसे भरोसेमंद सदस्य होते हैं।

### बड़े नेताओं की जुबान दोहराते प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों की बात छोड़ दें तो बड़ी पार्टी के प्रत्याशियों के पास भी जिला स्तरीय कोई विकास का मुद्दा नहीं दिखाई पड़ता है। सपा, बसपा, भाजपा समेत अन्य पार्टी के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में बड़े नेताओं की जुबान बोलते नजर आ रहे हैं।

# प्रत्याशियों को प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा व्यय रजिस्टर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रत्येक प्रत्याशी का तीन बार किया जाना है व्यय रजिस्टर का निरीक्षण
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण तिथियां की निर्धारित

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों को अपने व्यय रजिस्टर को व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर निरीक्षण करना अनिवार्य है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों के सार संग्रह के अनुलग्नक ग-15 के अनुपालन में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार निरीक्षण किए जाएंगे। जिसका कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। बताया कि पहला व्यय निरीक्षण 9 मई को, द्वितीय व्यय निरीक्षण 13 मई एवं तृतीय व्यय निरीक्षण 17 मई को विकास भवन में सुबह 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशी उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके व्यय निर्वाचन अभिकर्ता व्यय प्रेक्षक के समक्ष उपस्थित होकर अपना व्यय रजिस्टर निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रस्तुत करें। बताया कि निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करने हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नामांकन के समय दिए गए निर्धारित रजिस्टर पर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। साथ ही यह भी बताया गया है कि दैनिक व्यय से संबंधित नियमानुसार बाउचर बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रतियां प्रस्तुत करना होगा। निरीक्षण में निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का व्यय विवरण प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध समक्ष न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। जनसभा, जुलूस की अनुमति पर रोक लगाने की कार्यवाही की जा सकती है।

## शार्ट सर्किट से जंगल में लगी आग

**फतेहपुर।** लखनऊ रोड में स्थित बेरागढ़ीवा के जंगल में मंगलवार रात आग लग गई। इससे पास ही स्थित एक पेट्रोलपंप के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डर था कि जंगल की आग कहीं पेट्रोल पंप तक न पहुंच जाए। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के बेरागढ़ीवा गांव के पास स्थित जंगल में मंगलवार की देर रात आग लग गई। आग लगी देख पास ही स्थित पेट्रोल पंप कर्मियों में हड़कंप मच गया। कर्मियों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन काबू न पा सके। इस बीच सूचना पर दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय पर आग बुझने से बड़ा हादसा होते टल गया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार दूधिया को रौंदा, मौत

## गुस्साए परिजनों ने जेल रोड पर लगाया जाम, सीओ ने खुलवाया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने साइकिल सवार दूधिया को कुचल दिया, जिससे मौके पर साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। परिजनों ने चौकी प्रभारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क मार्ग जाम कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए। हादसे की जानकारी पर सीओ पुलिस बल के साथ पहुंचे और परिजनों को कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जाम खुलवाया गया।



जाम लगाए परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

सदर कोतवाली क्षेत्र के जेल चौकी के जेल रोड के पास मंगलवार की रात नई तहसील के पास रहने वाले तिजराज पाल पुत्र स्व. रामनाथ पाल साइकिल से दूध बांटकर घर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही साइकिल से सड़क पर गिरते ही तेज राज पाल के ऊपर से ट्रक निकल गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। मृतक के परिजनों को जब जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे और चौकी प्रभारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क मार्ग को जाम कर दिया। हादसे के बाद सड़क मार्ग जाम करने की सूचना पर सीओ वीर सिंह कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इसी बीच मृतक के पारिवारिक भाई भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल भी मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# चुनावी समीकरण बदल सकती है 'महिला शक्ति'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के समीकरण बदलने में महिलाएं अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में सियासी दल महिला वोटरों को साधने में लगे हैं। सियासी दलों की ओर से महिला वोटरों को अपने हिसाब से नफा नुकसान के गणित समझाए जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा महिला टोली बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दे रहे हैं।

पूरे लोकसभा क्षेत्र में महिला वोटरों की जो संख्या है उससे साफ है कि महिलाएं जिसके साथ होंगी उसका जीतना आसान हो जाएगा। यह आंकड़े ही खुद बोल रहे हैं। पूरे लोकसभा क्षेत्र में इसमें जहानाबाद, खागा, हुसेनगंज, बिंदकी, अयाह-शाह समेत सदर विधान सभा शामिल हैं। महिला वोटरों की बात करें तो पूरे जिले में 08.57 लाख हैं। लोकसभा चुनाव की चल रही सरगर्मी और चुनाव तिथि नजदीक होने के साथ ही सियासी दल महिलाओं को साधने में पूरी तौर पर लगे हुए हैं। गली मोहल्लों में सियासी दलों ने महिला टीम के माध्यम से महिला वोटरों को साधने में पूरी ताकत लगा दी है। क्योंकि अक्सर देखा गया है कि महिलाएं, पुरुषों से कहीं अधिक मतदान भी करती हैं। पिछले लोकसभा निर्वाचन में ऐसे तमाम बूथ थे जहां पुरुषों से कहीं अधिक महिलाओं ने मतदान किया था। जहां तक लोकसभा क्षेत्र में महिला वोटरों की जो संख्या है उससे सियासी दलों के समीकरण उलट फेर हो सकते हैं। जिस किसी दल ने महिलाओं का विश्वास हासिल कर लिया तो उस दल को चुनाव जीतने में आसानी हो जाएगी।

### अहम रोल निभाएंगी महिला मतदाता

लोकसभा क्षेत्र में कुल महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 57 हजार से अधिक हैं। जबकि पुरुष वोटर 10 लाख 38 हजार हैं। लोकसभा की सियासत में भाजपा से महिला प्रत्याशी भी हैं। यहीं से वह दो बार संसद तक पहुंच चुकी हैं। आजादी के बाद जो 17 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं उसमें अभी तक किसी भी महिला प्रतिनिधि को लोकसभा जाने का अवसर नहीं मिल सका। अब जबकि 20 मई को लोकसभा चुनाव होना है तो ऐसे में सभी दलों की निगाहें महिला वोटरों पर हैं।

# विपक्षियों की नीति भांपने को लगाए गुप्तचर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सियासी शतरंज की बिसात पर इन दिनों हर तरह के मोहरे उतार दिए गए हैं। खिलाड़ी किसी भी तरह विरोधी को मात देने की जुगत कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों ने विपक्षियों की रणनीतिक चालों का पता करने एवं अपने बिगड़े समीकरणों को सुधारने के लिए जमीन पर गुप्तचर उतार दिए हैं। इनका इस्तेमाल समर्थन की नई संभावनाओं की तलाश के लिए भी किया जा रहा है। ये भेदिए दूसरे प्रत्याशियों की सूचनाएं अपने प्रत्याशियों तक पहुंचा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस काम के लिए ईनाम भी दिया जा रहा है।

मतदान के चंद दिनों पहले चुनावी संग्राम में उतरे उन प्रत्याशियों ने जासूसों की टोली तैयार की है जो खुद को जीत का दावेदार मान रहे हैं। जासूस विपक्षियों की चाल का पता लगाने के साथ क्षेत्रों में अपने विरोधी को मनाने के लिए सही 'तरीका' भी पता कर रहे हैं। प्रत्येक मोहल्ले की समीक्षा के साथ वहां पक्ष व विपक्ष को तौला जा रहा है। इससे लोगों में चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई है। सूत्र बताते हैं कि इन जासूसों की पहुंच हर जगह है और आम तौर पर इनके चेहरे किसी पार्टी के समर्थक के तौर पर नहीं जाने जाते हैं। इस कारण इन पर कोई शंका भी नहीं करता है। इन जासूसों को दूसरे दलों के मजबूत पक्ष का भी पता लगाने के लिए मैदान में उतारा गया है ताकि उस पक्ष की सियासी पकड़ को कमजोर किया जा सके। इनदिनों लोकसभा चुनाव का प्रचार तेजी पर है।

- मतदान में 12 दिन शेष, प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

### चुनाव कार्यालयों तक है पहुंच

शंका के दायरे में न आने के कारण भेदिए दूसरे प्रत्याशियों के कार्यालयों तक पहुंच रखते हैं। वहां होने वाली चर्चा को भी अपने प्रत्याशी के साथ साझा किया जाता है। सुबह से देर रात तक भेदिए सूचनाएं नोट कर या फिर उनके नजरिए से जरूरी सूचना को तत्काल अपने प्रत्याशी से साझा किया जा रहा है।

### सोशल मीडिया पर समर्थकों के बीच छिड़ रही रार

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि नजदीक आते ही अपने पक्ष में सोशल मीडिया के जरिए इशारो में वोट मांगे जा रहे है। सोशल मीडिया में पोस्ट पडते ही समर्थकों के बीच रार छिड जाती है। जातिवादी हवाओं के बीच एक दूसरे पर कमेंट करके भडास निकाल रहे है। राजनीतिक दलों की सोशल मीडिया पर अगल-अलग टीमें सक्रिय है। टीमों में शामिल सदस्य सवाल उठते ही जवाब देने लगते है। लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि 20 मई के नजदीक आते ही सोशल मीडिया के जरिए इशारो में वोट मांगने की मुहिम शुरू हो गई है। सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो में राजनीतिक दलों की अलग-अलग टीमें लगी है। जो किसी तरह का सवाल उठने पर जवाब देने लगते है। किसी भी प्लेटफार्म में किसी तरह की पोस्ट पडते ही समर्थकों के बीच सोशल मीडिया में रार छिड जाती है। चुनाव में विकास के मुद्दो से हटकर महज जातिवादी हवाओं के बीच एक दूसरे पर कमेंट कर भड़ास निकाल रहे है। पोस्ट के जरिए समर्थक अपने चहेते उम्मीदवार के पक्ष वोट देने की अपील कर रहे है। इसके अलावा सोशल मीडिया में विभिन्न पोस्ट के जरिए एक दूसरे की कमियां व अच्छाइयां बताने की भी मुहिम चल रही है। जिसमें पुराने वीडियो भी डालकर भ्रम फैलाने के प्रयास जारी है। वीडियो पड़ते ही सफाई देने के लिए बहस छिड़ जाती है। जिनके कमेंटो में एक दूसरे पर भड़ास निकालने के दौरान अभद्रता भी नजर आ रही है।

## एक नजर

### मारपीट के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस ने सराय शहजादा गांव निवासी भोला प्रसाद पुत्र रामेश्वर प्रसाद के खिलाफ मारपीट, एससी एसटी की धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है। इसी तरह थरियांव पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे असोथर रोड निवासी बब्लू लोधी पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार किया है।

### गोवध के आरोपी को दबोचा

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली पुलिस ने बाकरगंज निवासी जीसान पुत्र मोहम्मद इस्लाम के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर उसे न्यायालय रवाना किया है।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा

**फतेहपुर।** असोथर पुलिस ने खबरा मैकुआपुर मजरे सरकंडी निवासी धनपाल पुत्र सूरज पाल केवट के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### महिला से छेड़छाड़

**जाफरगंज।** छत से कूदकर पड़ोसी युवक ने घर के आंगन में सो रही महिला से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट कर दी और धमकी देकर भाग निकला। जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताय कि पति गोवा में रहकर मजदूरी करते है। घर पर वह अकेली रहती है। मंगलवार रात घर के आंगन में वह सो रही थी। पड़ोस में रहने वाला बलराम छत से कूद कर आंगन में आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### 67 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने 67 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से दो हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं तीन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका पर कार्रवाई की गई है।

# रोहिणी नक्षत्र में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया का पावन पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। इसे अबूझ मुहूर्त का दिन कहा जाता है। हालांकि इस बार गृहीय योग के कारण अक्षय तृतीया पर शहनाई नहीं बजेगी। क्योंकि इस बार शादी की शुभ मुहूर्त नहीं है। अक्षय तृतीया पर पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

मान्यता है कि इस दिन सोना, चांदी और आभूषण खरीदने से जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है। इस दिन किए गए शुभ कार्य से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। आचार्य भृगुनंदशन शुक्ला के अनुसार तृतीया तिथि शुक्रवार को सुबह 5.31 बजे शुरू हो जाएगी जो शनिवार को भोर 4.37 बजे तक रहेगी। इसलिए पूरा दिन तृतीया तिथि का मान रहेगा। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु, गणेश जी और कुबेर की विधिविधान से पूजा की जाएगी। शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र दोपहर में 12.23 बजे तक रहेगा। उसके बाद मृगशिरा नक्षत्र शुरू हो जाएगा और मित्र नामक योग व्याप्त रहेगा। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम की जंयती भी मनाई जाएगी।

### सराफा बाजार गुलजार

अक्षय तृतीया पर्व को लेकर सराफा बाजार गुलजार है। लोग सोने-चांदी व हीरे के आभूषणों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। सराफा प्रतिष्ठान के प्रमुखों के अनुसार इस बार कारोबार की अच्छी संभावना है। शहर के चौक की दुकानों पर बुधवार को ग्राहकों ने खरीदारी की। ज्वेलर्स की मानें तो लोग अपने अपने बजट के अनुसार ज्वैलरी खरीद रहे हैं।

# खुराफातियों को रेड व बाहरी को यलो कार्ड

संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने की सख्ती
- थानावार अभियान चलाकर चिह्नित किए जा रहे लोग

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। अब जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे पुलिस और सख्त होती जा रही है। मतदान में किसी तरह का व्यवधान सामने न आये और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने थानेवार इंचार्जो को निर्देशित कर दिया है। चुनाव को देखते हुये उन्होंने पुलिस को पूरी तरह से अलर्ट कर रखा है जिससे कि कहीं कोई समस्या खड़ी न हो।

चुनाव को देखते हुये अलर्ट हुई पुलिस अब खुराफातियों को रेड कार्ड और बाहरी लोगों को एलो कार्ड थमायेगी। रेड कार्ड जिसको दिया जायेगा उसकी फोटो खींची जाएगी और पूरा डाटा थाने में होगा। जिस क्षेत्र के खुराफाती को रेड कार्ड दिया गया है उस क्षेत्र के



मतदान केंद्र पर कोई विवाद होता है तो उस पर कार्रवाई होगी और उसे बुलाकर पूरी तरह से जानकारी की जाएगी। थाना और पुलिस यह भी पता कर रही है कि पहले के चुनाव में किन किन मतदान केंद्रों पर लोग छोटी- छोटी बातों को लेकर झगड़ चुके थे। ऐसे लोगों का भी पता किया जा रहा है जिससे कि कहीं फिर से कोई स्थिति न बिगाड़ दे। थाने की पुलिस अपने अपने क्षेत्रों में पड़ताल कर रही है। खुराफातियों और बाहरी लोगों पर नजर रखी जा रही है। अब जो लोग मिलेंगे उन्हें कार्ड थमा दिया जायेगा।

### मतदान केंद्र के आसपास उड़ेगा ड्रोन

मतदान से पहले मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन उड़ाया जाएगा। इसके माध्यम से पता किया जायेगा कि मतदान केंद्र के आस पास जो घर हैं कहीं वहां की छतों पर कोई पत्थर तो नहीं एकत्र हैं। अगर कहीं पत्थर पड़े भी होंगे तो उनको हटवाया जायेगा। इसके साथ ही साथ थाना क्षेत्र की पुलिस ऐसे गृह स्वामी को पूरी तरह से हिदायत भी देगी। जिन लोगों के मतदान केंद्र के नजदीक घर हैं। उनसे पुलिस संपर्क में भी रहेगी जिससे कि कहीं कोई बात बनती है तो तुरंत पुलिस तक खबर पहुंचे।

# ठगी के शिकार तीन पीड़ितों के लौटाए 6.13 लाख रुपये

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों में तीन लोगों से हुई ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर पुलिस टीम ने 6.13 लाख रुपये उनके बैंक खातों में वापस कराए हैं। मामले की जानकारी सीओ जाफरगंज द्वारा दी गई है।

शहर के ओमकार नगर वीआईपी रोड निवासी अनुराग उत्तम पुत्र अनिल कुमार उत्तम ने 13 फरवरी को पुलिस कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि आनलाइन ट्रेडिंग करने की बात बताकर उससे 9.34 लाख रूपया आनलाइन माध्यम से ट्रांसफर करा लिये गये व कोई लाभ नही दिया। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 3.70 लाख रुपये वापस कराये गये थे। इसी क्रम में शेष बचे 5.64 लाख रूपये भी बैंक खाते में वापस कराया गया है। शांतिनगर निवासी विकास सोनी ने के खाते से 25058 रूपये ट्रांसफर कर लिये गये। साइबर क्राइम पुलिस टीम ने रकम को खाते में वापस कराया गया। खागा रेलवे कालोनी के हरिओम सिंह ने उनके क्रेडिट कार्ड से 75 हजार ट्रांसफर कर लिये गये। वह भी वापस कराए।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

थैलेसीमिया दिवस | अनुवांशिक होती है बीमारी, रोज होती है रोगियों की काउंसिलिंग

# थैलेसीमिया के 23 बच्चे पंजीकृत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** हर साल आठ मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम जीवन को सशक्त बनाना व प्रगति को अपनाना सुलभ थैलेसीमिया उपचार है। यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि थैलेसीमिया के बारे में लोगों को जागरूक करना व इसके कारण और लक्षणों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों की कठिनाइयों पर प्रकाश डालना।

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. मूलचन्द्रा का कहना है कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त संबंधी समस्या है। थैलेसीमिया जिन लोगों में होता है उन्हें माता-पिता से एक परिवर्तित जीन मिलता है। जिसके कारण एक रोगी के लाल रक्त कणिकाएं (आरबीसी) में पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बन पाता, जिसके कारण क्रॉनिक एनीमिया हो जाता है और रोगियों को जीवित रहने के लिए हर तीन से चार सप्ताह के बाद खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है। इसलिए बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है अल्फा थैलासीमिया व बीटा थैलेसीमिया।

बताया कि जनपद में 23 थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे रजिस्टर्ड है जिनको निशुल्क रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) प्रयागराज और कानपुर में किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि विश्व थैलेसीमिया दिवस पर बच्चों को थैलेसीमिया के लक्षणों और इसके साथ बेहतर जीने के तरीके के बारे में जागरूक बनाया जाएगा और एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा व हर सोमवार बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में रक्त संबंधित रोगों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहते हैं। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावक आकर डॉक्टर्स की सलाह ले सकते हैं।




- कानपुर व प्रयागराज में होता है ऐसे मरीजों का उपचार

### यह हैं लक्षण

- एनीमिया, अपर्याप्त भूख, थकान, कमजोरी, सांस लेने में तकलीफ
- पीली त्वचा, बच्चों का शारीरिक विकास धीमी गति से होना

# इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट के लिए 31 तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- यूपी बोर्ड ने बोर्ड परीक्षार्थियों को दी सुविधा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब परिषद की हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट, कम्पार्टमेंट और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। मंगलवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू भी हो गए हैं। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई की रात 12 बजे तक वेबसाइट www. upmsp. edu. in पर आवेदन कर सकते हैं। हाईस्कूल में जिन अभ्यर्थियों का इम्प्रूवमेंट लगा है वह अनुत्तीर्ण एक विषय और जिन अभ्यर्थियों का कम्पार्टमेंट आया है वह अनुत्तीर्ण दो में से केवल एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये निर्धारित है।

बताया कि इंटर की परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक और वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय, कृषि भाग एक व दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र और व्यवसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपये निर्धारित है। वहीं हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक व प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यांकन) एवं इंटर की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनों भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनों भागों की परीक्षा में शामिल होना होगा।किसी विषय के दोनों में से किसी एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल अपने अनुत्तीर्ण भाग की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव में 'सखी पिंक बूथ' कराएंगे 'नारी शक्ति' का अहसास

## दोआबा के कई स्थानों पर बनाए जाएंगे एक-एक सखी बूथ, स्टाफ में सभी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में बहू-बेटियों को मतदान के लिए प्रेरित करने व नारी शक्ति का अहसास कराने के लिए सखी पिंक बूथ बनाया जाएगा। प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक-एक सखी बूथ बनाए जाएंगे। इन बूथों पर पूरा स्टाफ महिलाओं का होगा और मतदान प्रक्रिया का संचालन महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने मसौदा तैयार कर लिया है। इन बूथों की सुरक्षा की कमान भी महिला पुलिस कर्मियों के ही हाथ होगी। संसदीय क्षेत्र में छह विधान सभा है। इन विधान सभाओं में कुल 8 लाख 57 हजार से अधिक महिला मतदाता है।

**महिलाओं को नहीं होगी कोई झिझक:** भारत निर्वाचन आयोग ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अनुभव साझा किया है। सभी विधान सभाओं में एक-एक सखी पिंक बूथ बनाए जाने का आदेश जारी किया है। यह वह बूथ है जहां पर केवल महिला कर्मचारी ही देखी जाएंगी। यहां पर कोई पुरूष मतदान कर्मी नहीं होगा। इन बूथों की सुरक्षा का जिम्मा भी महिला पुलिस कर्मियों के हाथ होगा। सभी सखी पिंक बूथ विधान सभा मुख्यालय के आसपास बनाए जाएंगें। इसके लिए जिला प्रशासन तैयारी में लगा हुआ है।



- महिला कर्मी करेंगी मतदान प्रक्रिया का संचालन
- महिला पुलिस कर्मियों के हाथ होगा सुरक्षा का जिम्मा

### गुलाबी रंग के गुब्बारों से सजाया जाएगा बूथ

संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। मतदान को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। महिला मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए पिंक बूथ यानि सखी बूथ बनाया गया है। सखी मतदान केन्द्र के अलावा एक आर्दश मतदान केन्द्र भी बनाया जाएगा। पिंक बूथ गुलाबी रंग के गुब्बारों से सजाया जाएगा। यह पिंक बूथ न कि महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करेगें बल्कि नारी सशक्तिरण को भी बढ़ावा देंगें।

### महिला सशक्तीकरण की मिसाल बनेंगे पिंक बूथ

संसदीय क्षेत्र की छह विधान सभा में बनने वाले एक-एक पिंक सखी बूथ महिला सशक्तीकरण की मिसाल बनेंगे। पीठासीन अधिकारी से लेकर सभी मतदान कर्मी महिलाएं होंगी। इतना ही नहीं मुख्य द्वार से लेकर बूथ तक सिर्फ महिला पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। इसके लिए तैयारी को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

### हाईटेक सुविधाओं से किया जाएगा लैस

लोकसभा चुनाव के दौरान विधान सभाओं में बनने वाले पिंक बूथ हाईटेक सुविधाओं से लैश होंगे। यहां पर मतदाताओं के साथ उनके बच्चों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी होगी। खेल मैदान के साथ फर्स्ट एड की भी सुविधाएं रहेंगी। इन बूथों के अलावा जिले के सभी बूथों पर एक-एक महिला मतदान कर्मी की तैनाती की जाएगी। ताकि महिलाओं को मतदान में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

## मामूली विवाद में ट्रैक्टर चालक को किया लहूलुहान

**फतेहपुर।** रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में ट्रैक्टर चालक को कुछ लोगों ने जमकर पीट दिया। मामले की तहरीर पीड़ित ने कोतवाली में दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी चन्दन सिंह पुत्र पृथ्वीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ मार्च की सुबह करीब आठ बजे अपना ट्रैक्टर लेकर काम पर जाने के लिए निकला था। रास्ते में पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति जिन्होंने रोड पर मोरंग और गिट्टी डाल रखी है। जिसमें किसी वाहन के निकलने में दिक्कत सामने आ रही है। वह ट्रैक्टर निकाल रहा था तभी टक्कर लगने से ईंट गिर गए। इतने में पड़ोसी व्यक्ति अपने परिवारीजनों के साथ मिलकर गाली गलौज की। गाली गलौज का विरोध किया तो लात घूंसों और लाठी डंडों से पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यमुना में डूबे बालक का सुराग नहीं

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एकडला गांव में ननिहाल आया आठ वर्षीय एक बालक मंगलवार को यमुना स्नान करते समय डूब गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों व मछुआरों की मदद से तलाश जारी कराई थी। सफलता न मिलने पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ व गोताखोरों की करीब 36 घंटे तलाश के बाद भी सफलता नहीं मिल सकी है।

प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर गढ़ी गांव निवासी ज्ञानचंद सोनकर का आठ वर्षीय पुत्र आर्यन सोनकर अपनी मां के साथ तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने अपने ननिहाल एकडला गांव में अरविन्द सोनकर के यहां आया हुआ था। बता दें कि मंगलवार की सुबह वह बच्चों के साथ यमुना स्नान करने गया था। जहां नहाते समय वह नदी में डूब गया था। पुलिस गोताखोरों के साथ मिलकर बालक की तलाश शुरू की थी लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी। बुधवार सुबह से एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों ने फिर से बालक की तलाश शुरू की और करीब चार घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद भी बालक का पता नहीं चल सका। बता दें कि मंगलवार की रात नदी में जाल डाल कर रेक्श्यू बंद किया गया था। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगी। परिजन पूरा दिन टकटकी लगाए मायूस हताश बैठे रहे। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बालक की तलाश में स्थानीय मछुआरों, गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।



नदी में रेस्क्यू अभियान चलाती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

### गंगा स्नान करने गए युवक की डूबकर मौत

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सहिमापुर गांव निवासी जैम पुत्र श्रवण कुमार गंगा स्नान करने के लिए बुधवार को क्षेत्र के भिटौरा बलखंडी घाट गया था। बलखंडी में गंगा पुल निर्माण को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग उस घाट में गए थे। कई लोग निर्माणाधीन पुल से गंगा में कूद कर स्नान कर रहे थे कि तभी जैम ने भी पुल से छलांग लगाई लेकिन वह ऊपर नहीं आया। आसपास लोग उसे नदी में खोजते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। करीब 40 मिनट बाद उसे गंगा से निकाला गया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलखंडी घाट में जिस समय घटना हुई वहां कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि पुलिस ओम घाट की व्यवस्था में लगी रही लेकिन बलखंडी में एक होमगार्ड भी नहीं था।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

संवाददाता, थरियांव

**अमृत विचार।** हसवा विकास खंड के रामपुर थरियांव से मलांव गांव तक बन रही सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीण विरोध पर उतर आए। बुधवार को विरोध प्रदर्शन करके सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। निर्माण स्थल पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर हो रही धांधली को रोकने और लापरवाही करने वाली कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

क्षेत्र के रामपुर थरियांव से मलांव गांव तक पांच किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें ग्रामीणों ने कहा बांध की मिट्टी काटकर रोड पर डाली गई। यही नहीं रोड का बगैर साफ-सफाई किए मिट्टी पर तारकोल डालकर गिट्टी डाली जा रही है। उसी पर रोलर चला कर बराबर कर दिया जाता है। अभी रोड निर्माण का कार्य चल रहा है और रोड पीछे से उखड़ रही है। यह मार्ग हाईवे से गंगा कटरी को भी जोड़ते हुए जाती है। यह रोड थरियांव, लक्ष्मणपुर, चतुर्गुनपुर, कुतुवापुर, आलमपुर, दिगंबरपुर, शिवपुर, मूसइपुर, खरसोला, मलांव, चकीवा, भैरमपुर, करमोन, ब्रह्मनपुर, नवहइया, कसमापुर, नयेपुरवा, छिवलहा, नवाबगंज होते हुए गंगा कटरी को जोड़ती है। करीब 50 हजार लोगों के आवागमन का यह प्रमुख मार्ग है। इसी तरह रोड निर्माण होगा तो बहुत जल्द टूट जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के हसवा ब्लॉक अध्यक्ष उमेश सिंह परमार, सुधांशु पांडेय, बाबूलाल, पन्नालाल, शत्रुघन, रामपाल, विक्रम, मिलन लोधी, अमित सिंह परमार, राम बहादुर सिंह, पूर्व प्रधान सुरेंद्र पटेल, राम आसरे, फूलचंद, पप्पू लोधी ,सूरज लोधी समेत सैकड़ों लोगों ने निर्माण कार्य में हो रही धांधली का आरोप लगाया और कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। अगर सड़क निर्माण सही नहीं किया गया तो प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है। हालांकि विरोध के बाद निर्माण कार्य बंद हो गया।



विरोध करते किसान नेता व ग्रामीण। अमृत विचार

- किसान नेता व ग्रामीणों के विरोध पर निर्माण रुका

## विश्व रेडक्रास दिवस पर मरीजों को बांटे गए फल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विश्व रेडक्रास दिवस पर बुधवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष की थीम, कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव, के भाव को हृदय में रखकर चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल के महिला वार्ड व पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती सभी महिलाओं व बच्चों को फल वितरित किया।

उसके बाद रक्तदान शिविर की शुरुआत जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने फीता काटकर किया। रेडक्रास के संस्थापक जॉन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। साथ ही विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे कृष्णा के साथ जिलाधिकारी ने केक काटकर बच्चे को खिलाया व बच्चे को उपहार भेंट किया। उन्होंने रक्तदानियों में डॉ. निशात शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी, प्रवीण सिंह, पवन कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे।



थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे कृष्णा को केक खिलातीं डीएम सी. इंदुमती। अमृत विचार

## 11 मई से बुजुर्ग व दिव्यांग घर से ही डालेंगे वोट

**फतेहपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि

भारत निर्वाचन आयोग निर्देश पर लोक सभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 11 व 12 मई को पोलिंग पार्टी घर-घर जाकर डाकमत पत्र के द्वारा मतदान कराएंगी।

वहीं निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में द्वितीय प्रशिक्षण 11 मई से 15 मई तक फैसिलिटेशन सेन्टर में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान किया जाएगा।

साथ ही ईडीसी भी जारी किया जाएगा। पुलिस, वीडियोग्राफर, ड्राइवर, क्लीनर, आवश्यक सेवाओं के कर्मचारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बने फैसिलिटेशन सेन्टर पर डाक मतपत्र के द्वारा मतदान किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



जनसभा स्थल का निरीक्षण करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बिंदकी में आज सभा

**फतेहपुर।** आज यानि गुरुवार को बिंदकी नगर में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की जनसभा की तैयारियों को लेकर पार्टी के जिम्मेदारों ने मौके पर जाकर हालात देखे। हेलीपैड व जनसभा स्थल के साथ ही मंच को लेकर जिम्मेदार संजीदगी से डटे दिखाई दिए। निवर्तमान जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि पार्टी के प्रेरणाश्रोत जगत प्रकाश नड्डा की सभा में प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह व कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल भी उपस्थित रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सभा में जिले के कोने कोने से पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही समर्थक सभा में शामिल होंगे। किसी कार्यकर्ता व समर्थक को कोई असुविधा न हो इसे लेकर निवर्तमान जिलाध्यक्ष व जनसभा प्रभारी आशीष मिश्रा, लोकसभा प्रभारी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, सावन गुप्ता, आनन्द मान सिंह, सुशील सिंह कछवाह, पवन तिवारी, आदि मौजूद रहे।

### सूने घर से चोरों ने जेवर-नकदी पार किए

**जहानाबाद।** सूने पड़े एक घर में चोरों ने गेट का ताला तोड़कर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लाकर भी तोड़ दिया, जिसमें रखी हजारों की नगदी व सोने चांदी की जेवरात पार कर दी। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा के मोहल्ला अमौली रोड निवासी प्रतिभा उमराव पत्नी महेंद्र सिंह ने बुधवार को थाने पहुंचीं और तहरीर देकर अपने घर में चोरी की घटना होने की सूचना दी। बताया कि वह सोमवार को अपने गांव बौहरा थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर गई हुई थी। जब वहां से लौटी तो घर के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर टूटा हुआ पड़ा था और सारा सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा था। अलमारी की लाकर में रखी सोने के माला, सोने की चेन, अंगूठी, कान के बाला, सोने के सुई धागा और चांदी की पायल सहित 20 हजार रुपये की नगदी चोरी हो चुकी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटा, चार घायल

**बिंदकी।** साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित हुआ एक ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी लोग अमावस्या में गंगा स्नान करने जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के मुरकुटा गांव के पास साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित ई रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार रानी देवी पत्नी शिव गोपाल निवासी बरेठर खुर्द, राजेश निवासी बड़ी देवरी थाना जाफरगंज, राजेश की बेटी संजना देवी व पुत्री अंशिका घायल हो गई। हादसे में हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। बताया कि सभी गंगा स्नान के लिए जा रहे थे।

### सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अखरी गांव निवासी शिव प्रसाद की पत्नी शिवदुलारी अपने पुत्र वीरेंद्र पाल के साथ बाइक से खेत गई थी। तभी काम करते समय सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसको एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## करंट से युवक की हुई मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शादी की सालगिरह में शामिल होने पहुंचे एक युवक की मंगलवार की रात डीजे में उतरे करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक के भाई ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

मलवां थाना क्षेत्र के बेरीपुर सरांय शहजादा निवासी रमेश पटेल का पुत्र छोटेलाल मंगलवार की देर रात अपने साथी धीरज की शादी की सालगिरह में शामिल होने उसके गांव करसवां गया था। रात करीब 11 बजे डीजे में आ रहे करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई अनिल ने बताया कि रात उसका भाई अपने मित्र धीरज की शादी की सालगिरह में शामिल होने गया था। उसकी डीजे के करंट से मौत नहीं हुई है बल्कि उसकी हत्या की गई है। उधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

- दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए करसवां गया था

## पूर्व चेयरमैन शब्बीर खां समर्थकों के साथ सपा में शामिल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के नेता व नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष शब्बीर खां अपने कई समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में में शामिल हो गए। समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नरेश उत्तम ने माला पहनाकर व पार्टी की टोपी भेंटकर स्वागत किया। साथ ही कहा कि पूर्व चेयरमैन के सपा में शामिल होने से सपा व इंडिया गठबंधन और मज़बूत होगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान सपा प्रत्याशी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के समर्थन में उन्होंने सपा की सदस्यता ली।

पूर्व चेयरमैन शब्बीर खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने सपा की सदस्यता ली है। लोकसभा चुनाव में पिछड़ा दलित आदिवासी एवं वंचित समाज का प्रतिनिधित्व करने वाला इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीतकर सरकार बनाने का काम करेगा। बताते चलें कि शब्बीर खां बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता रहे हैं एवं सदर नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं। इनकी पत्नी रेशमा खान को भी बसपा ने सदर नगर पालिका से अध्यक्ष पद का पिछले चुनाव में उम्मीदवार बनाया था जो सपा प्रत्याशी नज़ाकत खातून से पराजित हुई थी। इस मौके पर सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार, पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, बीरेन्द्र यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता व डीबीए के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह उर्फ ज़ालिम सिंह, नगर अध्यक्ष तनवीर हैदर, अरुणेश पांडेय, सऊद अहमद, जंग बहादुर मखलू, दानिश बाबा, अरशद अली, हाफिज जलील अहमद, लल्लू, हाफिज रईस, एजाज़ अहमद, डॉ मज़ाहिर हुसैन, डॉ ज़हीर, शहंशाह समेत अन्य तमाम सपाई मौजूद रहे।



पूर्व चेयरमैन को पार्टी में शामिल होने के बाद हुआ स्वागत। अमृत विचार

**बदला मौसम** — अधिकतम तापमान 37 डिग्री तो न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज किया गया


## सुबह चली ठंडी हवाएं, दोपहर में धूप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कई दिनों से पड़ रही हैवी तापमान के बीच बुधवार को सुबह मौसम खुशनुमा रहा। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बादलों के बीच ठंडी हवाएं चलीं। हालांकि दोपहर में धूप निकली तो गर्मी का एहसास लोगों को कराया। बुधवार को पांच डिग्री तापमन कम होकर अधिकतम तापमान 37 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया।

मई में अधिकतम तापमान कम ज्यादा होने से लोगों को मिले-जुले मौसम के दीदार हो रहे हैं। कभी तेज धूप लोगों पर सितम ढा रही है तो कभी मामूली बादल उन्हें छाव दे रहे हैं। मई का महीना लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। बुधवार को भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई फिर भी दोपहर में निकली धूप से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बीते दिनों की बात करें तो गर्मी का मौसम लोगों पर अब भारी पड़ने लगा है। लोग धूप में सफर करने से बच रहे हैं।

गर्मी का मौसम इस गति से लोगों को परेशान कर रहा है। मानों इस बार तापमान अपने सभी पिछले रिकार्ड तोड़ देगा। पिछले 10 दिन में अधिकतम तापमान 42 के आसपास बना हुआ है। जिससे लोग बेहताशा गर्मी महसूस कर रहे हैं। लोग अपनी सुविधाओं के मुताबिक गर्मी से राहत पा रहे हैं। बुधवार को चिलचिलाती धूप के बाद अच्छा मौसम मिला तो खासकर गरीबों ने राहत महसूस की।



### अधिकतम तापमान 4.5 डिग्री गिरा

बुधवार को अधिकतम तापमान 37 .0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25 .0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 8 किमी की गति से हवाएं चलीं। वहीं, मंगलवार को अधिकतम 42 व न्यूनतम तापमान 26 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### गर्मी बढ़ने से गहराया बिजली संकट

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली ओवरलोड की समस्या भी बढ़ गई है। दर्जनों गांव ओवरलोड के कारण अघोषित विद्युत कटौती का सामना कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। एक ट्रांसफार्मर पर दो फीडरों का लोड होने से गर्मियों में ओवरलोड की समस्या होने लगती है।



बैठक में मौजूद पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

## लोजपा की बैठक में लोस चुनाव पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रामविलास की लोक जनशक्ति पार्टी की बुधवार को शहर के एक गार्डेन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

मुक्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत लोक जनशक्ति पार्टी भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रही है। विकास के मुद्दे को लेकर लोजपा के सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनता के बीच में जाएं और इन्हीं उपलब्धियां को बताकर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील करें। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजू पासवान व संचालन श्रीकांत शुक्ला ने किया। प्रदेश सचिव राम सजीवन, प्रदेश सचिव अरविंद शुक्ला, साजन सिंह, सलीम खान, अब्बास मेहंदी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेल्स आफीसर ने घर-घर चेक की सेफ्टी

संवाददाता खागा

**अमृत विचार।** लोगों के घरों में खाना पकाने के लिए एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल होता है। एलपीजी सिलेंडर इस्तेमाल करना बेहद आसान और धुआं रहित होता है। एलपीजी सिलेंडर को इस्तेमाल करना जितना आसान है उतना ही अधिक सावधानी भी बरतनी जरूरी है। क्योंकि एक छोटी गलती की वजह से पूरा घर आग की चपेट में आ सकता है। ऐसी स्थिति में कई बार लोग घबराकर गलत कदम उठा लेते हैं।

जिले की सेल्स आफीसर जरीन अकरम ने खागा गैस एजेंसी अंतर्गत ग्राहकों से सेफ्टी चेकअप के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग रसोई गैस सिलेंडर के रखरखाव को लेकर लापरवाही बरसते हैं। गैस सिलेंडर ज्वलनशील होता है, लापरवाही से बहुत ज्यादा क्षति होने की गुंजाइश होती है। अगर कभी एलपीजी सिलेंडर में आग पकड़ ले तो तुरंत कुछ जरूरी सेफ्टी टिप्स अपनाएं। उन्होंने कहां की अगर रबर पांच साल पुरानी हो गई है या उसमें दरार पड़ गई है तो तुरंत रबर को बदल देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान 1906 में तत्काल फोन करना चाहिए। सेल्स आफीसर जरीन अकरम ने खागा गैस एजेंसी कर्मचारियों को हिदायत दी कि रोजाना अधिक से अधिक सेफ्टी चेकअप के साथ पांच साल पुरानी रबर या दरार पड़ी रबर को तुरंत बदल दिया जाए। खागा गैस एजेंसी की प्रोपाइटर सुनीता महेश्वरी, रोहित महेश्वरी, धर्मेंद्र मिश्रा, श्रीराम साहू, सनी मोदनवाल, धीरेंद्र सिंह, रिंकू, अमर सिंह यादव, मोहम्मद इश्तियाक शाहिद, दिनेश सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।



रसोई गैस सिलिंडर की सेफ्टी चेक करती टीम। अमृत विचार

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में दो युवकों को अंतिम सांस तक जेल

## विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया 1.04 लाख रुपये अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दिए जाने के आदेश



**अमृत विचार।** शौच के लिए खेत पर गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो युवकों को अंतिम सांस तक जेल में रहना पड़ेगा। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोनों पर 52-52 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश दिए गए हैं। दोषियों की न्यायालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से पेशी की गई थी।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ जून 2021 की रात 9 बजे 11 साल की एक किशोरी शौच के लिए खेत पर गई थी। वहां पहले से ही घात लगाए बैठे ग्राम हुसेपुर करन निवासी अगस्त गिरि उर्फ भूरा व छोटेलल्ला ने किशोरी को दबोच लिया। दोनों ने तौलिया से उसका मुंह दबा लिया और पास के ही एक खेत में ले गए। दोनों ने उसके कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर दिया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सामूहिक दुष्कर्म के बाद किशोरी बेहोश हो गई। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी को उसके माता-पिता खेत पर गए, जहां वह बेहोशी की हालत में निर्वस्त्र पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई, जिसके आधार पर पुलिस ने अगस्त गिरि उर्फ भूरा व छोटे लल्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि विवेचक तत्कालीन थानाध्यक्ष हरिश्याम सिंह ने दोनों के खिलाफ 21 मार्च 2022 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से छह गवाह पेश किए गए। बुधवार को दोनों आरोपियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अल्का यादव ने आरोपी अगस्त गिरि व छोटेलल्ला को दोष सिद्ध करते हुए जान से मारने की धमकी देने पर दो साल का कठोर कारावास व दो-दो हजार रुपये अर्थदंड, सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास (अंतिम सांस तक) एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगीं। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को क्षतिपूर्ति दिलाए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

### पति की हत्या में महिला को तीन साल की कैद

- गुस्से में महिला ने पति पर किया था फावड़े से हमला इलाज के दौरान मौत

**कन्नौज।** पति की हत्या में नामजद महिला को अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) ने तीन साल के साधारण कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। महिला द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। मुकदमे की पैरवी करते हुए बेटे ने ही मां को सजा दिलवाई है। शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुदौली निवासी नीलेश कुमार ने सात जून 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था कि दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के करीब पिता बेचेलाल व मां द्रोपदी के बीच झगड़ा हो गया। मां विक्षिप्त हैं। उन्होंने पिता के ऊपर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसहायगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नीलेश की तहरीर पर मां द्रोपदी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक राहुल शर्मा ने द्रोपदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, जिससे उसका इलाज भी चल रहा था। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) लोकेश वरुण ने द्रोपदी को दोष सिद्ध करते हुए गैर इरादतन हत्या में तीन साल के साधारण कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# दलित परिवार को घर में घुसकर पीटा, एक गंभीर

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार पर रिपोर्ट दर्ज की
- पांच दिन पहले फसल काटने से मना करने पर की वारदात

**अमृत विचार।** गेहूं की फसल काटने से मना करने पर दबंगों ने घर में घुसकर दलित परिवार को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। इससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के पांचवें दिन पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव नगला बिहारी निवासी बिजलेस पुत्र गंगाराम ने मंगलवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तीन मई की शाम सात बजे गांव का ही अंकित पुत्र जयपाल सिंह उसके घर पर शराब पीकर आया और गेहूं की फसल न काटने पर जाति सूचक गालियां देने लगा। तब उसने उसे नशे में होने के कारण घर से बाहर कर दिया। अंकित ने जान से मारने की धमकी व देख लेने की बात कह कर चला गया। इसके उपरांत वह परिवार के साथ घर पर खाना खा रहा था। तभी अंकित अपने परिवार जनों बोबी पुत्र छोटे सिंह, उदय पाल ,जयपाल पुत्रगण प्रताप सिंह को लेकर आया और लाठी डंडों से घर पर हमला बोल दिया। इससे चाचा नरोत्तम की काफी गंभीर चोटें आईं और वहीं परिवार जनों में कुंती देवी पत्नी बिजलेस, मीरा देवी पुत्री गंगाराम, निर्मला देवी पुत्री मुकेश और उसके काफी गंभीर चोटें आईं। चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग आ गए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। चाचा नरोत्तम की हालत गंभीर है जिनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में सकरावा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत कनौजिया ने बताया कि सभी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट गालीगलौज व एससी एसटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मजदूर पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ा, गंभीर

**सौरिख।** जनपद एटा के कासगंज के गांव नगला मोती निवासी सानू पुत्र वीरेंद्र सिंह हाईटेंशन लाइन के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। गांव हमसे नगला के पास सामान ले जाते समय ट्रैक्टर पर बैठने के दौरान सानू का पैर फिसल गया। इससे पहिया उसके पैर से निकल गया, वह घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते बलराज गुट के पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाकियू प्रदेश अध्यक्ष का नाम मतदाता सूची से गायब

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव की वोटर लिस्ट से भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह का नाम गायब होने से संगठन के पदाधिकारियों ने रोष जताते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष ने बताया कि लोकतंत्र में वोट डालने का अधिकार सबको है। परंतु किसी ने किसी साजिश के तहत प्रदेश अध्यक्ष का नाम वोटर लिस्ट से गायब कर दिया है। जबकि पुरानी सभी लिस्ट में नाम है और नई लिस्ट से नाम जानबूझकर गायब कर दिया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की है कि इस प्रकरण में जो भी सम्मिलित है उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह, युवा जिलाध्यक्ष स्वदेश शाक्य, मंडल महासचिव रामबाबू सिंह, मंडल सचिव आमिर खान, हिमांशु शर्मा, सुमित वर्मा, श्यामवीर व कौशल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी एनुद्दीन का 42 वर्षीय पुत्र मोइनुद्दीन जीटी रोड से सदर जहां की तरफ जाने के लिए कट से निकल रहा था, तभी एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। लोगों ने उसे सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना में ग्राम चिलमिलईया निवासी 40 वर्षीय ब्रजकिशोर पुत्र हरिराम बाइक से जा रहे थे। रास्ते में उन्हें ग्राम गौघटा निवासी भूरे नाम का युवक मिला, जिस पर बृजकिशोर के पैसे चाहिए थे। उसका का कहना है कि भूरे से पैसे मांगने पर वह नाराज हो गया और अपनी बाइक से टक्कर मार कर भाग गया। राहगीरों ने उन्हें सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी केशव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मोहल्ले के किशोर ने मंगलवार की शाम लगभग 06 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 05 मई की दोपहर लगभग 12 बजे पड़ोसी गांव रजलामऊ निवासी कार्तिक उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।



विधायक अर्चना पांडेय के साथ स्वर्णकार समाज के लोग। अमृत विचार

### स्वर्णकार समाज ने लिया मोदी को पीएम बनाने का संकल्प

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्वर्णकार समाज ने विधायक अर्चना पांडेय की मौजूदगी में भाजपा को समर्थन देते हुए नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। नगर के सब्जी मंडी स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवम राज वर्मा के आवास पर स्वर्णकार समाज की बैठक हुई। इसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवम राज वर्मा, शत्रुघ्न लाल वर्मा, राकेश चंद्र वर्मा, सूरजभान सिंह वर्मा, सुभाष चंद्र वर्मा, कृष्ण चंद्र वर्मा, प्रताप चंद्र वर्मा, जगत वर्मा, अमित वर्मा, हृदेश वर्मा, शलभ वर्मा, सरदार वर्मा, मुकेश वर्मा, नरेश वर्मा, सचिन वर्मा, आयुष वर्मा, अंश राज वर्मा, राकेश वर्मा, टेसू वर्मा, अरविंद वर्मा, रम्मू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# हर महीने होंगी माध्यमिक स्कूलों में कई गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- यूपी बोर्ड ने जारी किया वर्ष 2024-25 का शैक्षणिक कैलेंडर

**अमृत विचार।** पहली अप्रैल से माध्यमिक स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। यहां हर महीने कई तरह की गतिविधियां होंगी। वर्ष 2024-25 का शैक्षणिक कैलेंडर को लेकर डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्य को पत्र जारी किया है।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि महीने के पाठ्यक्रम के तहत बहुविकल्पीय प्रश्नों के तहत मई के तृतीय सप्ताह में मासिक टेस्ट होगा। जुलाई के अंतिम सप्ताह में मासिक और सितंबर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा होंगी। अक्टूबर के दूसरे व तीसरे सप्ताह में छमाही परीक्षा सितंबर तक के पाठ्यक्रम के आधार पर होंगी। नवंबर के पहले सप्ताह में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड होंगे। अंतिम सप्ताह में मासिक पाठ्यक्रम के तहत बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर टेस्ट होगा। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में विस्तार वाले प्रश्नों के आधार पर टेस्ट होगा। जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में पाठ्यक्रम पूरा करने का समय है। कक्षा 12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं दूसरे सप्ताह में होंगी। तीसरे सप्ताह में कक्षा 10 व 12 की प्री बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। अंतिम सप्ताह में कक्षा नौ 11 की वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएंगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन व कक्षा नौ व 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक वेबसाइट पर अपलोड करने का समय फरवरी के तीसरे सप्ताह में तय हुआ है।

# प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे 16 मतदान कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मई का वेतन रोकने व रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश
- पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से तृतीय तक लगी है ड्यूटी



मतदानकार्मिकों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर स्नेहलता द्विवेदी व गोपाल गुप्ता।

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर शहर के पुलिस लाइन के निकट निजी स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण से 16 मतदानकार्मिक गैरहाजिर रहे। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने व मई का वेतन रोकने के आदेश हुए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने जारी की विज्ञप्ति में बताया कि बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय तहसीपुर की प्रधानाध्यापक उरुषा बेगम, आदर्श जनता इंटर कॉलेज ग्यासपुर के हरीप्रकाश, उच्च प्राथमिक स्कूल मुटे के सहायक अध्यापक उपेंद्र सिंह, खाद्य एवं विपणन विभाग के कनिष्ठ सहायक विजय बहादुर सिंह, पंचायत सहायक नीतू यादव, प्राथमिक स्कूल सीहपुर के प्रधानाध्यापक अनुपम तिवारी, आंगनबाड़ी सहायिका आयना बेगम, नगर पंचायत समधन के सफाई कर्मी उमेश व तिर्वा के सोनू, पंचायत सहायक प्रिया राजपूत, कंपोजिट विद्यालय मियांगंज के सहायक अध्यापक आलोक कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर सहायक अध्यापक मनन कुमार व बेनीमाधौ अग्निहोत्री विद्यालय ठठिया की रोशनी शर्मा गैरहाजिर रहीं। इन कार्मिकों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर तृतीय तक लगी है।

### दिव्यांग, युवा बूथ के कार्मिक भी गैरहाजिर

- पत्र के मुताबिक दिव्यांग बूथ के लिए कंपोजिट विद्यालय मलिकापुर के सहायक अध्यापक विवेक दुबे व प्राथमिक विद्यालय नगला भजा की शिक्षामित्र पुष्पा व युवा बूथ के लिए प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा के सहायक अध्यापक अमित कुमार भी प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे।

### लिपिक की तैनाती ही नही कर दिया गया गैरहाजिर

- अधिकारियों की ओर से जो गैरहाजिर मतदानकार्मिकों की सूची जारी की गई है, उसमें बीईओ छिबरामऊ के वरिष्ठ लिपिक विजय सिंह का भी नाम है। बताया गया है कि इस नाम का कोई भी बाबू छिबरामऊ में तैनात नहीं है। इसके बाद भी बाबू के रूप में ताजपोशी कर गैरहाजिर कर दिया गया। बताया गया है कि न ही इस नाम की कोई ड्यूटी किसी कर्मी ने प्राप्त की है।

# मतदान करें और मनाएं लोकतंत्र का पर्व

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज




मतदान की शपथ दिलाते ईओ अनिल पंडित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुधवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में नगर के वार्ड नंबर 18 अब्दुल कलाम आज़ाद नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया और शपथ भी दिलाई।

गोष्ठी के दौरान स्वच्छता के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। कहा कि गीला और सूखा कूड़ा का निस्तारण अलग-अलग करें। सड़क अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालें। यदि ऐसा करता कोई व्यक्ति पाया गया तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

इस दौरान लेखपाल कौशल पांडेय, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर पाल, अशोक शर्मा, अशोक कुमार, राजन बाबू आदि मौजूद रहे।

# पुलिस जांच में चोरी का मामला संदिग्ध

**तिर्वा।** पचोर चौकी के सीहपुर गांव में मंगलवार की देर रात को मौसम ख़राब होने की भनक से जागे गांव निवासी अंशू सिंह, रविन्द्र कुमार, रामप्रकाश पाल व अजमेरउद्दीन के घरों में सामान बिखरा देख होश उड़ गए। पीड़ितों ने चौकी पहुंचकर जानकारी दी। चौकी प्रभारी ने बताया कि जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। कहा कि पीड़ित जहां पर सो रहे थे, वहीं चोरो ने अलमारी खोली और भनक तक नही लग पाई। कहा कि चोरी क्या क्या हुआ है पीड़ित वह भी बताने में असमर्थ लग रहे है। एक पीड़ित ने 12 हज़ार रुपए नगद व तोड़िया चोरी की जानकारी दी है। जांच अभी चल रही है।

# सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं अधिवक्ता

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- बार एसोसिएशन ने न्यायिक अधिकारियों को किया सम्मानित



एसीजेएम सलोनी रस्तोगी को सम्मानित करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अधिवक्ता आफीसर आफ द कोर्ट है और उसे अपनी ताकत पहचाननी होगी। सभी अधिवक्ता सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और वादकारियों को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाएं। बुधवार को बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में यह बात अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी ने कही।


अधिवक्ता सभागार में बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी, सिविल जज अनूप उपाध्याय एवं नवागंतुक अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव को बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर महासचिव ललित प्रताप सिंह ने बुके व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा शिवराम सिंह चौहान और रावेंद्र सिंह चौहान ने न्यायिक अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संजय तिवारी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, फहीम जमा खां, मयंक सक्सेना, लाल बहादुर यादव, संजीव दुबे, जयवीर सिंह, देवेश मिश्रा सहित कई अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर रामचंद्र मिश्रा, अनूप दीक्षित, जगदीश शाक्य, रावेन्द्र शाक्य, संतोष मिश्रा, राजीव सिंह राठौर, राजकुमार सिंह, हरिशंकर मिश्रा, केडी वर्मा, योगेंद्र यादव, दिनेश सिंह गौर, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप चौहान उपस्थित रहे।

**कवायद** कक्षा छह से आठ तक की बालिकाओं को पहली जुलाई से मिलेगा लाभ

# 453 विद्यालयों में छात्राओं को सिखाए जाएंगे आत्मरक्षा के गुर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महीने में 24 दिन के प्रशिक्षण का ट्रेनर को दिया जाएगा 2500 रुपये



**अमृत विचार।** जिले के 453 विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। पहली जुलाई से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनर को प्रति विद्यालय 2500 रुपये 24 दिन का भत्ता/मानदेय मिलेगा।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के अनुदेशक, व्यायाम शिक्षक-शिक्षिका व स्पोर्ट्स शिक्षकों को पिछले साल प्रशिक्षण दिया गया है। अब उसकी कार्ययोजना पर अमल होगा।

जुलाई से दिसंबर 2024 तक लक्ष्य पूरा करते हुए प्रशिक्षण दिया जाना है। कहा गया है कि बीएसए विद्यालयों का आवंटन करेंगे। कोई भी यूपीएस या बालिका विद्यालय छूटना नहीं चाहिए। विद्यालयों में 24 दिन तक रोज एक घंटे का प्रशिक्षण मिलेगा। ट्रेनिंग के दौरान शिक्षक वीरांगना एप पर अपनी व बालिकाओं की हाजिरी व फोटो आदि भेजेंगे। रजिस्टर में बालिकाओं की संख्या लिखी जाएगी। इसे सत्यापित भी किया जाएगा। साथ ही 500 रुपये बैनर व प्रमाण पत्र के लिए दिए गए हैं।

### इस तरह भेजी गई है कार्ययोजना

- 13 मई को डीसी बालिका शिक्षा के साथ अगली कार्ययोजना पर जूम के जरिए चर्चा होगी।
- 15 मई को स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के अनुदेशक, व्यायाम शिक्षक एवं केजीबीवी के खेल शिक्षकों की ऑनलाइन उन्मुखीकरण बैठक।
- 19 से 27 मई तक पीटीआई शिक्षकों को विद्यालयों का आवंटन होगा।
- एक जुलाई से दिसंबर 2024 तक विद्यालय स्तर पर बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- जनवरी व फरवरी 2025 में संकुल, ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। बालिकाओं का मूल्यांकन व बेहतर बालिकाओं का सम्मान होगा।

### 13.59 लाख रुपये भेजे गए

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जो पत्र जारी किया है उसमें कन्नौज के 453 विद्यालय के लिए पीएबी से 22.65 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। बैनर व प्रमाण पत्र के लिए 2,26,500 रुपये और मानदेय के लिए 11,32,500 रुपये मिलेंगे। फिलहाल जिले के लिए कुल राशि 13,59,000 रुपये भेजे गए हैं।

### विशेष परिस्थितियों में करें उपयोग

- प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाओं के लिए कहा गया है कि कौशल का उपयोग अनावश्यक व आपस में न करें। विशेष परिस्थितियों में ही प्रयोग करें। आत्मरक्षा प्रशिक्षण खुले, स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण में दिया जाए। प्रशिक्षण के शुरू में बालिकाओं को आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए। हल्के फुल्के व्यायाम कराए जाएं। मॉड्यूल में दिए गए दिवसवार कार्ययोजना के तहत आत्मरक्षा कौशल विकसित करने की तकनीकों का अभ्यास कराया जाए। जो बालिकाओं को प्रशिक्षण मिलेगा वह अस्वस्थ्य न हों।

# भीषण गर्मी में की जा रही है पांच से आठ घंटे बिजली की कटौती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर के समय तीन से छह घंटे तक गुल रहती है बिजली
- अधिशासी अभियंता ने चार-पांच दिन में निजात को कहा





**अमृत विचार।** भीषण गर्मी बिजली दगा दे रही है। देहात में आठ घंटे की कटौती की जा रही है। मानपुर उपकेंद्र हो या जिले के अन्य विद्युत उपकेंद्र सभी का हाल खराब है। किस समय बिजली गुल हो जाये कोई पता नहीं। दोपहर के समय बिजली कटना आम है। रात में भी कटौती की जा रही है।

जिले में भीषण गर्मी में कटौती की जा रही है। इससे लोग बेहाल हैं। विभाग से जानकारी लेने पर फोन ही नहीं उठता है। इससे लोग परेशान होते हैं। कहने को तो देहात को 18 घंटे बिजली दी जा रही है पर ऐसा हो नहीं रहा है।

विद्युत उपकेंद्रों पर बैठे एसएसओ रोस्टिंग का तो पूरा ख्याल रखते हैं पर कितने घंटे उपभोक्ता को बिजली मिली इससे उनको लेना देना नहीं है। इस तरह से पांच से आठ घंटे की कटौती की जा रही है।

सबसे खास बात तो यह है कि विभाग की ओर से जो रोस्टर बनाया गया है उसमें दोपहर के समय जब भीषण गर्मी होती है तब बिजली काटी जाती है। यदि इसी कटौती को सुबह के समय कर दिया जाये तो उपभोक्ता कुछ राहत महसूस करे। दोपहर में काटी गई बिजली शाम चार बजे के बाद दी जाती है। इससे लोग गर्मी से बेहाल होकर अपने घरों से निकट कर पेड़ों की छाया में बैठकर दिन व्यतीत करते हैं।

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि मकरंदनगर के ट्रांसमिशन सेंटर में क्षमता वृद्धि कर 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इसे लगने में अभी चार से पांच दिन और लगेंगे। ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद इस समस्या से निजात मिल जायेगी। उपभोक्ताओं को पूरी बिजली मिलेगी। लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगा।



तेराजाकेट में मायावती की जनसभा के लिए तैयार पंडाल। अमृत विचार

## तेराजाकेट में मायावती की जनसभा आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर राजनीति के दिग्गज सपा और भाजपा में कांटे की टक्कर मान रहे हैं। बसपा अपनी खोई हुई जमीन तलाशने की कवायद कर रही है। इस क्रम में पार्टी सुप्रीमो मायावती प्रत्याशी के समर्थन में गुरुवार को तेराजाकेट में विशाल जनसभा करेंगी। सुबह लगभग 10 बजे पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती तेराजाकेट स्थित स्वामी एकरसानंद इंटर कॉलेज मैदान पर चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगी। इसके लिए मंच सहित हेलीपैड आदि तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। बसपा भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार कर रही है।

# युवाओं के लिए किसी रोमांच से कम नहीं है जीवन का पहला मतदान

सराय प्रयाग, कन्नौज। लोकतंत्र के महापर्व की तारीख नजदीक आ रही है। इससे पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में मतदान का रोमांच बढ़ता जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक हर ओर युवा एक दूसरे से चर्चा कर मन को टटोल रहे हैं तो वहीं मतदान प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी कर रहे हैं। कई युवा जिम्मेदारी को बखूबी समझ रहे हैं और लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित भी कर रहे है। पेश है युवा मतदाताओं से सराय प्रयाग संवाददाता सतेन्द्र कुमार की बातचीत की रिपोर्ट-



ग्राम नरूइया निवासी संदीप यादव बताते है कि जब परिवार के लोग मतदान के लिए जाते थे। तो उन्हें भी मतदान की इच्छा होती थी लेकिन परिवार के लोग समझाते थे कि वह छोटे हैं। अब वोट बन गया है तो मतदान को लेकर खासा उत्साह है। वह देश और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझ रहे है।



सराय प्रयाग निवासी रंजन पाल बताते है कि लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। असली कौतूहल तो युवाओं में बना है क्योंकि यह उनका पहला मतदान है। पहली बार वह अपने वोट से किसी जनप्रतिनिधि और सरकार का चुनाव करने जा रहे है। अब उन्हें वोट का महत्व भी समझ आने लगा है।



ग्राम नरूइया निवासी जयदीप शर्मा का कहना है कि लोकसभा के लिए वह पहली बार मतदान करेंगे। इसको लेकर जहां वह उत्साहित हैं तो वहीं सही सरकार और जनप्रतिनिधि चुनने में उन्हें परेशानी हो रही है। उनका मानना है कि युवा देश के विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं। जो भी सरकार बने उसे युवाओं मजबूत करना चाहिए।



ग्राम नरूइया के ही गोविंद शर्मा कहते हैं कि सभी को मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदाता ऐसी सरकार और जनप्रतिनिधि का चुनाव करें जो समाज और देश को उन्नति के शिखर पर ले जाए और आम आदमी की मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखे। पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साहित है।



ग्राम नरूइया निवासी प्रियांक दुबे का कहना है कि पहली बार मतदान को लेकर वह बहुत उत्साहित है और इस अनुभव को जानने की उत्सुकता भी है। परिवार और आसपास के लोगों से मतदान करने की जानकारी भी कर रहे है। जो जनप्रतिनिधि युवाओं को प्राथमिकता देगा उनका वोट उसी को जाएगा।



ग्राम सराय प्रयाग निवासी अर्पित कटियार बताते है कि 18 वर्ष पूर्ण कर मताधिकार प्राप्त करने के बाद गर्व का अनुभव हो रहा है। अब वह भी देश और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। पहली बार मतदान करने को लेकर मन में उत्साह है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वह अवश्य मतदान करेंगे।

# इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे

## तिर्वा के डीएन कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा




तिर्वा के डीएन इंटर कालेज मैदान में मंच पर वोट की अपील करते भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, क्षेत्रीय विधायक व अन्य नेता। अमृत विचार




केंद्रीय गृह मंत्री को सुनने के लिए उमड़ी भाजपाइयों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में तिर्वा के डीएन कॉलेज खेल मैदान पर आयोजित जनसभा में अपार भीड़ देख केंद्रीय गृहमंत्री गदगद हो गए। अपने संबोधन में सपा और कांग्रेस पर निरंतर हमलावर रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर यह कहते हुए निशाना साधा कि कन्नौज के लोगों कमल का बटन इतनी जोर से दबाना कि झटका इटली में जाकर लगे। समाजवादी पार्टी पर हमला बोला कि अखिलेश के शासन में प्रदेश में कट्टे की फैक्ट्रियां चलती थीं, वहां तोप के गोले बन रहे हैं। वह गोले पाकिस्तान में गिरने वाले हैं।

बुधवार को आयोजित जनसभा में शाह ने आह्वान किया कि एक-एक वोट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में डालकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। हजारों की संख्या भीड़ देखकर गृहमंत्री ने पूछा कि प्रत्याशी को लाखों वोटों से जिताएंगे? हामी सुनकर कहा कि 40-50 हजार की भीड़ इतनी बड़ी जीत कैसे होगी? फिर बोले-मैं

- **कहा, सपा शासन में प्रदेश में चलती थीं कट्टे की फैक्ट्रियां**

बनिया हूं पूरा हिसाब किताब रखता हूं। कहा कि जिनके पास मोबाइल हैं वे सभा समाप्त होने के बाद 50-50 सगे संबंधियों व मिलने जुलने वालों को फोन कर भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करें। करीब आधे घंटे के भाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तो अधिकांश समय सपा पर हमलावर रहे। सवाल उठाया कि परिवार की दुकान चलाने वाला सांसद चाहिए या जनता की आवाज उठाने वाला?

इससे पहले माइक संभालते ही उन्होंने जिले के सभी कद्दावर नेताओं, जनप्रतिनिधियों का नाम लिया और फिर अपना भाषण मां अन्नपूर्णा देवी, फूलमती देवी को प्रणाम तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोवर्धन लाल कनौजिया को याद कर शुरू किया। इसके बाद ही उन्होंने समाजवाद के पुरोधा डॉ. राममनोहर लोहिया को भी याद किया। वक्तव्य इत्र की सुगंध के साथ ही शुरू किया। जनसभा के दौरान अजय वर्मा, सौरभ गुप्ता, मंत्री असीम अरूण समेत अन्य लोगों ने गदा व 51 किलो की माला पहनाकर शाह का स्वागत किया। इस मौके पर मंच पर आनंद सिंह, वीर सिह भदौरिया, असीम अरूण रहे।

### ‘दो शहजादे आ गए तो राम मंदिर पर लगवा देंगे बाबरी ताला’

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान ही जनता से सवाल किया कि राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। हाथ उठवाकर समर्थन लेने के बाद कहा कि ‘दो शहजादे आ गए तो मंदिर पर बाबरी ताला लगवा देंगे’। सभा की शुरुआत करते हुए बोले, ‘जैसे ही हेलीकाप्टर लैंड किया इत्र की खुशबू नाक से होकर दिमाग तक घर कर गई।’ चर्चा की कि जी 20 के समय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश से आए अतिथियों को कन्नौज का इत्र भेंट किया। अयोध्या में विराजमान रामलला को भी कन्नौज का ही इत्र चढ़ाया गया। इसके बाद वे सीधे-सीधे मुलायम परिवार पर हमलावर हो गए। कोरोना को लेकर सवाल उछाला ‘जब महामारी विकट थी तब अखिलेश या बहन डिंपल आए थे। सुब्रत आपके बीच था सबको टीका लगवाया।’ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को मुफ्त टीका लगवाकर सुरक्षित किया।

## पोलिंग पार्टियों को बूथ पर मिलेगा गुणवत्तायुक्त भोजन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **कलेक्ट्रेट में दिया गया जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण**
- **भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन की दी गई जानकारी**

**अमृत विचार।** पोलिंग पार्टियों को बूथ पर ही गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाएगा, जिसे मिडडे मील की रसोइया तैयार करेंगीं। इसकी जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई है। पोलिंग पार्टियों में शामिल पीठासीन अधिकारी व सभी मतदान अधिकारी किसी का भी आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण में यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदान 13 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये सभी बूथों में छाया, शुद्ध पेयजल और विद्युत की भी समुचित व्यवस्था होगी। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, जिसमें एआरओ को भी जोड़ा जाये। ईवीएम बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके खराब होने पर बदलने के जो नियम हैं, उनको भलीभांति समझ लें। एक बार मशीन चालू हो जाती है तो बिना किसी गड़बड़ी के बन्द न किया जाये और शाम छह बजे से पहले मशीन क्लोज न किया जाये। बीएलओ के माध्यम से पर्ची मतदाताओं को वितरित की गयी हैं, जिसे स्वयं जाकर जानकारी लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम रहेगी, जिस बूथ में जाये पूरी टीम के साथ जायें। जो आईडी कार्ड दिया गया है उसे साथ में अवश्य रखें। वाहन या बस की खराबी आने पर दूसरी बस तत्काल भेजी जायेगी, उसी वाहन से पोलिंग पार्टी को आना होगा। मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी का व्यवहार अच्छा होना चाहिये। अमिट स्याही बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में प्रयोग किया जाए। वेबकास्टिंग के समय देखा जाये कि कैमरे के लोकेशन ऐसा रखे जिससे गोपनीयता बनी रहे। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार सहित सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## कल जिले भर के विद्यालयों में बच्चे निकालेंगे रैली

**कन्नौज।** जिलेभर के 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में 10 मई को शिक्षक-अभिभावक बैठक होगी। साथ ही मतदाता जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इसमें छात्र-छात्राओं के अलावा अध्यापक व ग्रामीण शामिल होंगे।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि कन्नौज में लोकसभा क्षेत्र का मतदान 13 मई को होना है। उसी के तहत मतदाताओं को वोट जरूर करने के लिए प्रेरित करने का अभियान एक साथ चलेगा। 10 मई को पंजीकृत छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होना है।

उधर कलक्ट्रेट परिसर से नौ मई को सुबह 10 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाएंगे।

## मतदान अवश्य करने की दिलाई शपथ

**कन्नौज/तिर्वा।** दीनानाथ इंटर कॉलेज तिर्वा में 18-19 साल के नए मतदाताओं का जागरुकता अभियान कार्यक्रम हुआ। पीपीटी/वीडियो के माध्यम से बताया गया कि पहले मतदान किस तरह किए जाते थे। मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने सभी को मतदान जरूर करने की शपथ दिलाई।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर हुआ। प्रशिक्षु आईएएस ने मतदान को लेकर कई जानकारियां दीं। मंच संचालन जागेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा के भी शिक्षक व विद्यार्थी शामिल हुए। जीआईसी उमर्दा के छात्र-छात्राओं ने मतदाता गीत, भाषण पेश किए। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता व राजेंद्र त्रिपाठी और लोकेश दुबे मौजूद रहे।

### अफसरों के आश्वासन पर मतदान बहिष्कार वापस

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर में विकास ने होने से नाराज लोगों ने 12वें दिन अफसरों के आश्वासन पर मतदान बहिष्कार वापस ले लिया तथा प्रदर्शन समाप्त कर दिया। बुधवार की शाम एसडीएम, नायब तहसीलदार व ईओ ने पहुंचकर कुछ काम तत्काल व कुछ चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद कराने का भरोसा दिलाया। बाशिंदे विकास न होने पर मतदान बहिष्कार की घोषणा कर दी थी।

## अभिव्यक्ति की कला को निखार रहे छात्र-छात्राएं

**जसोदा, कन्नौज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में बुधवार को विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को आसन, प्राणायाम, योग निद्रा आदि का अभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने बताया कि विद्यालय में दो दिनों से सुबह योग की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा करो योग, रहो निरोग के संकल्प के साथ अभ्यास किया जा रहा। बताया गया की सुबह के सत्र मे प्रार्थना के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा सुविचार, कविता, स्टोरी, जोक्स, न्यूज़ आदि की प्रस्तुती दी जा रही है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्ति की कला में निखार आता है।

## मॉकपोल: ईवीएम में डाले गए एक-एक हजार वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट में ईवीएम से मॉकपोल करते कर्मचारी। अमृत विचार

- **राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों ने किया ईवीएम का चुनाव**
- **सीआरसी (क्लोज, रिजल्ट, क्लियर) के बाद ईवीएम को कर दिया गया सील**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए कमीशनिंग के बाद कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों के साथ मॉकपोल कराया गया। पांच प्रतिशत ईवीएम में एक-एक हजार वोट डलवाकर उनकी गिनती की गई। मॉकपोल के लिए ईवीएम का चुनाव प्रत्याशियों ने ही किया था। इसके बाद ईवीएम की सीआरसी (क्लोज, रिजल्ट, क्लियर) की गई और उसे पोलिंग बूथ पर जाने के लिए सील कर दिया गया।

बुधवार को ईवीएम की कमीशनिंग के बाद मॉकपोल किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कई बूथों का चुनाव किया, जिस पर उन्हीं बूथों की ईवीएम निकालकर मॉकपोल कराया गया। प्रत्येक ईवीएम में एक-एक हजार वोट डाले गए। इसके बाद उनका वीवीपैट की पर्चियों से मिलान किया गया तथा कंट्रोल यूनिट से गिनती की गई। दोनों का मिलान सही होने पर ईवीएम की सीआरसी (क्लोज, रिजल्ट, क्लियर) की गई और उसे पुनः सील कर दिया। छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों ने कई घंटे तक मॉकपोल किया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए यह प्रक्रिया की है, जिससे कि कोई भी ईवीएम की निष्पक्षता पर सवाल न उठा सके।

सीआरसी में सभी ईवीएम को क्लियर कर दिया जाता है, जिसे बूथ पर पोलिंग एजेंट चेक कर सकते हैं। वहां भी मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल कराया जाएगा।

### वीवीपैट की पर्चियां लिफाफे में रहेंगी सुरक्षित

मॉकपोल के दौरान वीवीपैट में जो पर्चियां निकलेंगीं, उन्हें लिफाफे में सुरक्षित रखा जाएगा। लिफाफे पर उस ईवीएम का नंबर भी लिखा रहेगा, जिससे मॉकपोल कराया गया था। इसके बाद सीआरसी के दौरान ईवीएम को क्लियर कर दिया और वीवीपैट में नई बैट्री तथा पेपर रोल लगाया गया और कंट्रोल यूनिट में भी नई बैट्री लगाई गई। तैयार ईवीएम को वेयर हाउस में रखकर सील कर दिया गया। अब 12 मई को पोलिंग पार्टियों रवानगी के दौरान ईवीएम को निकाला जाएगा।

सियासत | पहले मैनपुरी में मां डिंपल, अब पिता अखिलेश यादव का प्रचार करने पहुंचीं अदिति

# मुलायम की तीसरी पीढ़ी पढ़ने लगी राजनीति का ककहरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कन्नौज में अदिति यादव को तिलक करती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पीढ़ी भी राजनीति का ककहरा पढ़ना शुरू कर चुकी है। इस क्रम में मां डिंपल का चुनाव प्रचार करने के बाद अब पिता अखिलेश के लिए वोट मांगने अदिति यादव कन्नौज पहुंच चुकीं हैं। उनका शहर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जा रहा है।

बता दें कि मैनपुरी व इटावा में मतदान के बाद अदिति पिता के लिये वोट मांगने कन्नौज संसदीय क्षेत्र में उतर गई हैं। बुधवार को उन्होंने शहर से चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान जनता का विश्वास जीतने के लिये वह जहां महिलाएं व सपाई एकत्र दिखते कार रोककर उतर लेतीं। जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत करती तो महिलाएं तिलक लगा कर उनके पिता की जीत होने का आशीर्वाद देती। बुधवार को वह सबसे पहले वह पार्टी कार्यालय और फिर नसरापुर पहुंचीं। यहां बाबा शाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नुक्कड सभा को संबोधित किया। इस के बाद वह पाल चौराहा होते हुए करनपुर, रामपुर, कनपटियापुर, मौसमपुर मौरारा, मकरंदनर पहुंचीं। हर जगह अदिति की एक झलक के लिए समाजवादी पार्टी की महिलाएं व पुरुष बेताब दिखे। उनका कहना था कि कन्नौज में विकास की गंगा उनके पिता ने बहाई। वह विकास बोल रहा है। एक्सप्रेस वे हो या कन्नौज के अन्य विकास कार्य सभी उनके माता-पिता की देन है। जनता भी इसे भुला नहीं सकती। अदिति के प्रचार का अंदात कहीं न कहीं लोगों को भाया भी। जहां तहां लोग कहते दिखाई दिए कि मुलायम परिवार की तीसरी पीढ़ी ने राजनीति का क ख ग पढ़ना शुरू कर दिया है। बड़ी बात नहीं कि अगले चुनाव में वे सक्रिय राजनीति में दिखाई पड़ें।

## पिता अखिलेश के लिए मांगे वोट

**कन्नौज।** मुलायम सिंह यादव की तीसरी पीढ़ी अखिलेश, डिंपल की पुत्री अदिति ने कन्नौज पहुंच कर नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान पिता के लिये मांगे वोट मांगे। जनता ने अदिति को हाथोंहाथ लेकर जीत का भरोसा दिलाया। कन्नौज लोक सभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति बुधवार को शहर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पहली बार वह 2014 में आई थीं। 10 वर्ष के बाद एक बार फिर से कन्नौज आने का मौका मिला है। अब वह पिता के लिये वोट मांगने आई हैं। उन्होंने नसरापुर व करनपुर, रामपुर, कनपटियापुर, मौसमपुर मौरारा में वोट मांगे। इसके अलावा शहर के मोहल्ला मकरंदनगर कुतुलूपुर गिहार बस्ती में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि पिता अखिलेश यादव व माता डिंपल यादव ने कन्नौज में मेडिकल कालेज से लेकर विशिष्ट आलू मंडी, परफ्यूम पार्क समेत कई अन्य विकास कार्य कराये हैं। आगे भी इसी तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे। इपील की कि वह उनके पिता को आने वाली 13 तारीख को साइकिल का बटन दबा कर विजयी बनाये। गांव और शहर में भ्रमण के दौरान जगह-जगह महिलाओं ने उनका फूल बरसाकर तिलक लगाया। नसरापुर गांव में सबसे पहले उन्होंने बाबा शाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मकरंदनगर में वह डॉ. अंजना यादव व डॉ. अवधेश यादव के आवास पर पहुंची। यहां भी स्वागत किया गया।



पिता अखिलेश यादव के लिये कन्नौज में वोट मांगतीं पुत्री अदिति यादव। अमृत विचार

## घूमने पर रोक, पोलिंग एजेंट अपने स्थान पर बैठेंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **विशेष प्रेक्षकों की टीम ने 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर की बैठक**
- **मतदाताओं के पहचानपत्र पुलिसकर्मी नहीं देखेंगे, समय से पर्ची वितरण के निर्देश**

**अमृत विचार।** विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी नायक ने कहा है कि पोलिंग एजेंट अपने स्थान पर बैठेंगे। इधर-उधर घूमने पर रोक है। बूथ पर मतदाता वोट डालने के बाद सीधा घर जाएंगे जिससे वहां भीड़-भाड़ न होने पाए। मतदाताओं को मतदाता पर्ची समय से वितरित की जाएं।

बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग से आए विशेष प्रेक्षकों की टीम ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। विशेष सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदाता सेल्फी प्वाइंट रास्ते में न होकर बूथ के सुरक्षित स्थान पर बनाया जाए ताकि मतदाता उसका उपयोग कर सकें। ड्यूटी में तैनात मतदान कर्मी /पुलिस कर्मी के आईडी कार्ड जारी किए जाएं। मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस मतदाताओं की आईडी की जांच नहीं करेंगे। आईडी की जांच संबंधित बूथ केंद्र के अधिकारी करेंगे। ईवीएम की गतिविधियों की प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों को समय-समय पर सूचना दी जाए। क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफी व वेबकास्टिंग की जाए। विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कहा कि वाहनों की जांच एसएसटी/एफएसटी टीमें सतर्कता से करें। एटीएम कैश वाहन/एंबुलेंस/बसों की भी रेंडम चेकिंग की जाए। साथ में वीडियोग्राफी भी कराई जाए। विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे प्वाइंट पर गाड़ियों की चेंकिग समय-समय से कराई जाए। सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग सही से हो और भ्रामक खबरों पर तुरंत एक्शन लिया जाए।



सभा को सम्बोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार



जनसभा सुनने आई भीड़। अमृत विचार

# नौजवान, किसान बदलने जा रहा भाजपा सरकार

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य की चुनावी जनसभा को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया सम्बोधित

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी ने गरीबों, किसानों और युवाओं से झूठे वादे किए

**अमृत विचार।** सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को फिर एक बार भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने नौजवानों और किसानों के भविष्य को खराब किया है। युवा और किसान सरकार बदलने का मन बना चुका है। वह इंडी गठबंधन प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य की चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने आए थे।

शहर के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि इस बार सपा प्रत्याशी की जीत के सभी रिकार्ड टूटने जा रहे हैं । इस बार युवा वर्तमान सरकार के खिलाफ हैं। 10 साल में बीजेपी ने गरीबों, किसानों और युवाओं से झूठे वादे किये। किसानों को उनकी फसल का बाजिब मूल्य नही मिला। महंगाई लगातार बढ़ रही है। सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किये, लेकिन गरीब किसान का कर्ज माफ नही किया , गठबंधन ने तय किया है कि सरकार बनने पर किसानों को उनकी फसल का बाजिब मूल्य मिलेगा।

सपा अध्यक्ष ने यह भी कहाकि सरकार ने कुल 10 पेपर लीक करा दिये। नौकरी के नाम पर सरकार ने युवाओं का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। फ़ौज की नौकरी को अग्निवीर में बदल दिया और अब पुलिस की नौकरी भी कहीं तीन साल की न कर दें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेगा। जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं उन्हें जनता बदल देगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाई उससे हार्टअटैक का खतरा बढ़ गया है। सरकार नें बोरी से खाद चोरी कर ली। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों को आटा और युवाओं को डाटा मुफ्त देंगे। सरकार बनने पर फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे व आगरा एक्सप्रेस वे को 6 लेन से जोड़ा जायेगा। इस दौरान अध्यक्षता पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव व संचालन सुरेद्र सिंह गौर ने किया। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान-उल-हक कादरी, पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर, सतीश दीक्षित, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, सरल दुबे, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, महानगर अध्यक्ष



सपाइयों के हंगामे से टूटी बैरीकेडिंग। अमृत विचार

राघव दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक ताहिर सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव प्रवेश शाक्य जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य रहे।

# अध्यक्ष की मौजूदगी में सपा नेताओं का अपमान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव कल तक ले सकते बड़ा फैसला

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने आज यहां दिग्गज समाजवादियों को घोर अपमान का सामना करना पड़ा। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह और मंसूरी की वजह से इन दिग्गज समाजवादियों को मंच पर जगह नहीं दी गई। जिससे दिग्गज सपा नेता कल तक कोई बड़ा फैसला ले सकते है। जिस समय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव क्रिश्चियन कंपाउंड में सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे । उस समय दिग्गज सपा नेता पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव मोहम्मद यूनुस अंसारी मंच के आसपास भटकते नजर आए।

यही नहीं पूर्व विधायक स्वर्गीय अनवार खान के पुत्र अनवर जमाल को भी मंच पर जगह नहीं दी गई । मुन्ना यादव, मनविंदर यादव का घोर अपमान हुआ। बताते हैं कि अहमद अंसारी पड़ोसी जिला कन्नौज के गुरसहायगंज के रहने वाले पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी की सिफारिश पर मंच पर पहुंच गए। वहीं भारी संख्या में दिग्गज सपा नेताओं को मंच पर नहीं रखा गया। बताया गया है कि मुस्लिम आबादी पर 80 फीसदी कमांड रखने वाले मोहम्मद यूनुस अंसारी कल तक कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। जानकारी करने पर मोहम्मद यूनिस अंसारी ने बताया की तमाम छुटभैया नेता मंच पर मौजूद रहे और दिग्गज सपा नेताओं को मंच नहीं दिया गया। यह सरासर उनका अपमान है।

## सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरीकेडिंग तोड़ हंगामा किया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद अमृत विचार। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य की चुनावी सभा को संबोधित करने आए सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा में सफाईयों ने जमकर हंगामा किया। बेकाबू भीड़ ने अखिलेश के आते ही बैरीकेडिंग तोड़ डाली । इस दौरान पुलिस ने लाठियां पटक कर भीड़ को भगा दिया। कार्यकर्ताओं के बैरीकेडिंग तोड़ने से एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। अखिलेश के कार्यक्रम के दौरान पूरे समय कार्यकर्ता हंगामा करते रहे और पुलिस उन पर दबाव बनाती रही।

## एक नजर

### सांप ने महिला को डसा हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर जागीर निवासी रेनू (26) पत्नी जीतेन्द्र कुमार को ज़हरीले सांप ने काट लिया। परिजन उसे अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अलग अलग स्थानों पर नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी अर्शी (20) व कम्पिल क्षेत्र के गांव उत्मान नगर निवासी उमेश (35) को किसी ज़हरीले कीड़े ने काट लिया गंभीर हालत मे परिजनों ने दोनों को अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उनका उपचार जारी है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में मऊरसीदाबाद के किला हत्ता निवासी अशोक (24) कम्पिल क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी शादाब अहमद (35) व उसका 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जाइम घायल हो गया। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

### बंदरों ने तीन लोगों को हमला कर घायल किया

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव भौरूआ निवासी संगीता (35)व कुकीखेल निवासी आरिफ (35) व वसीम खा को बंदरो ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। उनके चिल्लाने पर आस पास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया और अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उनका उपचार जारी है।

### मतदान केंद्र बनाए गए विद्यालय अधिग्रहीत

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने 12 व 13 मई को मतदान केंद्रों वाले माध्यमिक विद्यालय व महाविद्यालयों को अधिग्रहीत किए जाने के लिए प्रधानाचार्यों व प्राचार्यों को पत्र भेज दिया है। उन्होंने कहा कि दो दिन तक मतदान केंद्र वाले विद्यालय अधिग्रहीत रहेंगे।

### दिव्यांग छात्र-छात्राओं का प्रवेश लेने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कांत पांडेय ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वह बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग श्रेणी के कक्षा आठ बच्चों का प्रवेश माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ में करवाएं। डीआईओएस दिव्यांग विद्यार्थियों का डाटा बीएसए से समन्वय स्थापित कर ले लें। कक्षा नौ के साथ ही 10, 11 व 12 के दिव्यांग विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत नामांकन करवाकर 15 मई तक निर्धारित प्रारूप पर सूचना राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ उपलब्ध कराएं।

### आज से तीनों आईटीआई में अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत नौ मई से अप्रेंटिसशिप के लिए युवा जनपद के आईटीआई अमृतपुर, कायमगंज व आईटीआई फर्रुखाबाद में आवेदन कर सकते हैं। युवा शैक्षिक अभिलेखों के साथ अप्रेंटिसशिप के लिए आईटीआई में पहुंचकर पंजीकरण कराएं।

# तैनाती के स्थान पर रुकेंगे अफसर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की गाड़ी में जीपीएस लगा है। ईवीएम का मूवमेंट इन्ही वाहनों से होगा। बिना सुरक्षा के कोई भी ईवीएम को लेकर नही चलेगा। यह निर्देश सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा व जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक में दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी को मतदान के दिन आने वाली समस्याओं व उनके निदान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिसकी ड्यूटी जिस क्षेत्र में लगी है वह 12 मई की रात उसी क्षेत्र में रहेगा।

मतदान कार्य में लगे अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि सभी लोग एमपीएस एप पर समय से मतदान प्रतिशत फीड करे। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी बूथों पर मतदान के दिन ओआरएस व दवाएं उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व , अपर जिलाधिकारी न्यायिक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




निर्वाचन के संबंध में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

● डीएम व प्रेक्षक ने कहा, समय से मतदान प्रतिशत फीड करें

● 12 मई को तैनाती स्थल पर पहुंच कर रात वहीं गुजारें

# फर्जी दस्तावेजों से नौकरी करने वाले शिक्षक की जांच

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 8 दिन में मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मृतक भाई के शैक्षिक अभिलेखों से शिक्षक बनने के मामले में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने खंड शिक्षाधिकारी नवाबगंज को जांच अधिकारी बनाया है। उन्होंने बीईओ से दस दिन में रिपोर्ट मांगी है।

तीन अप्रैल को आईजीआरएस पर शिकायत की गई थी कि विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय संकिसा बसंतपुर में तैनात शिक्षक अपने मृतक भाई के शैक्षिक अभिलेख लगाकर फर्जी तरीके से नौकरी कर रहा है। इस मामले की जांच करते हुए बीईओ मोहम्मदाबाद भारती शाक्य ने जांच आख्या बीएसए को सौंप दी थी। इसके बाद भी मामला दबा रहा। अब बीएसए ने खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा को जांच अधिकारी बनाया है। उन्होंने निर्देश दिए कि दस दिन में जांच पूरी कर आख्या उपलब्ध कराएं। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि आईजीआरएस पर की गई शिकायत में प्राथमिक विद्यालय संकिसा बसंतपुर के शिक्षक पर अपने मृतक भाई के शैक्षिक अभिलेखों से नौकरी करने का आरोप लगाया गया था। मामले की जांच बीईओ नवाबगंज को दे दी है। जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



ब्रह्मदेव मेला में आए लोगों ने पूजन भी किया। अमृत विचार

### राजेपुर के आसमपुर में लगा ब्रह्मदेव का मेला

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** विकास खंड राजेपुर के ग्राम आसमपुर मे ब्रह्मदेव के स्थान पर मेले का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव स्थान पर हवनकुंड मे आहुतियां डालकर पूजा अर्चना की। पूर्व मे मांगी गई मन्नतें पूरी होने पर भक्तों ने नृत्यकियों को बुलाकर नाच गाने का आयोजन कराकर ब्रह्मदेव को खुश किया। दूर दूर से आए ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मेले मे इंद्रपाल सिंह भदौरिया, कोटेदार रामवीर सिंह, पूर्वप्रधान बृजपाल सिंह आदि ग्रामीणों ने व्यवस्था मे सहयोग किया। यह मेला कटरिया के नाम से प्रसिद्ध है।

### क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती आज

**फर्रुखाबाद।** क्षत्रिय शिरोमणि वीर महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार 9 मई को मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि सुबह 9 बजे बद्री विशाल कॉलेज में क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको पुष्पाजंलि दी जाएगी। शाम 4 बजे होटल राजपूताना के प्रांगण में एक क्षत्रिय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की समाज के लोगों से अपील की है।

### दबंगों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई ,एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दबंगो ने जम कर फायरिंग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खैराती खां में दबंगई कायम करने को लेकर आशिफ का मोहल्ले में ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। देर रात मामूली विवाद के बाद असलहे लहराए और फायरिंग कर दी गई। सूचना मिलते ही नखास चौकी प्रभारी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे, मगर कोई नहीं मिला। सुबह पक्का पुल से एक आरोपी को हिरासत में ले लिया । शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है।

### हाइटेंशन लाइन के करंट से अधेड़ गंभीर रूप से झुलसा

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में हाई टेंशन की लाइन से करंट लगने से झुलस गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव अटसैनी निवासी जगदीश का 39 वर्षीय पुत्र आदेश प्राइमरी स्कूल में लगे ट्रांसफार्मर के पास हाई टेंशन लाइन का तार पड़ा हुआ था। जिसमें करंट आ रहा था ।जैसे ही आदेश ने तार छुआ तभी आदेश गंभीर रूप से झुलस गया। घर वालों की मदद से आनन-फानन में घायल आदेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया 108 एंबुलेंस से बिजली से झुलसा हुआ अधेड़ आदेश को लाया गया है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### तमंचा सहित शातिर अपराधी गिरफ्तार

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रात्रि में बांसी अड्डा पर दविश देकर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी मे युवक के पास से एक नाजायज 12 बोर तमंचा 2 जिंदा कारतूस बरामद किए। पूछताछ मे युवक ने अपना नाम नेकराम उर्फ रिंकू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी मुझहा बताया। थाना पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए युवक को न्यायालय मे पेश किया।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से छात्रा घायल

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रही छात्रा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर ग्राम तौफीक की मड़ैया निवासी रामसनेही की 11 वर्षीय पुत्री जो कक्षा पाँच की छात्रा है। आज दोपहर सड़क पार कर रही थी। उसी समय अज्ञात बाइक सवार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्ची को उठाया। तब तक बाइक सवार रफूचक्कर हो गया। परिजन बच्ची को लेकर राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। जहां चिकित्सक ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### कार की जोरदार टक्कर से किशोर की हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव कारब निवासी राकेश का 12 वर्षीय पुत्र योगेश खेत पर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार कार ने योगेश के टक्कर मार दी। टक्कर से योगेश उछल कर दूर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉ वैभव यादव ने बताया है 108 एंबुलेंस की सहायता से 12 वर्षीय किशोर योगेश को अस्पताल लाया गया था। हालत गंभीर थी, इसको देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।

# किशोर की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● परिवार वालों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** किशोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ननिहाल वालों ने पिता पर हत्या का आरोप लगाकर हाथापाई कर दी। पुलिस ने लोगों को शांत किया। सात साल पहले किशोर की मां की भी संदिग्ध हालात में मौत हो चुकी है।

थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली खां निवासी विकास दुबे जसमई दरवाजा पर मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे हैं। उनके पुत्र आयुष दुबे (17) का शव देर रात तीसरी मंजिल पर बने टिनशेड में मिला। पिता ने बताया कि हाईस्कूल में फेल होने के बाद उन्होंने दोपहर में डांट दिया था। इसी से गुस्सा होकर उसने प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी।

जीवित होने के शक में शव उतार लिया था। रात को सूचना पर पहुंचे जिला कन्नौज थाना छिबरामऊ के गांव खुबरिया निवासी किशोर के मामा आयुष चतुर्वेदी व अन्य ननिहाल वालों ने पिता विकास पर हत्या का आरोप लगाया। गुस्से में आते ही उनके साथ हाथापाई भी कर दी। हालांकि पुलिस ने बचा लिया। मामा ने आरोप लगाया कि आयुष की मां को वर्ष 2017 में मार डाला था। दूसरी शादी कर ली। अब भांजे को भी मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पुलिस बल मौजूद है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# सीएचसी का वाटर कूलर खराब, मरीजों को पानी का संकट

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क़ायमगंज में वाटर कूलर खराब पड़ा है। यहां भर्ती मरीज इस सड़ी गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। रोगियों तथा उनके परिजनों को शुद्ध पानी मुहैया कराने के लिए यहाँ लगाया गया आरओ सिस्टम फ्रीजर सहित खराब चल रहा है। जोकि इस समय शोपीस बना हुआ है। अस्पताल कर्मचारियों को भीषण गर्मी के मौसम पीने के लिए ठंडा पानी वाहर से लाना पड़ता है। यही हाल मरीज व तीमारदारों का है। अस्पताल प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से मरीजो को गला तर करने भर कोपानी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक का कहना है कि उनके पास वाटर कूलर को ठीक कराने के लिए कोई बजट नहीं है।

**भविष्य संवरेगा** | प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन योजना के तहत जून में शुरू होगा प्रशिक्षण

# डिग्री कॉलेजों में होगी रोजगार देने वाली शिक्षा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डिग्री कॉलेजों में युवा रोजगारपरक शिक्षा ग्रहण करेंगे। जल्द ही डिग्री कॉलेजों को चिह्नित कर उनमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू कर दिया जाएगा। जून के अंतिम सप्ताह तक कॉलेजों में प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।

युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन योजना चल रही है। अभी तक इस योजना के तहत एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र बनाकर उन्हें कंप्यूटर आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। एनजीओ भी सस्ते ट्रेनर रखकर युवाओं को प्रशिक्षण देकर सरकार से मोटी रकम ले रहे हैं। सस्ते ट्रेनर होने के चलते युवा ठीक तरह से प्रशिक्षित नहीं हो पा रहे। इसे देखते हुए सरकार ने डिग्री कॉलेजों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में डिग्री कॉलेजों में विभिन्न ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की देखरेख की जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन के साथ ही कौशल विकास मिशन की रहेगी। गौरतलब है कि जनपद में एक राजकीय व 79 डिग्री कॉलेज संचालित हैं।

## जिले के उद्यम आधारित ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण

जनपद में जो भी उद्यम आधारित ट्रेड होगी, उसी के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास मिशन की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में जिले के उद्यम आधारित ट्रेड में हैंडीक्राफ्ट, हेल्थ एंड केयर व अपेरल सेक्टर को शामिल किया गया है। इन ट्रेडों में तीन से छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।




## बोले जिम्मेदार

"डिग्री कॉलेजों में हैंडीक्राफ्ट, हेल्थ एंड केयर व अपेरल सेक्टर का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा। आचार संहिता समाप्त होने के बाद शासनस्तर से जनपद के चयनित डिग्री कॉलेजों की लिस्ट आ जाएगी। जून के अंतिम सप्ताह में कॉलेजों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना शुरू कर दिया जाएगा।

– आशीष कुमार, प्रबंधक, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन फर्रुखाबाद।

# जिले में बनेंगे 85 फीसदी निपुण विद्यालय

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है कि मार्च 2025 तक सभी जनपदों में कम से कम 85 प्रतिशत निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाए। महानिदेशक ने निर्देश देते हुए कहा कि निपुण विद्यालय के लिए छात्र उपस्थिति कम से कम 75 प्रतिशत रखें। पाठ्यपुस्तकों में उल्लिखित मासिक विभाजन के अनुसार कक्षावार एवं विषयवार पाठ्यक्रम प्रत्येक माह पूर्ण कराएं।

उन्होंने कहा कि प्रिंट रिच, टीएलएम व गणित किट आदि से बच्चों को पढ़ाएं। निपुण तालिका पूर्ण रखें। अक्टूबर, दिसंबर 2024 व फरवरी 2025 में निपुण विद्यालय का आंकलन कराया जाएगा। अक्टूबर व दिसंबर का आंकलन नामांकन आधारित होगा। फरवरी 2025 में शेष विद्यालयों का आंकलन कराया जाएगा। इसके लिए क्रमशः सितंबर व नवंबर 2024 में स्कूल में पंजीकृत बच्चों को परखा जाएगा। किसी विद्यालय में 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों के निपुण पाए जाने पर ही विद्यालय को निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा। विद्यालयों के प्रगतिमान स्तर के अनुश्रवण के लिए विद्यालयों को ए, बी व सी श्रेणी में वर्गीकृत किया जाए। गत शैक्षिक सत्र में डीएलएड प्रशिक्षुओं के जरिए कराए गए आंकलन को निपुण विद्यालय का आधार बनाया जा सकता है। खंड शिक्षाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद अक्टूबर, दिसंबर 2024 व फरवरी 2025 के आकलन के लिए विद्यालयों की संख्या का वर्गीकरण कर चरणवार आकलन कराए जाने के लिए विद्यालयों की सूची 15 मई तक राज्य परियोजना कार्यालय उपलब्ध करा दें।

### परिषदीय स्कूलों का चुपचाप निरीक्षण कर गए एडी बेसिक

**फर्रुखाबाद।** एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा ने बुधवार को ब्लॉक कमालगंज और मोहम्मदाबाद क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। हालांकि वह चुपचाप निरीक्षण कर जनपद से चले गए। निरीक्षण की भनक लगते ही जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में एडी बेसिक का दोपहर तक इंतजार करते रहे, लेकिन वह चुपचाप विद्यालयों का निरीक्षण कर चले गए। एडी बेसिक के आने की जानकारी मिलने पर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एक-दूसरे से फोन कर उनकी टोह लेते रहे। एडी बेसिक राजेश वर्मा ने मोबाइल पर बताया कि रुटीन का निरीक्षण करने आए थे।

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने को जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरूआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा"। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंध में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्ला है, हमारे यहां तैंतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।


मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन-सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वासनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।

अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।

मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

-फेसबुक वॉल से

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंगः तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

# अपरिपक्व उत्तराधिकारी

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

# डिजिटल फ्रॉड

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

# खून से लाल हुईं सड़कें, दुर्घटनाओं में तीन की गई जान

## कुशगवां अहिरान में पिकअप ने स्कूटी में मारी टक्कर, हाईवे पर कार-बाइक टकराईं, पीएसी बटालियन के सामने बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त

कार्यालय सवांददाता, इटावा/भरथना

- पीएसी बटालियन के सामने वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी

**अमृत विचार।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। पिछले 36 घंटों में विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक को गंभीर हालत में जिला अस्पता में भर्ती कराया गया है। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।


अमर सिंह।

भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संरायचौरी में मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी और भाग निकला। हादसे में स्कूटी सवार किसान की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने गांव के ही लोगों पर रंजिशन हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बकेवर थाना क्षेत्र के गांव कुशगवां अहिरान निवासी अमर सिंह (65) पुत्र प्रताप सिंह मंगलवार शाम को स्कूटी से कहीं जा रहे थे। तभी गांव के पास ही पिकअप चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह जमीन पर गिर पड़े। पिकप उन्हें रौदते हुए निकल गई। परिवार के लोग पहुंचे और उन्हे जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे पुत्र राहुल कुमार ने गांव के लोगों पर रंजिशन टक्कर मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात गांव आरोपी बिना नंबर वाली पिकअप वाहन से भूसा डाल रहे थे। इसी बीच आरोपियों की पिकअप उनके दरवाजे खड़े एक पेड़ की टहनी में उलझ कर फंस गई। जिस पर उसके पिता अमर सिंह ने पिकअप चालक को आराम से पिकअप चलाने की सलाह दी। पिकप चालक समेत गांव के अन्य आरोपियों ने गाली गलौज कर देख लेने की धमकी दी।

इसके कुछ देर बाद उसके पिता अमरसिंह स्कूटी पर कुछ काम से गए हुए थे वापस लौटने पर नामजदों ने पिता की स्कूटी में पिकप से पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और भाग निकले। उसने बताया कि नामजद लोगों से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

इस सम्बंध में उसने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## मंदिर जा रहे दंपति को कार ने मारी टक्कर, पत्नी की गई जान

संवादाता, महेवा

- घायल पति को जिला अस्पताल के लिए किया गया रेफर

**अमृत विचार।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर महेवा के पास बाइक से जा रहे दंपति को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस पहुंची और दोनों को सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया व गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।


मीरा मिश्रा।

क्षेत्र के ग्राम व्यासपुर निवासी अवधेश नारायण मिश्रा पुत्र स्व. विद्याशंकर मिश्रा अवकाश प्राप्त लिपिक जनता इंटर कॉलेज बकेवर अपनी पत्नी मीरा देवी उर्फ गुड्डी मिश्रा (58) को बाइक पर बैठाकर औरैया जनपद के अटसू के निकट शिवमंदिर में दर्शन करने को बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे जा रहे थे। जब वे महेवा के निकट आनेपुर ओवरब्रिज के आगे अप्पा होटल के सामने पहुंचे तभी पीछे से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनो उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार को लेकर भाग निकला।

लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। चौकी प्रभारी महेवा मोहनवीर सिंह ने दोनो को सीएचसी महेवा पहुंचाया। जहां डॉक्टर सैफ खान ने महिला मीरा देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल अवधेश मिश्रा को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।वहीं गांव में सूचना पहुंचने पर परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीएसी बटालियन के पास बाइक से जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक उछल कर दीवाल से जा टकराया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी उसके परिवार के लोगों को दी।


प्रदीप कुमार।

सैंफई थाना क्षेत्र के गांव नगला हरनाथ निवासी प्रदीप कुमार 36 वर्ष पुत्र दिसंबर नाथ किसी दूध डेयरी में काम करता था। वह अपनी बाइक को पीएसी बटालियन के सामने रह रहे अपने रिश्तेदार के यहा खडी कर देता था। वह बुधवार सुबह करीब 3:30 बजे काम पर जाने के लिए घर से निकला था। तभी पीएसी बटालियन के सामने हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिवार को दी। जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बताया कि प्रदीप की शादी दो साल पहले मनोरमा निवासी नगला नवल थाना सैफई के साथ हुई थी। वह आए दिन काम के सिलसिले से बाइक से जाया करता था। प्रदीप तीन भाई और दो बहने हैं जिसमें अपने घर का पालन पोषण करने के लिए प्रदीप घर का खर्च चलाया करता था और वह मदर डेयरी में 8 साल से फील्ड मैनेजर के पद पर तैनात था। चचेरे भाई नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि वह गंगा विहार कॉलोनी में रहते हैं और प्रदीप बाइक उसके घर पर खड़ी करके ट्रेन से जाया करते थे बुधवार को भी वह बाइक खड़ी करने के लिए घर आ रहे थे तभी हादसा हो गया। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## सार-संक्षेप


बैठक में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा की शहर के दो लाख मतदाताओं पर नजर

**इटावा।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक जोर लगाएगी और मतदाताओं को बूथ पर पहुंचाने पर सबसे अधिक मेहनत की जाएगी। इसे लेकर भाजपा के शहरी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया। निर्णय लिया गया कि शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक फोकस किया जाए और सक्रियता दिखाई जाए। यहां पार्टी के चुनाव कार्यालय पर हुई बैठक में यह भी कहा गया कि शहरी क्षेत्र में लगभग दो लाख मतदाता है इसलिए चुनाव की दृष्टि से इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भाजपा अब इस पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी। इस बैठक में पन्ना प्रमुख से लेकर अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद डॉक्टर रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इस बैठक में पार्टी के नए पुराने सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आए हैं यह खुशी की बात है। अब सबको मिलकर पार्टी को चुनाव जिताने के लिए कार्य करना है।


देर शाम मतपेटी जमा करने पहुंचे कर्मचारी। अमृत विचार

### नई मंडी में रखी गईं ईवीएम, सीआरपीएफ का पहरा

**इटावा।** जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग के बाद सभी ईवीएम यहां नई मंडी में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच रखी गईं हैं। इससे पहले जसंवतनगर विधानसभा क्षेत्र के 452 बूथों पर मंगलवार को मतदान कराया गया था। मतदान के बाद शाम को ईवीएम नई मंडी पहुंचाईं गईं और वहां कड़ी सुरक्षा में रखी गईं हैं। यहां चौबीसों घंटे पुलिस के साथ ही केंद्रीय बलों के जवान सुरक्षा कर रहे हैं। मंडी परिसर में ही 4 जून को मतगणना कराई जाएगी। जिले का जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में शामिल है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान कराया गया था और जसवंतनगर के सभी 452 बूथों पर भी मतदान कराया गया। इसके बाद यह सभी ईवीएम मंडी परिसर में सुरक्षित रख दी गईं हैं। अधिकारियों की निगरानी में यह ईवीएम रखी गईं हैं और ऐसी सुरक्षा व्यवस्था की गई है कि कोई भी यहां नहीं पहुंच सकता। इसके लिए मंडी के गेट न. 2 के पास सुरक्षा के लिए बेरीकेटिंग भी गई है ताकि कोई भी व्यक्ति उस क्षेत्र में ना पहुंच सके जिस स्थान पर ईवीएम रखी गई है। 4 जून को मतगणना कराई जाएगी और तभी इन ईवीएम को मतगणना स्थल पर ले जाया जाएगा।



आजाद ढाबे पर सिलेंडर में लगी आग। अमृत विचार

### गैस सिलेंडर में लगी आग, ढाबे में हड़कंप

**बकेवर, इटावा।** बकेवर कस्बा के पास हाईवे के किनारे स्थित आजाद ढाबे पर गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। लपटें उठती देख वहां पर खाना खा रहे लोगों में अफरा- तफरी मच गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड की दो गाडियों के मौके पर पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बीती रात लगभग 10 बजे हुई इस घटना में ढाबे पर रखे गैस सिलेंडर में भीषण आग लग गयी। काफी देर तक लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सफलता न मिलने पर बकेवर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हाईवे मोबाइल पुलिस हेड कांस्टेबल विभोर अवस्थी, कुलदीप सिंह बिजौली चौकी प्रभारी अमन खान व फायर कर्मी मौके पर पहुंचे। दो गाड़ियों से एक साथ पानी का प्रेशर डाले जाने से आग पर काबू पाया जा सका। फायर अधिकारी सुभाष चन्द्र आर्य ने बताया कि ढाबे पर गैस सिलेंडर में आग लग गई थी।

### वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, पांच महिलाएं घायल

**बसरेहर।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुर पचार के पास अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। चौबिया क्षेत्र के गांव पछायगांव निवासी सुनीता देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, रजनी पत्नी मोहित कुमार, पप्पी पत्नी भारत सिंह, रामप्यारी पत्नी सत्यवान सिंह, गिरिजा देवी पत्नी कमलेश कुमार भरथना क्षेत्र के गांव कुसना में नर्सरी में मजदूरी करने जा रहीं थीं। ऑटो शेखूपुर पचार के पास पहुंचा तभी सामने से आए तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो खड्डे में पलट गया और पांचों महिलाएं घायल हो गईं। घायलों को सरसई नावर सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर सुनीता देवी व रजनी देवी की हालत गंभीर होने के कारण पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

## लीगल एंड डिफेंस काउंसिल में नियुक्तियां हुईं

**इटावा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला जज चवन प्रकाश की अध्यक्षता में गरीब व असहाय अभियुक्तगण को निःशुल्क सहायता हेतु लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के अंतर्गत चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए राजेश कुमार सिंह एडवोकेट, डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के लिए चन्द्रेश यादव एडवोकेट तथा असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के लिए रजनी शुक्ला का चयन किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र अभियुक्तगण को प्री-अरेस्ट, अरेस्ट, रिमांड व अन्य सभी स्तरों पर आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा बुधवार को केंद्रीय कारागार, इटावा का विजिट कर कारागार में निरुद्ध बंदियों से वार्ता कर उनकी विधिक पैरवी, जमानत व रिहाई आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की गई।



थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह। अमृत विचार

## एक यूनिट रक्तदान थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए वरदान : कुलपति

**इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ब्लड बैंक में मंगलवार को थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. डॉ प्रभात कुमार सिंह ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को उपहार दिए और लोगों से रक्तदान करने की अपील की। कहा कि एक यूनिट रक्तदान थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वरदान बन सकता है।

उन्होंने बताया कि सामान्य व्यक्ति के शरीर में आरबीसी की उम्र 120 दिन होती है लेकिन थैलेसीमिया पीड़ित में उनकी उम्र 120 दिन से भी बहुत कम रह जाती है जिससे इसका असर हीमोग्लोबिन पर पड़ता है इससे शरीर में खून की कमी हो जाती है इसीलिए हर माह या फिर एक माह में दो बार तक खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। इन मरीजों की मदद के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। नर्सिंग एसोसिएशन की ओर से थैलेसीमिया दिवस पर 35 लोगों ने रक्तदान किया।

प्रति कुलपति प्रो. डॉ रमाकांत, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एसपी सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार, ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदित्य शिवहरे, डॉ. ज्योतिकला, डॉ. यतेंद्र, डॉ अरविंद, डॉ. श्वेता, डॉ. गणेश कुमार व चीफ नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## नहर में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव राजपुर नहर पुल पर दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया 16 वर्षीय किशोर डूब गया। जानकारी मिलने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन के बाद उसके शव को बाहर निकाला।


सौरभ।

ग्राम हनुमंतपुरा निवासी प्रदीप कुमार का 16वर्षीय पुत्र सौरभ उर्फ गुल्ले गांव के ही अन्य दोस्तों के साथ गांव के ही पास ग्राम राजपुर नहर पुल के निकट बुधवार दोपहर को नहाने आया था। वह गहरे पानी में जाने पर डूबने लगा तो उनके साथी करन, हिमांशु, शिवा, अनुज ने बचाने की कोशिश की तो वह भी डूबने लगे। लेकिन वह किसी तरह बच गए और पानी से बाहर खड़े होकर रोने लगे। मामले की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ किशोर की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद शव बाहर निकाला गया। किशोर का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## विवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

संवाददाता, बकेवर

- मायके वालो ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला आंबेडकर नगर में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने दहेज में बाइक न मिलने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि कुछ महीने पहले थाने में समझौता हुआ था लेकिन ससुरालियों ने माना नहीं और उसकी हत्या कर दी।


प्रियंका।

बकेवर थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर में रहने वाली 28 वर्षीय प्रियंका पत्नी हरेंद्र सिंह का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। ससुराल के लोगों ने महिला को फंदे से उतार लिया। ससुरालियों का कहना है कि किसी बात से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पिता ओरेया के थाना व गांव अयाना में रहने वाले मदन गोपाल परिजनों के साथ आ गए।

उन्होंने बताया कि बेटी से दहेज में आए दिन बाइक की डिमांड किया करते थे। जब वह पूरी नहीं कर पाए तो उसके साथ मारपीट करते थे। कुछ महीने पहले मारपीट की थी तो बकेवर थाने में भी दोनों पक्षों में समझौता कराया गया था। इसके बाद भी मारपीट करके बेटी को मार डाला। पुलिस ने शव का का पोस्टमार्टम करवाया है।

मृतका की छह साल की बेटी रिया व पांच साल के बेटे आयुष का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मायके वालों ने कहा कि प्रियंका की सांसें चल रही हैं। इस पर जिला अस्पताल भिजवाया, डॉक्टरों ने चेकअप करके मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

## ज्यादातर वाटर कूलर खराब, कैसे बुझेगी प्यास

बकेवर संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा में नगर पंचायत द्वारा लगाए गए 13 वाटर कूलर में से 10 के कंप्रेशर खराब हो जाने से ये बंद पड़े हैं। इससे राहगीरों और कस्बे के लोगों को पीने के लिए ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं नगर पंचायत द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बकेवर में लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पीने के लिए नगर पंचायत ने दो साल पहले सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर 13 स्थानों पर लगवाए थे।

यह वाटर कूलर कस्बा के चौराहे पर दो स्थानों पर इटावा औदर लखना रोड पर, एक पंचायत कार्यालय के पास जनता विद्यालय इंटर कॉलेज के सामने, एक 50 सैया अस्पताल के सामने लगा हुआ है। इसके अलावा भरथना रोड पर राम जानकी मंदिर के पास, बिजली घर के पास और औरैया रोड पर परमहंस मंदिर के आगे अंबेडकर पार्क के पास एक वाटर कूलर लगाया गया था। इनमें से 10 वाटर कूलर में से ठंडा पानी नहीं आ रहा।

## भाजपा की जीत से नई पीढ़ी होगी सशक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा में भाजपा महिला मोर्चा लोकसभा सम्मेलन पार्टी के चुनाव कार्यालय पर हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी और योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर-घर जाएं और वोट रूपी समर्थन मांगें।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव सिर्फ प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव नहीं बल्कि देश बनाने देश बढ़ाने और नई पीढ़ी को एक सशक्त और खुशहाल जीवन देने की नींव है। महिला मोर्चा प्रभारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ज्योति शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष विरला शाक्य ने किया। कानपुर देहात जिला अध्यक्ष रेणुका सचान, औरैया जिला अध्यक्ष मंजू चौहान, कानपुर बुंदेलखंड की क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनीता गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, राधा पाल, सीमा सिंह, श्याम राजपूत, गुड्डी बाजपेई, राबिया सुल्तान, प्रीति दुबे, सीता मिश्रा, ज्योति पालीवाल, सीमा यादव, पुष्पा तोमर मौजूद रहे।



प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रतीक चिह्न देतीं भाजपा महिला कार्यकर्ता। अमृत विचार

धर्म-कर्म

ग्राम नगला गौर में 101 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर चार किलोमीटर परिक्रमा की

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ग्राम नगला गौर में बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर लगभग चार किलोमीटर की परिक्रमा की। कलश यात्रा गांव स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर पूरी हुई। जिसके बाद भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। इसमें आचार्य मनोज अवस्थी महाराज ने भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराया।

इस भव्य आयोजन में सुरेश यादव, वीरेंद्र यादव, विश्वनाथ यादव, मेघ सिंह यादव, कल्लू यादव, भूरे यादव, उमेश यादव, प्रमोद यादव, पिंटू यादव, धर्मेंद्र, पं नरसिंह, हरि पंडित, सौरभ, विजेंद्र भदोरिया, अखिलेश यादव, सतीश बिधौलिया, अभिषेक यादव, होली यादव, हरिओम यादव, रतन चौधरी, अनिल भदौरिया, मूल चंद्र राठौर, मुनेश यादव, अतुल सविता व राम रतन सविता सहित सैकड़ो भक्तों ने कथा का रसपान किया।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ में झूमे भक्त

**इटावा।** बॉबी चिल्ड्रन एकेडमी पर संगीतमय सुंदर कांड का पाठ बड़े ही भक्तिभाव के साथ किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ देवेश शास्त्री, प्रखर गोड़ सहित मंडली ने किया। भारतीय उधोग व्यापार मण्डल की महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता ने बताया विश्व शांति की कामना के लिये भारतीय उधोग व्यापार मण्डल समय समय पर धार्मिक आयोजन करता है जिससे धर्म की प्रभावना भी होती है। कार्यक्रम में शहर एवं कस्बो से अनेक भक्तो एवं व्यापारियों ने आकर सुंदरकांड पाठ का आनन्द लिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री आकाश जैन, शहर अध्यक्ष रजत जैन, मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, वरिष्ठ सदस्य शुभा चौहान, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, हिमांशू सैनी, शहर कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह चौहान, संध्या चौहान, अर्चना चौहान, गार्गी, दीपाली सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

प्रारूप सी-1
(समाचार पत्र, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता- **डा. राम शंकर कठेरिया**
**1. टीचर्स होम विश्वविद्यालय परिषद रबांदारी, आगरा।**

राजनैतिक दल का नाम- **भारतीय जनता पार्टी**
(**निर्दलीय अभ्यार्थी यहाॅ** ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नामः- **लोकसभा सामान्य निर्वाचन**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम - **41 इटावा (अ0जा0)**

**मैं डा. राम शंकर कठेरिया** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पुर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः-

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम | मामले की सं0 एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमो की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7753/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 2. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7754/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 3. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7755/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283/506 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के सम्बन्धमें विवरण

| क्र0सं0 | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य सभा के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन-क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# हर मतदाता को जगाना है, सभी को वोट डालने जाना है

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तिलक स्टेडियम से निकाली गई पिंक स्कूटी रैली, डीएम और सीडीओ ने दिखाई झंडी

कार्यालय संवाददाता, औरैया



पिंक स्कूटी रैली को रवाना करतीं डीएम एवं सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से तिलक स्टेडियम औरैया से पिंक स्कूटी रैली निकाली गई। इसको हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि एक मजबूत और स्वतंत्र लोकतंत्र की स्थापना के लिए अधिकाधिक मतदान होना आवश्यक है जिसके लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है।

- जनसमूह को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

उन्होंने जनसमूह से कहा कि वह मतदान के प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने आप-पडोस सहित सभी मिलने वालों से 13 मई को मतदान दिवस पर अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करें और उन्हें मतदान के महत्व को भी बताएं जिससे कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूट नहीं और शत प्रतिशत मतदान संभव हो सके। इस अवसर पर मौजूद जनसमूह को मतदाता शपथ दिलाई गई।

रैली तिलक स्टेडियम से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, तहसील होते हुए एलजी गार्डन, लखन वाटिका, बाईपास फफूंद मार्ग, दीवानी जेसीज चौराहा, ब्लॉक गेट होते हुए तिलक स्टेडियम में समापन हुआ। रैली में बड़ी संख्या में बेसिक प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, बीएसए अनिल कुमार,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल, सहायक प्रभारी स्वीप कमलेश पांडे सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 14,483 युवा मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

**ककोर, औरैया।** पिछले लोकसभा चुनाव से इस बार वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं पहली बार दिबियापुर, औरैया एवं बिधूना की विधानसभा में 14483 युवा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। बिधूना विधानसभा में 5047, दिबियापुर विधानसभा में 4687, औरैया विधानसभा में 4749 युवा मतदाता वोट डालेंगे। जिला औरैया में तीनों विधानसभा में बिधूना विधानसभा में 287 तथा 404 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। वहीं 200293 पुरुष 167316 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।वही 25 थर्ड जेंडर मिलकर 367634 मतदाता प्रत्याशी की किस्मत का फैसला करेंगे। जबकि 85 साल से ऊपर 2906 बुजुर्ग मतदाता है। दिबियापुर विधानसभा में 361 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। वहीं 177315 पुरुष मतदाता तथा 148966 महिला मतदाता मिलाकर कुल 326287 मतदाता अपना मत देंगे। वही 18 से 19 साल के युवा 4687 भी पहली बार मत का प्रयोग करेंगे। औरैया विधानसभा में 374 पोलिंग स्टेशन में 181147 पुरुष 152849 महिला मतदाता के साथ कुल 334005 मत का प्रयोग करेंगे।औरैया युवा 4749 पहली बार मत का प्रयोग करेंगे। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 1287 है। इस प्रकार से जिला औरैया में 1139 पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। जिनमें से जिले औरैया की तीनों विधानसभा में कुल मतदाता 10 लाख 27 हजार 926 मतदाता है। वही युवा मतदाता 14483 पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण के दौरान दिए जरूरी निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत 13 मई को होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए आप लोगों की प्रमुख भूमिका है। इसलिए मतदान संबंधी प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट सहित प्रपत्रों को तैयार करने एवं मतपत्र लेखा आदि को सही एवं स्पष्ट निर्धारित प्रपत्रों में भरने के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण में जिम्मेदारी को पूरी लगन से समझ लें। डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण के दौरान दिए।

कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और यदि किसी के द्वारा कोई नियम विरुद्ध कार्य किया जाता है तो भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी हर संभव प्रयास करके सुनिश्चित कराएं। एडीएम / उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान मौजूद जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने व पीठासीन अधिकारियों के मोबाइल में एमपीएस मोबाइल एप 12 मई को डाउनलोड कराने के निर्देश दिए और कहा कि कोई असुविधा हो तो मोबाइल नंबर 90275772 52 तथा 7500326456 पर संपर्क कर समस्या का निस्तारण करते हुए सूचनाओं का प्रेषण सुनिश्चित करें।

एसडीएम सदर राकेश कुमार, एसडीएम अजीतमलराम अवतार, एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र, डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, ई डिस्टिक मैनेजर विपिन पाल, मास्टर ट्रेनर्स मनीष कुमार सहित सभी संबंधित जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# बच्चे का अपहरण करने वाले को चार घंटे में पकड़ा

संवाददाता, अयाना

- महिला साथ नहीं गई तो कर लिया था बच्चे का अपहरण

**अमृत विचार।** मायके में रह रही महिला के साथ जाने से इंकार करने पर उसके बेटे का अपहरण कर लिया गया। बच्चे की नानी ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर थाने में दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार घंटे में बच्चे को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोठी दासपुर निवासी लौंगश्री ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी रेखा की शादी कानपुर देहात के अमराहट थाना क्षेत्र के महेशपुर निवासी भगवानदास के साथ हुई थी। वर्तमान में बेटी मायके में रह रही है। मंगलवार देर शाम को उसका तीन वर्षीय बेटा आदित्य घर के बाहर खेल रहा था। तभी उसका मैनपुरी के औछा थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर निवासी कल्लू उर्फ रंजीत ने अपहरण कर लिया।

थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने टीम के साथ सैफई में करहल मार्ग पर घेराबंदी कर बच्चे को सकुशल बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रेखा का पति शराब का आदि था। इसके चलते वह अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान व उसके संपर्क में आ गया था। वह उससे कई बार साथ चलने के लिए बोला लेकिन वह मना कर देती थी।


आरोपी कल्लू। अमृत विचार

मंगलवार देर शाम को वह उसे लेने के लिए कोठी दासपुर गया था लेकिन वह साथ जाने को राजी नहीं हुई तो उसने रेखा के मासूम बेटे का अपहरण कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मासूम को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

# बच्चों को समय देने का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, औरैया


पुरस्कार वितरित करतीं प्रधानाचार्य मीनाक्षी नरूला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल में 'पेन लाइसेंस सेरेमनी' एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन अध्यक्ष अनिल हांडा, संस्थापक एवं सचिव देवेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी नरुला, अभिभावकों ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इसके बाद आधुनिक जमाने की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अपने बच्चों को समय देने के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों ने लघु नाटक प्रस्तुत किया। यह देखकर दर्शकों ने विद्यार्थियों की जमकर प्रशंसा की। इसके बाद पांचवी के विद्यार्थियों को 'पेन साइलेंस वितरित किए गए।

प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी नरुला ने कहा कि कलम का हमारें जीवन में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान हैं आज हम जिन शास्त्रों एवं साहित्य पर गर्व करते हैं ये कलम के कारण ही हमारे ज्ञान को और विस्तृत करते है जिस प्रकार वाहन चलाते समय हमें 'लाइसेंस' की आवश्यकता पड़ती है। उसी प्रकार जीवन चलाने के लिए कलम की आवश्यकता पड़ती है। वहीं संबंधित कक्षा एवं विषयों में अप्रतिम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

## अमित शाह की सभा में शामिल हुए बिधूना के भाजपाई

**बिधूना-औरैया।** बुधवार को भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में तिर्वा में आयोजित ग्रह मंत्री अमित शाह की जनसभा में बिधूना विधानसभा क्षेत्र से भी भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।

जनसभा से वापस लौटकर आये कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज दिखे। जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह कुशवाह, रनवीर सिंह चौहान, अशोक चौहान सभासद,बाबी कुशवाह, राजेन्द्र सिंह भदौरिया एडवोकेट,रघुवीर कठेरिया,बंटू अवस्थी, संतोष सक्सेना आकाश सविता आदि मौजूद थे।

# क्षत्रियों की गुटबाजी कहीं भाजपा पर न पड़ जाए भारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- महाराणा प्रताप जयंती मनाने को लेकर क्षत्रिय समाज दो गुटों में बंटा
- गौरव रघुवंशी ने पुलिस कस्टडी पर जताया रोष, सीओ ने नजरबंद की बात से किया इंकार

**अमृत विचार।** क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की 9 मई को बिधूना के शाकुंतलम गेस्ट हाउस में जयंती मनाने को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने इसकी जिम्मेदारी भी गौरव रघुवंशी आदि कुछ क्षत्रिय नेताओं को सौंप दी थी। वहीं दूसरी ओर जब यह जानकारी फैली तो भाजपा नेता अभय सिंह सेंगर द्वारा इसी तिथि को जेटी गार्डन गेस्ट हाउस में महाराणा प्रताप की जयंती मनाने की घोषणा कर इसके लिए प्रशासन से अनुमति भी हासिल कर ली गई लेकिन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिली।

यह क्षत्रिय गुट भी जयंती मनाने को अडिग हुआ जिस पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अखिल भारतीय महासभा गुट के नेता गौरव रघुवंशी को सिपाहियों से बुलवाकर मंगलवार कोतवाली में बैठा लिया । इस पर क्षत्रिय समाज का गुस्सा भी भड़क गया और बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचकर वहां उन्हें छोड़ने के लिए हंगामा करने लगे। आसपास के कई थानों की पुलिस भी वहां बुला ली गई। जनचर्चा तो आम यह है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा गुट के क्षत्रियों को सपा गुट का मान कर उन्हें कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिली। क्षत्रिय समाज के नेता गौरव रघुवंशी को कोतवाली में बैठाए जाने की जानकारी मिलते हैं क्षत्रिय समाज के नेता दीपू सिंह, सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह, सपा पूर्वांचल के एक विधायक आदि कई प्रमुख नेताओं के साथ बड़ी संख्या में आक्रोशित क्षत्रिय समाज के लोग कोतवाली में एकत्र हो गए।

बाद में क्षत्रिय नेता गौरव रघुवंशी से उनसे किसी नोटिस पर हस्ताक्षर कराकर छोड़ दिया गया। गौरव ने कहा है कि वह न तो सपा में है और न ही भाजपा में है, लेकिन महाराणा प्रताप की जयंती मनाने की परमीशन लेने के जुर्म में उन्हें घर से सिपाहियों से बुलवाकर पुलिस कस्टडी में 8 घंटे रखा गया।

हालांकि इस संबंध में सीओ बिधूना अशोक कुमार सिंह ने गौरव रघुवंशी आदि किसी क्षत्रिय नेता को नजरबंद किए जाने की बात से साफ इंकार किया है। औरैया जिले के अंतर्गत आने वाले कन्नौज व इटावा लोकसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से क्षत्रिय समाज के लोग दो धड़ों में बटे नजर आ रहे हैं,उससे यह गुटबाजी कहीं भाजपा पर भारी की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि क्षत्रिय समाज के मतदाता भाजपा के पक्ष में एकजुट हैं। गुटबाजी की बात बेबुनियाद है।


फूल मालाओं से बेटे का स्वागत करते माता-पिता। अमृत विचार

# युवराज ने नेशनल कराटे में जीता स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को उत्तराखंड में हुई 6वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर कानपुर सहित कई बालक-बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीते। वहीं आकांक्षा कराटे क्लासेज़ एंड स्पोर्ट एकेडमी के सिहान राज प्रताप सिंह ने बताया कि जूनियर वर्ग में जनपद औरैया से युवराज सिंह यादव पुत्र योगेन्द्र सिंह यादव ग्राम इकौरापुर ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर गांव एवं जिले का नाम रोशन किया।

# वोट मांग रहे परिषदीय अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कई शिक्षकों का फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- सपा के समर्थन में दिखे प्राथमिक विद्यालय पैंतुआ के शिक्षक रवि

**अमृत विचार।** बिधूना विधानसभा क्षेत्र के कई शिक्षकों का फोटो व वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें वे एक राजनीतिक पार्टी के समर्थन में वोट मांगते दिख रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस फोटो की पुष्टि नही करता है।

ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें किसान इंटर कॉलेज कुदरकोट के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपियांपुर एरवाकटरा के रामनरेश यादव वोट मांगते दिख रहे है। ऐसे ही अन्य अध्यापकों की फ़ोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। देखना है कि अब क्या कार्यवाही करता है जिला प्रशासन।

वहीं मंगलवार को औरैया में जनसभा करने आए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के मंच पर प्राथमिक विद्यालय पैंतुआ विकासखंड अछल्दा में तैनात शिक्षक रवि यादव सपा के समर्थन में दिखे। वह पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।


वोट मांगते लाल घेरे में शिक्षक रामनरेश यादव। अमृत विचार


जनसभा मंच पर मौजूद लाल घेरे में शिक्षक रवि यादव। अमृत विचार

## जन्मोत्सव पर पं. श्याम बिहारी को किया याद

**औरैया।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के जिला अध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू वाजपेई के नेतृत्व में युवा व्यापार मंडल, महिला व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच, उत्तर प्रदेश आईटी सेल व समस्त व्यापारिक संगठन एवं सम्मानित पदाधिकारियों ने व्यापारी नेता रहे स्व. पंडित श्याम बिहारी मिश्रा का भावपूर्ण स्मरण कर जन्मोत्सव श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू वाजपेई ने कहा कि स्व. श्याम बिहारी मिश्रा व्यापारियों के मसीहा थे। उन्होंने मांग की कि स्व. मिश्रा के जन्मदिन आठ मई को व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। स्वतंत्र अग्रवाल, सतीश वर्मा, अमर बिश्नोई, मयंक शुक्ला, रमन मिश्रा, रितेश गुप्ता, रानू पांडे, सक्षम गुप्ता, आरती नंदन तिवारी, समरान नसीम, गोल्डी सरदार, मंजीत सरदार, माधव मराठा, रामू गुप्ता, दीपक पुरवार, अनिल दुबे, जितेंद्र भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बाइकों की टक्कर में पति-पत्नी घायल

**अछल्दा** ग्राम जरैला निवासी नील कमल पुत्र राम स्वरूप अपनी पत्नी उर्मिला के साथ बाइक से शाम को रिश्तेदारी से वापस घर जा रहा था। तभी बहारपुरा रोड पर मिल के पास में सामने से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती करवाया गया,जहां पति पत्नी की हालत नाजुक होने पर सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया।


ग्रामीणों को जागरूक करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**अजीतमल।** ग्राम पंचायत अमिलिया,पेगुपुर, सोनासी, रूप शाह मुड़ेना, अमावता के अलावा अजीतमल , बाबरपुर नगर सहित दर्जनों गांवों में लोगो से संघ के प्रचारक अनूप ने जन संपर्क कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।आगामी 13 मई को चौथे चरण के चुनाव होने हैं, जिसमे अधिक से अधिक मतदाता जागरूक हो और अधिक से अधिक मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर जिला सह संघ चालक उपेंद्र त्रिपाठी, नगर कार्यवाह विपिन चतुर्वेदी, जिला पर्यावरण प्रमुख नीरज त्रिपाठी, व्रजनंदन, नंदू नगर प्रचारक, खंड कार्यवाह गौरव त्रिपाठी, ओम प्रकाश सेंगर,आनंद कुमार अवस्थी आदि संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोहा मंडी में नि:शुल्क प्याऊ शुरू कराया

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा बुधवार को सुबह श्रीभगवान एंड संस के प्रतिष्ठान लोहा मंडी दिबियापुर रोड, औरैया में नि :शुल्क प्याऊ शुरू कराया गया। समाजसेवी भगवान पोरवाल राहगीरों को मिष्ठान व मटके का शीतल जल पिलाकर प्याऊ का प्रारंभ किया। संयोजक रानू पोरवाल ने बताया कि महिलाओं, छात्र-छात्राओं, ऑटो ई रिक्शा चालकों को काफी राहत मिलेगी। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि समिति द्वारा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर भी शीघ्र नि :शुल्क प्याऊ लगवाये जाएंगे। सखी ग्रुप की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई, संगीता भदौरिया, तेज बहादुर, शेखर गुप्ता, तिलक महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, यश पोरवाल, आदित्य पोरवाल, सुनील अवस्थी, आनन्द गुप्ता, संजय अग्रवाल, संतोष कुशवाहा, अखिलेश पोरवाल, हिमांशु दुबे, दिलीप कुमार व आसपास के व्यापारी मौजूद रहे।


पानी पिलाते संस्था के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फफूंद, औरैया।** बुधवार को क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पति के साथ अकेली रहती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव बन का पुरवा निवासी अवनीश की 22 वर्षीय पत्नी रिंकी ने बुधवार को लगभग चार बजे घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरा मे अपनी चुनरी से फंदा बनाकर छत में लगे पंखा से लटककर जान दे दी। घटना के समय पति घर पर नही था। ग्रामीणों ने बताया कि वह प्लांट में काम करता है। मृतका की सास सरोज जो अपने दूसरे बेटा के साथ दिल्ली में रहती है, चार दिन पहले गांव आई है। वह गांव में कहीं गई हुई थी। पति घर आया तो उसने गांव घसा का पूर्वा चौकी कंचोसी, थाना दिबियापुर निवासी अपने ससुर रामशंकर को फोन पर सूचना दी सूचना दी। लगभग दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी उसके कोई संतान नहीं थी। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही मिली है।

## 10 को गज केसरी योग में मनेगी अक्षय तृतीया

**फफूंद, औरैया।** अक्षय तृतीया पर्व पर उच्च चंद्रमा और गुरु के कारण इस बार गज केसरी योग बन रहा है।सूर्य मेष राशि में और चंद्रमा वृष राशि में रहेंगे। दोनों के उच्च राशि में रहने के कारण इस दिन पूजा व अच्छे कार्यों का पुण्य बेकार नहीं जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। फफूंद क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी भगवताचार्य पंडित विष्णु दत्त शुक्ला( विष्णु) बताते हैं कि अक्षय तृतीया तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है यानी इस तारीख पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए किसी मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है।


विष्णु दत्त शुक्ला।

**दलबदल** प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने पहनाई पट्टिका, बाबरपुर में डॉ . राम शंकर कठेरिया ने किया स्वागत

# नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता सपा छोड़कर भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद औरैया के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने अपने तमाम समर्थकों के साथ बुधवार को सपा छोड़कर भाजपा में शामि हो गए। वहीं इटावा लोकसभा की बैठक लेने कानपुर से इटावा की ओर निकल रहे भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अनूप गुप्ता के आवास पर रुककर उनको भाजपा की पट्टिका पहनाकर भाजपा में शामिल किया।

औरैया सीमा पर महटोली में भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदेश संगठन मंत्री का जोरदार स्वागत किया। संयोजक रजनीश पांडेय, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, जिला महामंत्री कौशल राजपूत, जिला महामंत्री शिव सिंह, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, मंडल प्रभारी औरैया देहात लल्ला शर्मा, जिला मंत्री राहुल गुप्ता, अवधेश भदौरिया, लव तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व कस्बा बाबरपुर में चंद्रशेखर सोनी के आवास पर इटावा लोकसभा के प्रत्याशी डा. राम शंकर कठेरिया ने अनूप गुप्ता का स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, स्वदेश प्रकाश पोरवाल, चेयरमैन इंदू गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रानी पोरवाल, पूर्व चेयरमैन मदन पोरवाल मौजूद रहे।


अनूप गुप्ता को पट्टिका पहनाते प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह। अमृत विचार

### वैश्य एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हुए भाजपाई

**औरैया।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उप्र उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व समाजसेवी अजय गुप्ता पैराडाइज व व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता को भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता चुन्नू, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओपी गुप्ता,पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश अवस्थी की उपस्थिति में सदस्यता दिलाई गई। अजय गुप्ता पैराडाइज ने भाजपा की सदस्यता लेते ही कहा कि सपा पार्टी में व्यापारियों का शोषण किया जाता था। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए समर्पित पार्टी है।


भाजपा की पट्टिका पहनाते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

## एक नजर

### एयर इंडिया की 3 और इंडिगो की 2 उड़ानें रद

**अमृत विचार, सरोजनीनगर/लखनऊ:** पायलटों व केबिन सदस्यों के अचानक छुट्टी पर जाने से अमौसी एयरपोर्ट से मुंबई जाने और बंगलुरू से आने और जाने वाली तीन उड़ानें रद हो गईं। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, बंगलुरू जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1428 एवं लखनऊ से मुंबई जाने वाले आईएक्स-2784 को निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा बंगलुरू से आने वाली (आईएक्स-2472) भी रद्द कर दी गई। इसके अलावा अन्य कारणों से इंडिगो की दिल्ली-लखनऊ 6ई 5081 और हैदराबाद-लखनऊ 6ई-453 उड़ान भी रद कर दी गई।

### एनडीए प्रत्याशी के लिए रालोद ने घर-घर वोट मांगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में 'घर-घर गली-गली' प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत बुधवार को प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल के द्वारा लखनऊ के यदुनाथ सान्याल वार्ड के कटरा मकबूल गंज क्षेत्र में हुई। एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में घर-घर जाकर वोट मांगे और भारी वोटों से जिताने की अपील की। इस मौके पर यदुनाथ सान्याल वार्ड के भाजपा के संजू पाण्डेय एवं पार्षद दल के उप नेता सदन सुशील तिवारी पम्मी उपस्थित रहे।

### आशियाना में 3 मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग सील

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को आशियाना और पीजीआई क्षेत्र में मानक विपरीत बनाये गए व्यावसायिक व आवासीय निर्माण सील कर दिये। अमर पाल सिंह राठौर व अन्य द्वारा पीजीआई थानाक्षेत्र के साउथ सिटी, रत्नाकरखण्ड में सेटबैक को कवर करते हुए तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। एमपी तिवारी व अन्य द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर आई में भूतल व प्रथम तल तक आवासीय भवन का निर्माण कराया गया था। तेलीबाग में शनि मंदिर चौराहे के पास गोरख नाथ यादव द्वारा लोवर व अपर ग्राउंड फ्लोर का निर्माण किया जा रहा था।

# राम मंदिर पर सत्तापक्ष और विपक्ष में संघर्ष तेज

## योगी और अमित शाह ने राहुल-अखिलेश को हिंदू और राम मंदिर का विरोधी ठहराया | अखिलेश बोले- हम भी राम समर्थक, प्रियंका ने कहा- राहुल के खिलाफ भाजपा का दुष्प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का चौथा चरण करीब है और इस बीच राम मंदिर को लेकर राजनीतिक बयानबाजियां तीखीं होती जा रहीं हैं। प्रदेश में चुनावी जनसभाएं करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सीधेतौर पर हिंदू व राम मंदिर का विरोधी ठहरा दिया। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने-अपने बयानों में इस आरोप को बेबुनियाद ठहराया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर कांग्रेस और सपा को राम मंदिर का विरोधी बताते आ रहे हैं। बुधवार को भी उन्होंने इसी कड़ी में आगे कहा, यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है।

दरअसल, यह मुद्दा मंगलवार को उस वक्त और गरमा गया जब सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को वास्तु की नजर से सही न ठहराते हुए इसे बेकार करार दे दिया। हालांकि बुधवार को मीडिया से इस संबध में उठे एक सवाल के जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम के विरोधी नहीं हैं। हम सब भगवान को मानते हैं।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में पार्टी नेता राहुल गांधी के बचाव में कहा कि भाजपा की ओर से ऐसी प्रतिक्रियाएं राहुल की छवि खराब करने को लेकर है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बात करती है लेकिन लोगों से जुड़े वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं करती।



### कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अलग-अलग जिलों में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है।

# मस्जिद के लिए चंदे की वसूली का मामला दर्ज

## अयोध्या में बननी है मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास
- इंडो इस्लामिक फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने दिया प्रार्थना-पत्र

**अमृत विचार :** अयोध्या में इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निर्माण के लिए प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल आईजी से मिला, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, अयोध्या कार्यालय :** चंदा वसूली के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नियावां के फेडरल बैंक में खोले गए खाते के संबध में यहां रिपोर्ट दर्ज करवा जांच व कार्रवाई कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस काले धंधे में शामिल लोगों की पहचान व तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराना जरूरी है।

### इसलिए वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

# भाजपा ने परोसी महंगाई और बेरोजगारी : गुरदीप सप्पल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने कहा कि पिछले 10 सालों में अच्छे दिन के बजाय भाजपा ने देश के सामने महंगाई व बेरोजगारी परोसी है। कांग्रेस शासन में हुए विकास कार्यों पर रोक लगा दी दी गई है। तीन चरणों के चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता का गुस्सा स्पष्ट हो चुका है। सप्पल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी अभियान में 'वन रैंक, वन पेंशन' की बात करते थे, वह अग्निवीर योजना के आ जाने के बाद 'नो रैंक, नो पेंशन' पर पहुंच गई है। दस साल पहले मोदी जिस कश्मीर नीति को पूरी दुनिया में अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते थे, 10 साल बाद भाजपा कश्मीर में अपने उम्मीदवार चुनाव में उतारने तक से घबरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया था, पर भाजपा सरकार में बेटियों पर अत्याचार करने वाले भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह और प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई करने की हिम्मत भाजपा नहीं कर पा रही है।

### अफजाल और नुसरत दोनों खरीदेंगे पर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अफजाल अंसारी और उनकी बेटी नुसरत दोनों पर्चा खरीदने जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान फैसला अफजाल के पक्ष में आने पर अफजाल स्वयं लड़ेंगे अन्यथा नुसरत को प्रत्याशी माना जाएगा। यह फैसला इंडी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व ने भी लिया है।

गौरतलब हो कि अफजाल अंसारी की सजा पर इलाहाबाद हाईकोर्ट 13 मई को सुनवाई करेगा। ऐसी स्थिति में फैसला उनके पक्ष में भी आ सकता है और विपक्ष में भी। इसी को ध्यान में रखते हुए इंडी गठबंधन ने दोनों को पर्चा खरीदने का निर्देश दिया है। अफजाल स्वयं भी इस पक्ष में थे कि उनके अलावा बेटी भी पर्चा खरीदे। उधर, नुसरत लगातार अपने पक्ष में चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ वह समर्थकों के साथ गांव-गांव पहुंचकर अपने पक्ष में वोट मांग रही हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष बदला तो राष्ट्रीय अध्यक्ष क्यों नहीं : बृजलाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, सपा ने बताया था कि स्वयं के चुनाव में व्यस्त होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष को हटाया



राज्यसभा सदस्य बृजलाल।

**अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाने जा रहा है। बृजलाल बुधवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा की हालत इतनी खराब है कि पार्टी ने अचानक प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया। सपा द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष अब अपने चुनाव में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें क्षेत्र भेजा गया। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष भी तो चुनाव लड़ रहे हैं। वह पद पर क्यों विद्यमान हैं। कहा कि आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। कहा कि इंडी अलायंस के नेताओं ने पहले चुनाव को मजहबी रंग देने का काम किया। अब वे जाति और रंग के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं।

# आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में 25 और नाम सामने आए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हैं शामिल, ट्रेस की जा रही लोकेशन, गिरफ्तारी जल्द

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने वाले 25 और शातिर एसटीएफ की रडार पर हैं। तफ्तीश के दौरान पता चला है कि ये लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रश्नपत्र लीक कराने वालों के रैकेट में शामिल थे।

गौरतलब हो कि एसटीएफ और उप्र. पुलिस की टीम ने पेपर लीक कराने में शामिल 196 शातिरों को अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे हुई पूछताछ के दौरान 25 उन शातिरों के नाम सामने आए हैं, जो इस प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़े हुए थे। एसटीएफ इन आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। इसके अलावा सक्रिय 29 गिरोहों का पता लगाकर कार्रवाई शुरू की है।

### ईडी भी करेगी जांच

उधर, प्रवर्तन निदेशालय भी इस प्रकरण की जांच करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मामला भी दर्ज कर लिया है। जल्द ही निदेशालय के अधिकारी एसटीएफ से अभिलेख प्राप्त करेंगे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, दोनों परीक्षाओं से जुड़े 16 मास्टरमाइंड पर ईडी की विशेष नजर है।

### बारिश-ओलावृष्टि से तबाह 14 हजार किसानों को मिली क्षतिपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार में लगातार मुद्दा उठने पर प्रदेश में रबी फसलों के व्यक्तिगत दावों का बीमा कंपनियों ने भुगतान कर दिया है। करीब 14 हजार किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के 18 करोड़ रुपये मिले हैं। जो कंपनियां बचाने में लगी थीं। इसमें ज्यादा क्लेम महोबा के किसानों को मिला है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित रबी की फसल गेहूं, आलू, सरसों, जौं, मटर, सरसों, मसूर आदि 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हो गईं थी। किसानों ने टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। लेकिन, क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने तय समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं की और भुगतान से बचती रहीं।

# 7वां चरण : 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 7वें चरण के चुनाव में बुधवार को 14 लोकसभा प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण में 14 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में दो, कुशीनगर में एक, देवरिया में दो, घोसी में दो, सलेमपुर में एक, गाजीपुर में एक, चंदौली में एक, वाराणसी में दो व मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महराजगंज सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी छेदी मजदूर ने नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अल-हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद व निर्दलीय प्रत्याशी में राधेश्याम सेहरा ने नामांकन किया। कुशीनगर सीट के लिए अपना दल यूनाइटेड पार्टी से अमीरूद्दीन ने नामांकन किया। देवरिया क्षेत्र के लिए जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी हरिकेश ने नामांकन किया। घोसी क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से बाल कृष्ण व जनराज्य पार्टी से राम नरेश यादव ने नामांकन किया। सलेमपुर क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से रवीन्द्र ने नामांकन किया।

## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो भारी न हो, हलका 2. जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3. (छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।

4. 1. भेद-प्रभेद 2. पार्थक्य, अलगाव, फूट 3. अंतर, प्रकार 4. खंड, विभाग 5. एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6. विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।

6. 1. अविचल होने की अवस्था या भाव 2. दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2. स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3. स्थिरता।

8. 1. हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2. कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2. आविर्भाव, अवतार 3. ज़ाहिर होना 4. उत्पत्ति, पैदाइश।

2. 1. अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2. समान भाव से रहने वाला। 3. दे. गुदा।

5. 1. याद आना, याद करना, हाल-चाल जानना 2. स्मरण होना।

6. 1. एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2. एक प्रकार का पीला पत्थर 3. एक प्रकार की लाख की रंगाई।

7. 1. धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2. समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3. तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4. सूत, तागा। (मु.)-तार कर देना : टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।



### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | | | 2 प | | | |
| टी | | 3 प | र | लो | क | |
| न | | 4 से | व | | | 5 सा |
| | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | | दि | | | वा |
| | | | गा | | | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | |

## सुडोकू -143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

# 75 सरकारी अस्पतालों से मोबाइल फोन पर मिलने लगी खून की जांच रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 सरकारी अस्पतालों से मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर खून की जांच रिपोर्ट दी जाने लगी है। जल्द ही शेष करीब 275 अस्पतालों में यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। अब मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर के मुताबिक राजधानी के बलरामपुर अस्पताल, लोकबंधु, सिविल अस्पताल, झलकारी बाई, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल, ठाकुरगंज जिला अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन जांच रिपोर्ट दी जा रही है। पूर्वी उप्र. में प्रयागराज व वाराणसी के चार-चार अस्पताल, अयोध्या व बस्ती के तीन-तीन, बलरामपुर, मऊ व बाराबंकी के दो-दो, आजमगढ़, बलिया, गोण्डा, जौनपुर, कुशीनगर, भदोही, चंदौली, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और सीतापुर के एक-एक अस्पताल में भी ऑनलाइन जांच रिपोर्ट भेजने की शुरूआत हो चुकी है।


इसी तरह मध्य उप्र. में कानपुर व महोबा के दो-दो, उन्नाव, उरई व मैनपुरी के एक-एक अस्पताल में यह सुविधा काम कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद व रामपुर के तीन-तीन, बरेली, इटावा, आगरा, फर्रुखाबाद, हाथरस, मुजफ्फरनगर, ललितपुर, मुरादाबाद के दो-दो और सीतापुर, अमरोहा, बदायूं, बिजनौर, कन्नौज, पीलीभीत, बुलंदशहर, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर के एक-एक अस्पताल में मोबाइल पर रिपोर्ट भेजने की सुविधा मरीजों को मिल रही है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04.17 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-कृत्तिका 11.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह** — आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या** — आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** — आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**धनु** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर** — आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन** — आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies — सिक्का, सुबह : 10.06; तकदीर का तमाशा, रात : 07.00

Sony Pix — स्टुअर्ट लिटिल, सुबह : 10.21; 300, रात : 09.12

&pictures — सैंडविच, सुबह : 10.43; होटल मुंबई, रात : 08.00

Zee Cinema — डोर, सुबह : 11.30; प्रेम कहानी, रात : 07.20

Colors Cineplex — यू मी और हम, सुबह : 11.01; चलते चलते, रात : 09.17

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

# जुबानी जंग ज्यादा, जमीन पर तो जनता के जज्बात

राजपुरुष

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए तीन चरणों के मतदान में आधी से अधिक सीटों का फैसला ईवीएम में कैद होने के साथ इतना साफ हो चुका है कि जनता के मुद्दे जमीनी हैं, जबकि दोनों प्रमुख गठबंधनों का प्रचार अभियान हवा में तलवारबाजी जैसा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि साल 2014 और 2019 की ही तरह इस बार भी चुनाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। एक तरफ उनके एनडीए गठबंधन का 400 पार का नारा है, तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन का यह डर कि भाजपा 400 से अधिक सीट इसलिए चाहती है, ताकि वह संविधान बदल सके। आरक्षण खत्म कर सके। जवाब में भाजपा की दलील है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। संविधान और आरक्षण को लेकर छिड़ी इस जुबानी जंग के पीछे छिपा एजेंडा वोटों का ध्रुवीकरण भले हो, लेकिन आम मतदाता इससे ज्यादा प्रभावित है, ऐसा जमीन पर नहीं दिखता। उसके अपने सवाल और मुद्दे हैं, जिनका उत्तर वह वोट की चोट से खोजने की कोशिश कर रहा है।

पहले और दूसरे चरण की ही तरह तीसरे चरण के चुनाव में भी मतदान केंद्रों से बाहर निकले लोगों से बातचीत करने पर पता चलता है कि वोट देने में सबसे ज्यादा लोगों ने पहले अपना फायदा देखा या सजातीय उम्मीदवार को तरजीह दी। निम्न आय वर्ग के मतदाताओं के दिमाग में ईवीएम का बटन दबाते समय अगर मुफ्त राशन, शौचालय, पक्का घर, गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधि जैसी बातें सबसे ऊपर थीं, तो अपनी जाति के उम्मीदवार का समर्थन भी कम नहीं था। पढ़ी लिखी महिलाएं महंगाई और बेरोजगारी के सवाल उठाने के बाद भी महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बेहतर होने की बातें करती नजर आईं। कुछ ऐसी ही स्थिति उन लोगों की भी रही, जो अपने जनप्रतिनिधि से नाराजगी के बावजूद उसके ही दल को वोट देने की मजबूरी बयां करते दिखे। इसी तरह बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अगर विकास, देश की सुरक्षा और राम मंदिर जैसे मुद्दे पर वोट करने की बात कही, तो काफी लोग बेरोजगारी का मसला हल नहीं होने से निराश भी नजर आए। इन परिस्थितियों में बड़ा सवाल यह है कि आखिर संविधान, आरक्षण, जातीय जनगणना, आर्थिक सर्वे, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग, मुस्लिम तुष्टीकरण जैसे मुद्दों का क्या हुआ, तो ऐसा भी नहीं है कि लोगों को इनके बारे पता नहीं है, या वह इन बातों से प्रभावित नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जिस तरह चुनावी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक आधा दर्जन विषयों को विमर्श में लेकर मुद्दा गढ़ने और अपना एजेंडा सेट करके आगे बढ़ाने का प्रयास दोनों गठबंधनों की तरफ से किया गया है, उससे अपने वोट के निर्णय को लेकर ऐसे लोग थोड़ा बहुत भ्रमित या सशंकित जरूर हैं। हालांकि इनमें से काफी लोग इन चीजों को चुनाव में जन अवधारणा की लड़ाई बताते हैं, तो कुछ लोग हालात गंभीर होने का इशारा करते हैं। वास्तव में यही वह वोटर हैं, जिन्हें विश्लेषक परिणाम में स्विंग के रूप में नापते हैं। अब इनकी संख्या किस सीट पर कितनी है और परिणाम पर क्या असर पड़ेगा, इसका पता तो चार जून को फैसला आने पर ही चलेगा।

### वोटर किधर



- भाजपा ने हर चरण के चुनाव से पहले नए मुद्दे उछाल कर विपक्ष को घेरा और पूछे सवाल
- जन अवधारणा के लिए के लिए दोनों प्रमुख गठबंधन लगे हुए हैं अपना एजेंडा सेट करने में
- जनता ने सबसे पहले अपना और देश का फायदा देखा, फिर प्रत्याशी का जातीय समीकरण
- विकास और सुरक्षा को तरजीह, संविधान और आरक्षण को लेकर भी कशमकश



### भाजपा हर विषय उठा रही, विपक्ष एक मुद्दे पर ही अड़ा

- मुस्लिम आरक्षण के साथ ही भाजपा चुनाव प्रचार में लगातार कई और विषयों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस संविधान बचाने के मुद्दे पर अड़ी है। उसके नेता लोगों को समझाने में लगे हैं कि भाजपा नए-नए मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, पर भटकना नहीं है। उधर, भाजपा का प्रचारतंत्र और बूथ मशीनरी लाभार्थी वोट बैंक पर निगाह जमाए हुए मोदी की गारंटी, राम मंदिर, देश का सम्मान और विकसित भारत के लिए मतदान की कवायद में जुटा है।

### बड़े सवाल हल करने के लिए चाहिए बड़ा बहुमत

- आगरा में एक मतदान केंद्र के बाहर राम मिलन शर्मा ने बड़ा मजेदार तर्क दिया। वह बोले जैसे किसी वजनदार सामान को उठाने के लिए ज्यादा लोगों की जरूरत पड़ती है, उसी तरह बड़े सवालों को हल करने के लिए बड़ा बहुमत चाहिए। मोदी जी का 400 पार का नारा इसीलिए है। इस तर्क का जवाब फिरोजाबाद में हरेंद्र सिंह देते नजर आए वह बोले, बाबा साहेब के बनाए संविधान को खत्म करने के लिए 400 पार की संख्या चाहिए। भाजपा के इरादे नेक नहीं हैं। सरकारी नौकरियां वैसे ही कम कर दी हैं, अब आरक्षण भी खत्म करने की साजिश हो रही है।


# पहले सीधा लग रहा मुकाबला अब हुआ टेढ़ा

## बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटकर बसपा के मौजूदा सांसद को उतारने से बदले समीकरण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** जौनपुर लोकसभा सीट इस बार लगातार चर्चा में है। यहां 25 मई को वोट डाले जाने हैं। भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह महाराष्ट्र में राजनीति करते रहे हैं और वहां सरकार में मंत्री रह चुके हैं। ठाकुर समाज के नेता हैं। जौनपुर सीट भी ठाकुर बाहुल्य गिनी जाती है। बसपा ने यहां पूर्व सांसद बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दिया था। वह जमकर प्रचार भी कर रही थीं, लेकिन नामांकन से पहले बसपा सुप्रीमो ने उनका टिकट काटकर अपने मौजूदा सांसद श्यामलाल यादव को मैदान में उतार दिया है। माना जा रहा है बसपा के इस खेल का सीधा फायदा भाजपा के कृपा शंकर को मिल सकता है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से इस सीट पर बाबू सिंह कुशवाहा सपा के उम्मीदवार हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह 2012 के एनआरएचएम घोटाले के आरोपी हैं।

जौनपुर में बसपा से बगावत कर पहले कांग्रेस फिर सपा से टिकट के लिए रात दिन एक करने वाले श्याम सिंह यादव के फिर से हाथी का महावत बनने से सपा का गणित उलझ गया है। पार्टी को यादव मतों में बिखराव का डर सता रहा है। हालांकि सपा की कोशिश है कि टिकट कटने के कारण बसपा से नाराज पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके समर्थकों को साध लिया जाए।




- 50% — मत मिले थे बसपा के श्याम सिंह यादव को लोस चुनाव 2019 में
- 42.30% — मत मिले थे भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह को लोस चुनाव 2019 में
- 4.25% — मत मिले थे कांग्रेस के देव व्रत मिश्र को लोस चुनाव 2019 में

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | मत मिले |
|---|---|---|
| बसपा | श्याम सिंह यादव | 5,00,543 |
| भाजपा | कृष्ण प्रताप सिंह | 4,40,192 |
| कांग्रेस | देव व्रत मिश्र | 27,185 |

- श्याम सिंह यादव के मैदान में आने से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री बाबू सिंह यादव के सामने बढ़ गई मुश्किलें

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट मिले | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कृष्ण प्रताप ( केपी ) | 3,67,149 | 36 .45 |
| बसपा | सुभाष पांडे | 2,20,839 | 21 .93 |
| सपा | पारसनाथ यादव | 1,80,003 | 17 .87 |
| निर्दलीय | धनंजय सिंह | 64,137 | 6 .37 |
| आप | डॉ . केपी यादव | 43,471 | 4 .32 |
| कांग्रेस | रवि किशन | 42,759 | 4 .25 |

| जातीय गणित अनुमानित | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2.50 लाख ब्राह्मण | 02 लाख क्षत्रिय | 2.30 मुस्लिम | 2.35 यादव | 2.40 दलित |


### ये प्रत्याशी मैदान में


कृपा शंकर सिंह।


श्यामलाल यादव।


बाबू सिंह कुशवाहा।

### धनंजय सिंह के अगले कदम पर टिकी है सभी की निगाह


धनंजय सिंह।

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह के दिन इस समय अच्छे नहीं चल रहे हैं। अपहरण, जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के चार साल पुराने के एक मामले में पहले उन्हें सजा सुनाई गई, फिर बसपा ने उनकी पत्नी श्रीकला का टिकट काट दिया। क्षत्रिय मतदाता नाराज न हों इसलिए बसपा प्रचारित कर रही है कि श्रीकला रेड्डी ने टिकट वापस कर दिया है। इसके जवाब में धनंजय सिंह ने साफ कहा है कि टिकट काटा गया है। इससे उनकी पत्नी आहत महसूस कर रही हैं। मुझे अपमानित करने की साजिश की गई है। हम लोग जिसे चाहेंगे, उसे सांसद बनाकर भेजेंगे। पुराने सहयोगियों के साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। जानकार कह रहे हैं कि धनंजय किसी उम्मीदवार को अपना समर्थन दे सकते हैं। ऐसे में हर किसी की निगाह धनंजय सिंह पर टिकी हुई है। इस चुनाव में वे सपा का समर्थन करते हैं या भाजपा का। फिलहाल बसपा प्रत्याशी श्यामलाल यादव अब यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा के बाबू सिंह कुशवाहा को बाहरी प्रत्याशी बताकर अपना माहौल बनाने में जुट गए हैं।

### राष्ट्रीय मुद्दों से ज्यादा जातीय समीकरण यहां तय करते हैं हार और जीत

- मूली-मक्का और इमरती मिठाई के लिए जौनपुर पूरे देश में पहचाना जाता है। जौनपुर संसदीय सीट का राजनीतिक मिजाज और लोकसभा क्षेत्रों से अलग दिखता है। यहां जातीय मुद्दा राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर हावी रहता है। यही वजह है कि इस सीट पर टिकट देते समय राजनीतिक दल हर समीकरण को समझते हैं। बसपा ने 2019 में जब सपा से गठबंधन किया तो श्याम सिंह यादव को उम्मीदवार बनाया। श्याम सिंह यादव ने दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे इस सीट को जीत लिया। बाद में उनकी नजदीकी कांग्रेस और सपा नेताओं से ज्यादा हो गई। श्याम सिंह को उम्मीद थी कि सपा उन्हें इस चुनाव में टिकट देगी पर ऐसा नहीं हुआ। बाबू सिंह कुशवाहा को साइकिल की सवारी मिली तो उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया। बसपा से उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद बिलकुल नहीं थी। बसपा ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया था लेकिन उनका टिकट अचानक कटने और फिर से श्याम सिंह यादव को मिल जाने से जहां भाजपाई राहत की सांस ले रहे हैं, वहीं सपा में बेचैनी देखी जा रही है।

### स्वामी चिन्मयानंद बने थे गृह राज्य मंत्री

- इस सीट पर अब तक 18 बार चुनाव हुआ है, लेकिन एक सांसद को ही केंद्र में मंत्री बनने का मौका मिला वो हैं स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती। 1999 में भाजपा के टिकट पर जीते स्वामी चिन्मयानंद को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बनाया गया था।

### इस सीट पर छह बार जीती कांग्रेस

- कांग्रेस को इस सीट पर छह बार जीत मिली है। पार्टी इस सीट पर 1952,57, 63,67 और 1971 व 1984 में जीती। 1962 में भारतीय जनसंघ यहां जीती थी तो 1977 और 1980 में जनता पार्टी को यहां जीत मिली। राम लहर के दौरान 1989 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। इसके बाद पार्टी यहां 1996, 99 और 2014 में जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। 1998 और 2004 में सपा के पारसनाथ यादव जीते तो 2009 में बसपा से धनंजय सिंह और 2019 में श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी।

# मिश्रिख सीटः त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे रावत

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** तीन जिलों कानपुर, हरदोई और सीतापुर में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। यह सीट 2014 से भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। लेकिन इस बार यहां मुकाबला जीजा और सलहज के आमने-सामने होने के कारण काफी दिलचस्प है। भाजपा ने जहां अपने मौजूदा सांसद डॉ. अशोक कुमार रावत पर भरोसा जताया है, वहीं इंडिया गठबंधन से इस सीट पर सपा की संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं। संगीता रिश्ते में भाजपा प्रत्याशी की सलहज लगती हैं। बसपा ने राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी और बामसेफ से जुड़े रहे डॉ. बीआर अहिरवार पर दांव लगाया है। भाजपा सांसद डॉ. अशोक रावत इस सीट पर 2004 और 2009 में भी चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन तब वह बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

मिश्रिख में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या करीब 33 फीसदी है। इनमें पासी जाती के मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसी समीकरण को ध्यान में रखते हुए भाजपा और सपा ने इसी जाति के उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। 2019 का लोकसभा चुनाव सपा-बसपा ने मिलकर लड़ा था। तब गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में थी। बसपा उम्मीदवार डॉ. नीलू सत्यार्थी ने 4,33,757 वोट पाए थे। चुनाव जीते भाजपा के डॉ. अशोक कुमार रावत को 5,34,429 वोट मिले थे। कांग्रेस की मंजरी राही ने 26,505 वोट हासिल किए थे। 2014 के चुनाव में डॉ. अशोक रावत बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन भाजपा प्रत्याशी अंजूबाला से हार गए थे। अंजू बाला को 4,12,468 वोट, जबकि रावत को 3,25,212 वोट मिले थे। सपा के जयप्रकाश ने 1,94,759 वोट पाए थे।

### सभी विधान सभा सीटों पर खिला था कमल

- मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में सीतापुर की मिश्रिख, कानपुर की बिल्हौर, हरदोई जिले का बालामऊ, संडीला और मल्लावां विधानसभा सीट आती हैं। साल 2022 के विधान सभा चुनाव में इन सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

### सपा ने चार बार बदला प्रत्याशी, पहले ससुर फिर साला अब मैदान में सलहज

ऐसा लगता है कि सपा ने मिश्रिख सीट पर रावत को चुनौती देने के लिए उनके ही किसी रिश्तेदार को उतारने का मन बना रखा था। यही वजह रही कि पार्टी ने पहले पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया। वह रिश्ते में डॉ. अशोक रावत के ससुर लगते हैं। इसके चलते राजवंशी ने दामाद के खिलाफ चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके बाद सपा ने रामपाल राजवंशी के बेटे मनोज राजवंशी पर दांव लगाया। वह अपने जीजा के खिलाफ चुनाव लड़ने की रणनीति बना ही रहे थे कि सपा ने पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा कर दी। इसके अगले ही दिन सपा ने एक बार फिर यहां से अपना उम्मीदवार बदलते हुए भार्गव की जगह रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को मैदान में उतारने की घोषणा कर दी। संगीता भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक रावत की सलहज यानी साले की पत्नी हैं।



**यूपी में बाबा** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पतारा में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में उनके कट आउट के साथ नाचती महिलाएं।

# बिहार में आधा दर्जन नेताओं के पुत्र-पुत्रियां चुनावी मैदान में

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लालू प्रसाद यादव की परिवारवादी राजनीति पर पीएम मोदी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमला बोल रहे हैं। इसके बावजूद आरजेडी से लालू की दो बेटियां मीसा भारती और रोहिणी आचार्य चुनाव लड़ रही हैं। मीसा भारती पाटलिपुत्र से मैदान में हैं, तो रोहिणी आचार्य लालू की पारंपरिक सारण सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को टक्कर दे रही हैं।

इसी तरह महेश्वर हजारी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री हैं। समस्तीपुर से कांग्रेस ने उनके बेटे सनी हजारी को समस्तीपुर से चुनाव मैदान में उतारा है। अब पिता एनडीए में और बेटा 'इंडिया' में। समस्तीपुर का चुनाव इस बार इसलिए दिलचस्प हो गया है, क्योंकि यहां से जेडीयू नेता और नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के सदस्य अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को एलजेपीआर ने अपना उम्मीदवार बनाया है। अब समस्तीपुर में जेडीयू के दो मंत्रियों की संतान आमने-सामने है। शांभवी प बिहार में सबसे कम उम्र 25 वर्ष की उम्मीदवार हैं। दोनों मंत्रियों की संतान मैदान में होने से सबसे बड़ा धर्म संकट जेडीयू समर्थकों के सामने है कि किसे जिताएं।

कांग्रेस ने पटना साहिब सीट पर लोकसभा की स्पीकर रह चुकीं मीरा कुमार के बेटे अंशुल कुमार को उतारा है। भाजपा से यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश को कांग्रेस ने महाराजगंज सीट से उतारा है। महाराजगंज से आरजेडी के टिकट पर प्रभुनाथ सिंह चुनाव लड़ते और जीतते रहे हैं। यह सीट इस बार कांग्रेस के कोटे में है। भाजपा ने यहां तीसरी बार जनार्दन सिग्रीवाल को मौका दिया है।



**... लो मैं आ गई** रायबरेली से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो करके मोदी सरकार की नाकामियों पर जमकर हमला बोला।

## इलेक्शन बायस्कोप




चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान में इन दिनों युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा है। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ के शिया पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। -अमृत विचार

## राहुल-अखिलेश 12 मई को राजधानी में कर सकते हैं चुनावी सभा

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव इंडी गठबंधन के तहत 12 मई को राजधानी लखनऊ में चुनावी सभा कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक तौर पर चुनावी सभा की जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्रों के अनुसार राजधानी में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार दुबग्गा क्षेत्र में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि 10 मई को कन्नौज व कानपुर में चुनावी सभाओं के बाद राजधानी में चुनावी सभा कराने का कार्यक्रम है। इसी दिन बाराबंकी में भी चुनावी सभा कराने की तैयारी चल रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार तीन चरणों के मतदान के बाद इंडी गठबंधन बाकी चरणों के चुनाव में गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए बूथ स्तर पर पकड़ बनाने में जुट गया है। गठबंधन में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर चुनावी रणनीति पर कार्य करने को कहा गया है।

# अखिलेश का आकाश के बहाने बसपा पर वार, मायावती ने किया पलटवार

### ▶ सपा और बसपा प्रमुख ने एक-दूसरे पर एक्स पर पोस्ट कर दी तीखी प्रतिक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को सत्तासीन भाजपा ही नहीं विपक्ष में इंडी गठबंधन से अलग खड़ी बसपा से भी राजनीतिक मोर्चे पर निपटना पड़ रहा है। दरअसल, मायावती ने कई लोकसभा सीटों पर ऐन वक्त पर प्रत्याशी बदले जिससे सपा को अपनी चुनावी गणित गड़बड़ाती दिखी। वहीं, राजनीतिक समीक्षकों की नजर में इसमें भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला कदम दिखा। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां पहले बसपा के प्रति अचानक प्रत्याशी बदले जाने को लेकर नाराजगी प्रकट की थी वहीं, अब आकाश आनंद के बहाने मतदाताओं से यह अपील कर दी कि बसपा उम्मीदवारों को वोट देकर अपना मत खराब न करें। ऐसे में मायावती की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया आनी स्वाभाविक थी।

### विफलता के कारण बसपा संगठन में फेरबदल: अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आकाश आनंद प्रकरण को बसपा का आंतरिक मामला तो कहा लेकिन इसके पीछे का कारण भी बताया है। बुधवार को अखिलेश ने दावा किया कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है। अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है।

### सपा कोई टिप्पणी न करें तो बेहतर: मायावती



बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव के बयानों का संज्ञान लेते हुए पलटवार किया है। बुधवार को अखिलेश के बाद मायावती ने भी एक्स पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि, बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है इसकी केवल चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। मायावती ने कहा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस सम्बंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं जिसे माफ करना मुश्किल।

### यूं ही नहीं आकाश को हटाया

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से जौनपुर सीट पर जीतने वाले प्रत्याशी को एकाएक बदलने की कड़वाहट अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को आकाश आनंद को पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त कर देने की खबर से सभी हैरत में पड़ गये। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि सीतापुर में आकाश आनंद की वजह से पार्टी के अन्य नेता भी एफआईआर की चपेट में आ गए हैं। इससे लोकसभा चुनाव में प्रचार की सक्रियता प्रभावित हुई। इसको लेकर बसपा प्रमुख काफी नाराज थी। इतना ही नहीं, मायावती द्वारा रोक देने के बावजूद आकाश आनंद दिल्ली में रहकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इस दौरान आकाश ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्रों के अलावा विदेश में बसे बहुजन समाज के लोगों के साथ संपर्क करते हुए न केवल बसपा का प्रचार किया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जो कि पार्टी प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना के साथ ही सिद्धांत विपरीत भी है।

## अपनी ढपली अपना राग



रामद्रोही कहते हैं कि मंदिर बेकार बन गया। ये जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। इनके लिए किया गया बुलडोजर का आविष्कार। -योगी आदित्यनाथ



सपा और कांग्रेस गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हैं। अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। - धर्मपाल सिंह



हम हर उस चीज के लिए लड़ रहे हैं जिनके लिए हमारे पूर्वज लड़े। देश की परिस्थितियों को गहराई से समझना होगा और मजबूती से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। -प्रियंका गांधी



भाजपा जानबूझकर गर्मी में वोटिंग करा रही है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, क्योंकि यह आपका जीवन बदल सकता है। -डिंपल यादव

## चुनावी चक्कर

● **राजनीति की इच्छा जुनून की हद तक:**

राजनीति करने की इच्छा भी किसी-किसी शख्स में जुनून की हद तक चली जाती है। मामला जौनपुर जिले का है। यहां एक शख्स ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इसके बाद वह प्रचार में भी जुट गया। बाद में जब नामांकन पत्रों की जांच हुई तो कुछ कमी पाए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ने उसका पर्चा खारिज कर दिया। पर्चा खारिज हुआ नहीं कि वह शख्स सरेराह फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि उसका शौक था लोकसभा चुनाव लड़ने का। भले ही मुझे एक ही वोट मिलता, इसका गम नहीं होता, लेकिन चुनाव ही न लड़ पाया इससे ज्यादा दुखी हूं। इस निर्दल प्रत्याशी का नाम है अमित कुमार सिंह। दरअसल, अमित का दर्द यूं ही नहीं फूटा। उसने लड़ने के लिए उसने अपना मकान, सोने- चांदी सब कुछ बेच दिया था। पर्चा खारिज होने के बाद उसने अपने सहयोगी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह मांगा पैसा दिया। अब मेरा पर्चा खारिज हो गया। तो वह भाग गए। कहते हैं कि मेरी कोई गलती नहीं है। बहरहाल, यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# रायबरेली का सलोन होगा अमेठी के रण का प्रमुख निर्णायक

### ▶ पिछले दो लोकसभा चुनावों में सलोन में बढ़त लेने वाले दल का प्रत्याशी बना सांसद

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधानसभा क्षेत्र रायबरेली का वह हिस्सा है जो लोकसभा चुनाव में अमेठी लोकसभा सीट की तस्वीर को साफ करता है। इसी सीट पर जो बढ़त लेता है वह अमेठी का सांसद बनता है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसी विधानसभा में बड़ी लीड लेने के कारण 2014 में राहुल गांधी और 2019 में स्मृति इरानी सांसद बनी। एक बार फिर से यह विधानसभा कांग्रेस और भाजपा के लिए गेम चेंजर सरीखी होगी।


रायबरेली की सलोन विधानसभा सीट (आरक्षित) है तथा लोकसभा चुनाव में यह सीट अमेठी का हिस्सा है। असल में इसके अतीत की भी कहानी है। 1952 के लोकसभा चुनाव में सलोन एक प्रोविंशियल लोकसभा थी। इसके पहले सांसद ब्रजलाल कुरील थे। इसके साथ ही रोखा विधानसभा भी थी। बाद में 1967 में अमेठी लोकसभा सीट बनीं और सलोन को रायबरेली की विधानसभा बना दिया गया तथा रोखा विधानसभा को खत्म कर दिया गया। असल में आजादी के पहले से सलोन का हिस्सा अमेठी से सटा रहा था तो राजनीतिक लिहाज से सलोन में अमेठी की राजनीति हावी रहती थी। जब अमेठी लोकसभा सीट बनी तो आरक्षित विधानसभा सीट और अमेठी से लगा होने के चलते सलोन को लोकसभा के चुनाव में उसका हिस्सा बना दिया गया। करीब 2.10 लाख मतदाता वाली सलोन विधानसभा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के तैयार है।



लोकसभा चुनाव में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहती है। सपा ने 2009 से अमेठी सीट पर वॉक ओवर दे रखा है। इस कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच ही घमासान होता है। सलोन विधानसभा में एससी वोटर सबसे अधिक है। इसी कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच इस वोटबैंक को पाने के लिए जोर आजमाइश होती रहती है। जो सलोन में लीड करता है वह अमेठी लोकसभा जीतता है। यह कहानी 2014 के लोकसभा चुनावों से चल पड़ी है। इससे पहले के चुनावों में सलोन सीट की मार्जिन जीत के अंतर को कम अधिक करती थी लेकिन पिछले दो चुनावों से सलोन सीट पर एकतरफा वोट से अमेठी सीट जीती जा रही है। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से राहुल गांधी को सलोन विधानसभा में 88,111 मत (71.8 फीसदी) मत मिले। वहीं भाजपा से चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन इरानी को 55,014 (27.09 फीसद) मत मिले थे। 33,097 मतों से राहुल गांधी ने सलोन से बड़ी लीड ली थी और इस तरह वह चुनाव जीते थे। इसके बाद 2019 का रोमांचक लोकसभा चुनाव हुआ जिसमें स्मृति जूबिन इरानी ने सारे समीकरण ध्वस्त करते हुए सलोन विधानसभा से 90,195 मत हासिल लिए जो रिकार्ड रहे। इसके पहले किसी भी प्रत्याशी को सलोन से इतने मत नहीं मिले थे।

स्मृति ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 35181 मत अधिक हासिल किए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को 88285 मत मिले तथा 2019 के चुनाव की तुलना में 174 मत अधिक मिले थे लेकिन स्मृति इरानी ने सलोन से इनती बड़ी लीड थी कि वह अमेठी लोकसभा चुनाव जीत गई। साथ ही गांधी परिवार को 1977 के बाद हार का सामना करना पड़ा।

### पिछले दो विधानसभा चुनाव में दलों को मिले मत




### बसपा प्रत्याशी के उतरने से मुकाबला होगा रोमांचक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के कारण बसपा ने प्रत्याशी ने नहीं उतारा था और यही कारण रहा कि उस चुनाव में बसपा का कैडर वोट भी खिसक कर भाजपा के खेमे में चला गया था। यही कारण रहा था कि भाजपा को रिकार्ड मत मिले थे। इस बार स्थिति बदली हुई है। कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं तो वही बसपा प्रत्याशी उतारेगी यह तय है लेकिन किसे उतारेगी इस पर कार्ड बंद है। बसपा के मैदान में आने से सलोन विधानसभा का चुनावी मैदान जोरदार होने की उम्मीद है। बसपा का अपना काडर वोट है तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने भले ही 9495 मत पाए हों लेकिन उसने भाजपा का खेल खराब किया था। जबकि 2019 में भाजपा को बसपा के प्रत्याशी न उतरने से चुनावी रणक्षेत्र को जीतने में दिक्कत नहीं हुई। भाजपा का ग्राफ 27 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी के ऊपर पहुंच गया।

### विधानसभा चुनाव में सपा ने दी थी भाजपा को टक्कर

सलोन में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को सपा ने जोरदार टक्कर दी थी। भाजपा इस सीट को 2111 मतों से जीत सकी थी। लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को वॉक ओवर दिया है तो सपा का पिछड़ा और बेस वोटर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे परिदृश्य में 2019 की तुलना में इस बार भाजपा को सधी हुई रणनीति के साथ मैदान में उतराना होगा। भाजपा का थिंक टैंक भी इस पर नई रणनीति बनाने पर काम कर रहा है।

# भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई में संघर्ष करती दिख रही बसपा

### ▶ जातीय समीकरण के आधार पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी को उतारा मैदान में

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कहा जाता है कि यदि कोई घर का व्यक्ति कोई गलत कार्य करता है तो आने वाली पीढ़ी उसका फल भोगती है। यदि अच्छे आचरण, अच्छे काम होते हैं तो उसकी सात पीढ़ियों तक उसका फल मिलता है। लेकिन अभी अधिक समय नहीं हुआ है। वर्ष 2009 की बात है जब एक दबाओ तीन गिराओ का नारा उठा तो जिले के तीन क्षत्रप धराशायी हो गए। और कांग्रेस के टिकट पर बाराबंकी से चलकर आए बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जीतकर केंद्र में इस्पात मंत्री बन गए। बाबू बेनी प्रसाद वर्मा का बड़ा कद देखते हुए गोंडा के मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और इस आशा से कि बाबू जी मंत्री बनेंगे और गोंडा में विकास की गंगा बहेगी। बाबू जी ने यहां तीन स्टील फैक्ट्रियों का उद्घाटन कर दिया। लेकिन जमीन पर न तो फैक्ट्री बनी और न ही विकास की गंगा बही। 2014 का चुनाव आया तो न कोई स्टील फैक्ट्री लगी न कहीं उसकी जमीन दिखी। नतीजा 2014 में बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया और वह जीतने को कौन कहे चौथे स्थान पर खिसक गए।

अब दस साल बाद बाबू बेनी प्रसाद वर्मा तो नहीं रहे लेकिन उनकी विरासत लेकर गोंडा संसदीय सीट पर उनकी पौत्री श्रेया वर्मा आ गई। बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से चुनाव लड़े थे और श्रेया इंडी गठबंधन में सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जिस जातीय समीकरण पर बाबू बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में उतरे थे उसी जातीय समीकरण को आधार बनाकर सपा ने श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। धर्मजाति के नाम पर राजनीतिक दलों ने सबका बंटवारा जरूर कर दिया है लेकिन जब श्रेया वर्मा मैदान में जाती हैं तो उनके पास उपलब्धियां गिनाने को कुछ नहीं है। पार्टी के कैडर वोट, मुस्लिम वोट तथा कुर्मी विरादरी की बदौलत वह मैदान में हैं। गोंडा लोकसभा सीट पर पूरा दारोमदार कुर्मी बिरादरी पर टिक गया है। चित पट की लड़ाई चल रही है। भाजपा अपने दो सजातीय विधायकों के भरोसे समीकरण साध रही है तो बिरादरी का प्रत्याशी होने के नाते सपा सीधे मुकाबले की रणनीति में लगी है। कुर्मी वर्ग के राम तीरथ वर्मा कहते हैं कि सपा उम्मीदवार के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। 2009 से 2014 के बीच जो झूठे वादे बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने किए थे वह सब आसामानी थे। यहां के लोगों को अब ठगना आसान नहीं है। लोग पूछते हैं कि बाबू जी ने गोंडा वासियों को पांच साल में क्या दिया। इसीलिए 2014 में मुहं की खानी पड़ी।

विक्रम वर्मा कहते हैं कि कुर्मी विरादरी को अधिक समय तक नहीं बरगलाया जा सकता है। विरादरी के नाम पर कुर्मी कब तक बेवकूफ बनते रहेंगे। वहीं सपा उम्मीदवार के साथ लगे लोगों का कहना है कि भाजपा का झूठ भी किसी से छिपा नहीं है। इसलिए जनता मन बना चुकी है कि यदि विकास करना है तो सपा को ही आगे बढ़ाना होगा। सपा जाति धर्म की राजनीति नहीं करती है। वहीं भाजपा के समर्थकों का मानना है कि पिछला चुनाव दो लाख से अधिक मतों से विजय मिलेगी उससे कम इस बार भी मत नहीं मिलेगा।

### ▶ भाजपा के समर्थकों का कहना है कि पिछली बार की तरह होगी जीत



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा



सौरभ मिश्रा

### प्रत्याशियों के सामने चुनौतियां कम नहीं


सपा और भाजपा दोनों के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। विकास की बात हमेशा होती है परंतु चुनाव आते ही सारे दांव पेंच जाति धर्म पर आ टिकती है। सारे चेहरे भूल जाते हैं और याद रह जाता है अपना धर्म और जाति। ऐसा पिछले चुनावों में भी दिखा। लेकिन बीते दो चुनावों में भाजपा का बेड़ापार मोदी के नाम पर हुआ था। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिहं को इस बार भी मोदी नाम का सहारा है लेकिन चुनौती कठिन है। इसी तरह सपा को जिस बड़े चेहरे बाबू बेनी के नाम पर उनकी पोत्री श्रेया को मैदान में उतारा गया है उसका असर उतना नहीं दिख रहा है। राजनीति के जानकार प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि सपा जिसे अपना कैडर वोट मानती है वह तो मिलेगा लेकिन जितनी अपेक्षा है उतना नहीं। वहीं भाजपा को भी मेहनत करनी होगी। सीधी लड़ाई होने के नाते चुनौती अवश्य है। बसपा सौरभ मिश्रा को यहां से उतार कर अपना पैठ बना रही है। यदि उसका संदेश कैडर तक पहुंचेगा तो आगे आने वाले विधानसभा में असर दिखेगा। फिलहाल अभी बसपा संघर्ष करती दिख रही है।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 5,08,190 |
| सपा | विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 3,41,830 |
| कांग्रेस | कृष्णा पटेल | 25,686 |
| पीएसपी | कुतुबुद्दीन खान | 6,212 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डम्पी | 1,16,178 |
| कांग्रेस | बेनी प्रसाद वर्मा | 1,02,254 |




### मोदी नाम का सहारा

बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने में भाजपा उम्मीदवार भी लगे हैं। देश दुनिया में हो रहे भारत के नाम की चर्चा कर स्थानीय मुद्दों को दर किनार किया जा रहा है। गोंडा से छिने विश्वविद्यालय, सीवर लाइन का न बनना, आईटी बेस इंजीनियरिंग कालेज का छिनना, तीन रेलवे क्रासिंगों पर ओवरब्रिज न बनना आदि मुद्दे गौड़ हो गए हैं। भाजपा उम्मीदवार के सामने भी मोदी नाम केवलम का मंत्र है जिससे बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने की कसरत चल रही है। 40 साल से जिस राजघराने में राजनीति की कुर्सी पर पिता और पुत्र काबिज हो रहे हैं उन्हें भी जाति, धर्म के नाम पर जंग लड़ना पड़ रहा है। इतना ही नहीं चार टर्म पिता तो चार टर्म बेटा भी कुर्सी संभाल चुका है और लोग उनसे भी सवाल दाग रहे हैं कि 40 साल की राजनीति में गोंडा को क्या मिला। राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा भले ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है लेकिन स्थानीय मुद्दे कहीं न कहीं उछल कर आम लोगों के सामने जरूर आ रहे हैं।

### वोट पाने की जुगत हो गई थी फेल

2019 के लोकसभा चुनाव में कुर्मी वर्ग की अधिकता को देखते हुए कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें मात्र 25 हजार वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जबकि कृष्णा पटेल गोंडा की जमीन 25 साल से तैयार कर रही थीं। सोनेलाल पटेल भले ही गोंडा से चुनाव नहीं लड़े लेकिन वह गोंडा से लगातार जुड़े रहे और पूरे परिवार के साथ विरादरी से अपना नाता जोड़ने की कवायद करते रहे। यही सोचकर कृष्णा पटेल को कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को उतारा था लेकिन विरादरी ने उनका साथ तक नहीं दिया था। इस बार सपा ने विरादरी वोट की खातिर श्रेया को मैदान में उतारा है लेकिन परिस्थितियां दूसरी हैं।

### ब्राह्मणों पर सबकी नजर

वैसे इस चुनाव में हिंदू-मुस्लिम मुकाबले की दुहाई दी जा रही है लेकिन सपा मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय उम्मीदवार की दुहाई दे रही है। इन सबके मध्य सजातीय होने के नाते क्षत्रिय भाजपा के साथ दिख रहे हैं। दलित व पिछड़ों पर भी डोरे डाले जा रहे हैं लेकिन ब्राह्मणों को लेकर संशय बना है। भाजपा मानती है कि ब्राह्मण उनके साथ है तो सपा अपने साथ मानकर चल रही है। बसपा उम्मीदवार ब्राह्मण है इसलिए उसे भी आशा है कि कुछ न तो कुछ उसे भी मिलेगा। लेकिन यदि ब्राह्मण की बंधी गांठ खुल गई तो सपा को लाभ हो सकता है और यदि बंधी रह गई तो भाजपा को लाभ मिल सकता है।

# संगठनात्मक बैठकों में आज शामिल होंगे जेपी नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● नड्डा चित्रकूट व फतेहपुर में जनसभाओं को भी करेंगे सम्बोधित

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को भाजपा मुख्यालय लखनऊ में आयोजित पांचवे चरण के लोकसभा क्षेत्रों के विधानसभा सदस्यों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके बाद वह लखनऊ कलस्टर के तहत लोकसभा क्षेत्र लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज एवं रायबरेली के लोकसभा संयोजको, प्रभारियों, विधानसभा संयोजक व प्रभारियों, जिलाध्यक्ष व जिलाप्रभारियों सहित लोकसभा विस्तारों की बैठक में भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठकों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह साथ रहेंगे।

इससे पहले जेपी नड्डा दिन में चित्रकूट व फतेहपुर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार की दोपहर गोस्वामी तुलसीदास गर्वेमेंट कॉलेज बेड़ी पुलिया, चित्रकूट में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वह रामलीला मैदान, विन्दकी, फतेहपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी भी इन जनसभाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ रहेंगे।

# मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई: संजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आप सांसद संजय सिंह ने कहा, मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 10 साल बाद अडानी-अंबानी का भ्रस्टाचार नजर आया है। मोदी बोल रहें हैं कि बोरो में नोट भर भर, टेंपो से रूपया गया है। उनके इस बयान पर ईडी और सीबीआई को स्वतः संज्ञान लेकर अडानी और अंबानी के यहां पर जांच करनी चाहिये।

सांसद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि मोदी ने पूंजीपति दोस्तों को रेल, सेल, कोयला, बिजली, पानी, सड़क, एफसीआई, एलआईसी, बीपीसीएल समेत हिन्दुस्तान की सारी संस्थाओं को बेचने का काम किया है। करीबी दोस्त अडानी के नाम सबकुद नीलाम कर दिया है। उसे पोर्ट दिया, एयरपोर्ट दिया, कोयला, गैस, बिजली, बड़ी-बड़ी खद्यानें, और 2.5 लाख करोड़ का कर्ज दिया है। सदन में उन्होंने, मोदी के सामने सदैव पूंजी पतियों की लूट का मुद्दा उठाया है। मगर मोदी को कभी समझ में नहीं आया है, आज जब सत्ता से विदाई का समय आया है तो उन्हें अडानी-अंबानी का भ्रस्टाचार नजर आ रहा है।

इंदौर और उज्जैन संभाग की इन सीटों में रतलाम, धार व खरगोन अदिवासी समुदाय को आरक्षित

**2009** में इनमें चार सीटें जीतने वाली कांग्रेस पिछले दो चुनावों से हर सीट पर खा रही है मात



**मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव**

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।





## इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम-झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

## धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1.56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 53.72 % | 42.12 % | 51.84 % | 42.18% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | | मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|---|---|
| 49.85 % | 43.40% | 57.14 % | 38.52% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 63.20 % | 34.01 % | 63.07 % | 32.61% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.80 % | 34.37 % | 60.13 % | 34.0% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई हैं।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति ... बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।



मथुरा महतो।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

## मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम ) अलग-अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

## राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन , 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।



चंद्रप्रकाश चौधरी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।


## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

## सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

**बेंगलुरू, एजेंसी**



आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा-ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाई हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

## मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## सेबी ने भ्रष्ट गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कड़े किए नियम

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

**विशेष**

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**लापरवाही**

- **कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध**
- **जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री**



**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है। इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कही अंसतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।

## राष्ट्रीय


# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

### हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### डगमगा रही है प्रधानमंत्री मोदी की कुर्सी : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने 'अंबानी-अडाणी' मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है मोदी ने कहा-आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे... पांच साल से एक ही माला जपते थे। इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। ● एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर-57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह-व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी गई फिरौती

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

**आरसीसी साइबर हमला**



भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के निर्णय के विरुद्ध दायर याचिकाएं खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं और कहा कि 'नाम में क्या रखा है?' मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाओं में दम नहीं है तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट की पीठ ने कहा कि हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में कुछ भी गैरकानूनी या कानूनी खामी नहीं है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

# लिव-इन पार्टनर से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- **दोषमुक्ति में एक अनुबंध व्यक्ति का मददगार साबित हुआ**
- **मध्य प्रदेश की जिला अदालत ने सुनाया फैसला**



इंदौर की जिला अदालत ने 34 वर्षीय व्यक्ति को अपनी "लिव-इन" जोड़ीदार से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खास बात यह है कि दोषमुक्ति में एक अनुबंध इस विवाहित व्यक्ति का मददगार साबित हुआ जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वह सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर गौर करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में रेखांकित किया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा अनुबंध किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। अनुबंध में यह भी लिखा गया था कि महिला और इस व्यक्ति के बीच पिछले दो साल से प्रेम संबंध हैं। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस अनुबंध से स्पष्ट है कि "लिव-इन" संबंध (किसी जोड़े का बिना शादी के साथ रहना) में रहने के दौरान महिला और इस व्यक्ति ने आपसी सहमति से शारीरिक रिश्ते बनाए थे और यह शख्स पहले से शादीशुदा होने के कारण उसके साथ विवाह करने की स्थिति में नहीं था। अदालत ने इस व्यक्ति को आरोपों से बरी करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप एक कलंक: हाईकोर्ट

बिलासपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्में बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया।

याचिकाकर्ता ने कहा, पिछले साल दिसंबर में दंतेवाड़ा की एक अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर जिले में स्थित हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था।

बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को हाईकोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



### वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

### आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला ( सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम ( सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा ।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### जालंधर में मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने बुधवार को ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा अवैध शराब, हथियारों और हेरोइन, टेबलेट जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरफ्तार किए तस्करों में वरिंदर कुमार, जतिंदर कुमार और रोहित कुमार, सभी भारगो कैंप के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हेरोइन भी बरामद की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन का कैडर बाइक समेत गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य हेइसनम जेम्स सिंह जबरन वसूली में शामिल था और उसे मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास से गिरफ्तार कर, बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जातीय हिंसाग्रस्त मणिपुर में पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

ओटावा, एजेंसी

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा,जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश



खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।

# भारत की वैश्विक धाक पर गर्व करते हैं भारतवंशी

वाशिंगटन, एजेंसी

- प्रवासी समूह के प्रमुख बोले अमेरिका में रहने वाले भारतीय भी चाहते हैं कि पीएम मोदी ही जीतें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका में रहने वाले भारतीय पसंद करते हैं, अमेरिका की आर्थिक वृद्धि में भारतीयों का बड़ा योगदान है। भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडाराइजर अजय जैन भटूरिया ने यह कहा कि सरकार की नीतियों से देश तरक्की कर रहा है।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को लेकर भारतीय अमेरिकी अजय ने मोदी सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा है कि, अमेरिका में रहने वाले अधिकांश भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे गर्व महसूस करते हैं, जब भारत पूरे विश्व में चमकता है, यही हर भारतीय चाहता है, इसलिए अधिकांश भारतीय देश पर पीएम मोदी की वापसी चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संयुक्त राज्य अमेरिका की गहरी आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं, वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, भारत लगातार तरक्की कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। आंकड़ों की मानें तो इस साल के अंत तक यह जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। भटुरिया ने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं, वाणिज्य, छोटे व्यवसाय और बड़े व्यवसाय, रेलवे विकास, सड़क सबके बुनियादी ढांचे में बउनसच किया जा रहा है। जो कि सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस विकास को जारी रखने के लिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम को फिर से चुना जाना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में एक जिम में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला को स्थिर हालत में है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चीनी कर्मियों की मौत के आरोपों पर पाक को फटकार

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के इस बयान को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए वास्तविकता से दूर बताया। मालूम हो कि पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी और आत्मघाती हमलावर भी अफगान नागरिक था। वहीं, पाकिस्तानी सेना के इस बयान पर तालिबान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला खवाराजमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराना मामले की सच्चाई से ध्यान भटकाने का एक असफल प्रयास है और हम इसे दृढ़ता से खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना के कड़े सुरक्षा घेरे वाले खैबर पख्तूनख्वा में चीनी नागरिकों पर हमला पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की कमजोरी को दिखाता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनके देश ने चीन को आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान में हुए चीनी नागरिकों पर हमले में अफगानिस्तान का कोई हाथ नहीं है।

## हाय गर्मी...



**आगरा :** दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। ● एजेंसी

# निजी पक्षों के अनुबंध बिना कारण रद नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कलकत्ता हाईकोर्ट के खिलाफ दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी फैसला रखा सुरक्षित



सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी या पार्टी से जुड़े अनुबंध को रद करने के मामले में अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि निजी पक्षों के अनुबंध कारण बताए बिना रद नहीं किए जाने चाहिए।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि बिना कोई कारण बताए किसी अनुबंध को कैसे समाप्त किया जा सकता है? इस टिप्पणी के साथ अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, एक निजी पार्टी अनुबंध हासिल करने के बाद रिटर्न पाने की आशा के साथ निवेश करता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि निवेश के बाद रिटर्न की आशा करना भी उचित है। अनुबंध रद करने के मामले में शीर्ष अदालत की जिस तीन जजों की पीठ में सुनवाई हो रही है, इसमें चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। मामले से जुड़े तथ्यों का जिक्र करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश में अनुबंध रद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सभी पक्षकारों की दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख रही है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को पारित आदेश में एकल न्यायाधीश का फैसला बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ के फर्म को आवंटित अनुबंध को रद करने की मंजूरी दी थी। कंपनी को कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास पर दो अंडरपास के रखरखाव का ठेका मिला था। 10 साल के लिए दिए गए इस अनुबंध के हिस्से के रूप में, सुबोध सिंह की फर्म को अंडरपास के अंदर और ऊपर दोनों जगहों पर विज्ञापन लगाने की अनुमति भी मिली थी। इसके लिए उसे कुछ निर्माण करने की जरूरत थी।

## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए बृहस्पति के पर्यावरण को समझना होगा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## सिंगापुर में एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश पायलट सुरक्षित

**सिंगापुर।** सिंगापुर वायुसेना का एफ-16 लड़ाकू विमान सैन्य हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान तेंगाह वायु सेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले पायलट सफलतापूर्वक बाहर निकला और चिकित्सा सहायता दी जा रही है। किसी अन्य कर्मी को चोट नहीं आई है।

मंत्रालय ने कहा कि मामले में जांच जारी है। बता दें, सिंगापुर 30 से अधिक वर्षों से एफ-16 लड़ाकू विमानों का संचालन कर रहा है। मई 2004 में, अमेरिकी राज्य एरिजोना में एक रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान एक आरएसएएफ एफ-16सी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 25 वर्षीय सिंगापुरी पायलट की मौत हो गई थी। जांच बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना मानवीय कारण से हुई थी।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

राफा, एजेंसी

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्तें हमें स्वीकार नहीं।



न्यूयॉर्क में फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारी महिला को गिरफ्तार करती पुलिस।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हंगि। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।